सूर्योदय : 5:23
सूर्यास्त : 6:42
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 22.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-318 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 10 मई 2026
22 ज़िक़ादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

> यह दिन देश और पश्चिम बंगाल, दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी की यह इच्छा थी कि नई सरकार का गठन रवींद्र जयंती के अवसर पर हो। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गुरु रवींद्रनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जोड़ासांको में नमन करने के बाद मेरे काम की शुरुआत होगी।
>
> सुवेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री

# बंगाल में नया राजनीतिक युग शुरू

## सुवेंदु अधिकारी के साथ पांच मंत्रियों ने ली शपथ

■ मंत्रिमंडल में अनुभव, युवा और विविधता का मिश्रण



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक पल आ गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी शनिवार 9 मई यानी की आज को राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। तृणमूल कांग्रेस के 15 साल लंबे शासन का अंत हो चुका है और ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर होने वाले भव्य समारोह हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा कई अन्य केन्द्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शासन वाले अन्य विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे। ब्रिगेड परेड मैदान में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।

भाजपा ने 2026 विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने 294 सीटों वाली विधानसभा में 207 सीटें जीती हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस मात्र 80 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस को 2,एजेयूपी को 2 और सीपीआई (एम) को 1 सीट मिली। यह जीत सिर्फ संख्या में नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा में बड़े बदलाव का प्रतीक मानी जा रही है।

भाजपा की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा हो गई है, मंत्रियों की लिस्ट भी सामने आई है। पार्टी सामाजिक, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक संतुलन बनाते हुए कैबिनेट गठित की गई है। इसमें वरिष्ठ और दिग्गज चेहरे जो शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बड़ी महिला नेता अग्निमित्रा पॉल को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है. वह बंगाल में बीजेपी की उपाध्यक्ष हैं। बंगाल में बीजेपी के बड़े नेताओं में शामिल अशोक कीर्तनिया ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. वह बनगांव उत्तर से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं।

दिलीप घोष को भी कोलकाता में मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। दिलीप घोष, पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर सदर से जीते हैं। उन्होंने 7 बार के विधायक ज्ञान सिंह सोहनपाल को हराया है। उन्होंने जमीनी स्तर तक संगठन को मजबूत किया। उनकी जंगलमहल और नॉर्थ बंगाल में मजबूत पकड़ है। वह बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ राजनीतिक अनुभव पर आधारित होगा, बल्कि उत्तर बंगाल, आदिवासी क्षेत्रों, महिलाओं और युवाओं को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की कोशिश दिखी।

### बीजेपी का 'डबल-इंजन' वाले बंगाल को वादा

बीजेपी ने अपनी जीत को एक ऐसे 'डबल-इंजन' प्रशासन की शुरुआत के तौर पर पेश किया है, जिसमें राज्य और केंद्र सरकारें राजनीतिक तौर पर मिलकर काम करती हैं। अधिकारी ने तेज विकास और सुधारों का वादा करते हुए बार-बार इसका इस्तेमाल किया। पार्टी का तर्क था कि तृणमूल सरकार के राज में राज्य और केंद्र के बीच टकराव की वजह से बंगाल को नुकसान उठाना पड़ा। अब बीजेपी नेताओं का दावा है कि मोदी सरकार के साथ तालमेल बिठाने से निवेश व शासन प्रशासन के काम में तेजी आएगी।

## बंगाल की जनता का पीएम मोदी ने जताया आभार

■ शपथ ग्रहण के मंच से किया साष्टांग प्रणाम

**कोलकाता।** राजनीति में प्रतीक, शब्द और संयोग अक्सर बड़े बदलावों की पटकथा लिखते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में देखने को मिला। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता के प्रति अपना आभार और सम्मान प्रकट करते हुए मंच पर लेटकर साष्टांग प्रणाम किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मैं पश्चिम बंगाल की जनशक्ति को नमन करता हूं।' यह केवल एक सोशल मीडिया पोस्ट नहीं है, बल्कि उस ऐतिहासिक जनादेश की स्वीकृति थी जिसने बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पीएम मोदी ने संसद से शपथ ग्रहण के मंच तक हमेशा लोकतंत्र और जनता दोनों का इस तरह स्वागत किया है और अब बंगाल की जनता के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। बंगाल में नई सरकार का गठन और भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का शपथ लेना केवल एक चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि एक लंबी राजनीतिक यात्रा का परिणाम है।



### पीएम ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं।

## योगी ने सुवेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र

■ मंत्रियों को दी बधाई कहा- जनसेवा से स्थापित करें सोनार बांग्ला का गौरव



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शनिवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की नई सरकार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

सीएम योगी ने सुवेंदु अधिकारी को मंच पर भगवा अंगवस्त्र भी पहनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। शपथ ग्रहण के पश्चात पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मंच पर मौजूद प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर सबके प्रति आभार प्रकट किया।

सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुवेंदु अधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन एवं आपके ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प सिद्ध होगा और प्रदेश सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा। आपका कार्यकाल बंगाल के जन-जन की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने, मां काली से यही प्रार्थना है।

उन्होंने बंगाल में शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों को भी बधाई देते हुए लिखा, 'आज पश्चिम बंगाल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले समस्त माननीय गण को हृदयतल से बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी जन-सेवा को सर्वोपरि मानकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। मां काली की कृपा से आप सभी का कार्यकाल यशस्वी और लोक-कल्याणकारी हो। वंदे मातरम!' गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान सुवेंदु अधिकारी ने एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका बंगाल की धरा पर स्वागत किया था। इसके उपरांत उनके पैर भी छुए थे।

## आज होगा योगी मंत्रिमंडल का विस्तार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से लखनऊ स्थित 'जन भवन' में शिष्टाचार भेंट की। योगी सरकार के कैबिनेट के विस्तार को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। सरकार का दूसरा कैबिनेट विस्तार रविवार को होगा। कैबिनेट में रिक्त छह पदों पर ही नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। फिलहाल जिन लोगों के नाम की चर्चा है, उनमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के अलावा सपा के बागी विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और पूजा पाल, अलीगढ़ के खैर से विधायक सुरेंद्र दिलेर, कृष्णा पासवान के नाम तय माने जा रहे हैं। इनमें कुछ लोगों ने तीन बजे जनभवन पहुंचने की पुष्टि भी की है।

## खेलते-खेलते पानी में डूबे तीन मासूम

■ कुशीनगर में हादसा, मौत का गड्ढा बना ईंट भट्ठा
■ एक बच्ची किसी तरह बचकर निकली, परिजनों को दी सूचना

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मैनपुर के टोला दीनापट्टी स्थित एक ईंट भट्ठे पर शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। ईंट बनाने के लिए मिट्टी निकालने से बने पानी भरे गड्ढे में गिरकर तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर परिवारों में चीख-पुकार मच गई और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार दीनापट्टी गांव स्थित पंकज ईंट उद्योग भट्ठे पर छत्तीसगढ़ के कई मजदूर परिवार काम करते हैं और वहीं रहकर मजदूरी करते हैं। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे मजदूर अपने-अपने काम में व्यस्त थे, जबकि उनके छोटे-छोटे बच्चे पास में खेल रहे थे। इसी दौरान अभय (3) पुत्र पंचु निवासी फरहदा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़), अनन्या (7) पुत्री लखन निवासी अकलतारा जिला जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) तथा अनुष्का (ढाई वर्ष) पुत्री सुखन निवासी फरहदा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) एक अन्य बच्ची के साथ खेलते-खेलते भट्ठे पर मिट्टी निकालकर बने गड्ढे के पास पहुंच गए। गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था। खेलते-खेलते चारों बच्चे गड्ढे में गिर गए। बताया जाता है कि एक बच्ची किसी तरह गड्ढे से बाहर निकलने में सफल हो गई। वह रोते-चिल्लाते हुए काम कर रहे परिजनों के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों बच्चों को गड्ढे से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया ले गए। कसया में चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। (संबंधित खबर पेज 13)



### शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलते है मौके से पहुंचे अपर जिलाधिकारी वैभव कुमार मिश्रा व एडिशनल एसपी सिद्धार्थ वर्मा ने घटना स्थल जायजा लिया और परिजनों से मिलकर ढांढस बढ़ाया।

## राज्यपाल ने विजय को सरकार बनाने का दिया न्योता, शपथ ग्रहण आज

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शनिवार को टीवीके प्रमुख विजय को राज्य का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया। लोकभवन ने यह जानकारी दी। लोकभवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण रविवार को सुबह 10 बजे चेन्नई में होगा। राज्यपाल आर्लेकर ने विजय को 13 मई या उससे पहले तक विश्वास मत हासिल करने का समय दिया।

वीसीके और आईयूएमएल द्वारा टीवीके को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने की घोषणा के बाद अभिनेता-राजनेता विजय ने शनिवार को राज्यपाल आर्लेकर से मुलाकात की और उन्हें पार्टियों के उन पत्रों को सौंपा जिनमें बिना शर्त समर्थन देने का वादा किया गया था। दोनों पार्टियों के समर्थन को मिलाकर तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की सीट की संख्या अब 234 सदस्यीय विधानसभा में 120 हो गई है।

हमारी जनगणना
हमारा विकास

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0083/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## अगले हफ्ते पाकिस्तान में हो सकती है बैठक

# अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की नई तैयारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान अब खत्म होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देश अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर से मेज पर बैठ सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन इस कोशिश में है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को हमेशा के लिए शांत किया जाए। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य ऐसा रास्ता निकालना है जिससे दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति खत्म हो सके, वैश्विक स्तर पर शांति बहाली हो सके।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के जरिए एक पन्ने के 14-सूत्रीय सहमति पत्र पर काम कर रहे हैं। इस दस्तावेज का मकसद एक महीने तक चलने वाली बातचीत की प्रक्रिया के लिए एक ढांचा तैयार करना है। अगर अगले हफ्ते इस्लामाबाद में यह बैठक होती है, तो यह तनाव कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस समझौते के जरिए कोशिश की जा रही है कि एक महीने के भीतर किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जाए। यदि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ती है, तो आपसी सहमति से इस समयसीमा को और आगे भी बढ़ाया जा सकता है। पश्चिम एशिया में तनाव तब और बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए थे। हालांकि, पाकिस्तान की मध्यस्थता से 8 अप्रैल को युद्धविराम लागू हुआ, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस युद्धविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन 13 अप्रैल से अमेरिका ने ईरानी जहाजों की नाकेबंदी कर रखी है। ट्रंप का कहना है कि यह समझौता सिर्फ एक पन्ने का नहीं है, बल्कि इसमें ईरान को परमाणु हथियार न बनाने और अपना 'परमाणु कचरा' अमेरिका को सौंपने जैसी बड़ी शर्तें शामिल हैं।



### कई बड़े मुद्दों पर अभी भी फंसा है पेच

इस प्रस्तावित मसौदे में कई अहम और कड़े मुद्दे शामिल किए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख ईरान का परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव को कम करना है। रिपोर्ट बताती है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के भंडार को किसी दूसरे देश में भेजने पर भी विचार हो रहा है। हालांकि, राह इतनी आसान नहीं है। सबसे बड़ी अड़चन तेहरान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने को लेकर फंसी हुई है। ईरान चाहता है कि उसे आर्थिक पाबंदियों से राहत मिले, लेकिन अमेरिका इस पर फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। यही वजह है कि बातचीत की प्रगति में देरी हो सकती है।

### ईरान की ओर से जवाब का इंतजार : राष्ट्रपति ट्रंप

मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिए कि उन्हें ईरान की ओर से जवाब का इंतजार है। वर्जीनिया में अपने गोल्फ कोर्स जाने से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा कि शायद जल्द ईरान का जवाब मिल जाए। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान जानबूझकर देरी कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि यह पता चल जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उम्मीद जताई कि ईरान की ओर से एक 'गंभीर प्रस्ताव' आएगा। रुबियो का मानना है कि ईरान के भीतर अस्थिरता और वहां का खराब सिस्टम बातचीत में देरी का बड़ा कारण हो सकता है।

अवधनामा



# थाना फरधान में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना फरधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सिविल कोर्ट, तहसील कोर्ट, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण और विभिन्न बैंकों ने शिविर लगाकर वादों का निस्तारण किया। जिला जज शिव कुमार सिंह ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस दौरान एडीजे अभिषेक श्रीवास्तव और सचिव/एसीजेएम अम्बरीष त्रिपाठी सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने लोक अदालत का निरीक्षण किया। जिला जज शिव कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण होता है। यहां दिए गए फैसले अंतिम होते हैं और इनके विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती। दीवानी वादों में कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है।

# ई रिक्शा से लखीमपुर दवा लेने जा रही महिला का पर्स छीनकर भागे बाइक सवार उचक्के



**लखीमपुर-खीरी।** महेवागंज ई रिक्शा से लखीमपुर दवा लेने जा रही महिला का पर्स बाइक सवार उचक्के छीनकर भाग गए। पर्स छीनते समय महिला ई रिक्शा से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की देर शाम कोतवाली सदर के गांव हाजीपुरवा ओदरहना निवासी इकबाल अपनी पत्नी आयशा बेगम के साथ ई रिक्शा पर बैठ कर दवा लेने लखीमपुर जा रहा था। बताते हैं कि महेवागंज पुल के आगे बाइक सवार तीन युवक आ गए। पत्नी आयशा का पर्स छीनने लगे। जिससे वह ई रिक्शा से नीचे गिर गयी और गंभीर रूप घायल हो गयी बाइक सवार तीनों युवक पर्स लेकर भाग गए। सूचना पाकर महेवागंज पुलिस व सेठघाट पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घायल महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। तथा बाइक सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

# युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र से एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि क्षेत्र की 18 वर्षीय युवती छह मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि एक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश की जा रही है।

## अवैध चाकू रखने के आरोप में दबोचा



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने अवैध चाकू रखने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार कपिल देव के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने चेंकिंग के दौरान अभियुक्त अलीशान उर्फ नानु पुत्र इखलाख उर्फ कालु निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को गोविन्दर पार्क के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध थाना सदर बाजार पर धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## बाईक चोर गिरोह के दो सदस्य दबोचे, दो बाईक बरामद



**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने बाईक चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बाईक बरामद की है। जानकारी के अनुसार वादी प्रभात कुमार व वादी अरविन्द कुमार की अलग अलग तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बाईक चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। बताया जाता है कि थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैंकिग के दौरान अभियुक्त जयदेव उर्फ दीपक पुत्र लक्ष्मण दास व रोहित पुत्र जिला सिंह निवासीगण मौहल्ला छिम्बी कस्बा व थाना रादौर जनपद यमुनानगर हरियाणा को अध्याना रोड कब्रिस्तान के सामने से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की बाईके बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आईटीआई चौकीदार की धारदार हथियारों से निर्मम हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह क्षेत्र के गांव ईस्सोपुर स्थित चौ. काब्ज सिंह डिग्री कालेज आईटीआई संस्थान में कार्यरत एक चौकीदार की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पिता नीटू ने एक नामजद करते हुए कई अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गांव ईस्सोपुर स्थित चौ. काब्ज सिंह डिग्री कालेज आईटीआई संस्थान में कार्यरत चौकीदार आदित्य की धारदार हथियारों से बेरहमी से रात में हत्या कर उसका शव आईटीआई परिसर के समीप स्थित खेत में डाल दिया गया। सवेरे ग्रामीणों ने शव पडा देख शोर मचाया तो हत्या का पता चला। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही बडी संख्या में ग्रामीणों समेत थाना गंगोह पुलिस और सीओ अशोक सिसोदिया मौके पर पहुंच गये और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच करने में जुट गई। एसडीएम राजेन्द्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गये। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देश पर गंगोह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। जबकि ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। मृतक आदित्य अपने दो भाईयों में सबसे बडा था, जबकि उसका भाई कक्षा 12 में पढ रहा है। आदित्य की अभी शादी नही हुई थी ।

# सहानपुर पुलिस चौकी के पास मिले गोवंश के अवशेष, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी रोष

## मौके पर पहुंच सीओ अंजनी कुमार ने लिया जायज़ा, जांच के दिए आदेश

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** क्षेत्र के नगर पंचायत सहानपुर पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर शुक्रवार सुबह गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, आज दिनांक 8 मई 2026 को सुबह करीब 8ः00 बजे अमरोहा से केदारनाथ की पदयात्रा पर जा रहे श्रद्धालु अनुज जी जैसे ही सहानपुर चौकी के समीप पहुंचे, उन्हें तीव्र दुर्गंध महसूस हुई। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो सड़क किनारे गोवंश के अवशेष पड़े थे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं को दी।मौके पर पहुंचे आला अधिकारी सूचना मिलते ही नजीबाबाद प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच गए।

माहौल को तनावपूर्ण देख थाना अध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को शांत कराया और अवशेषों को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया है कि इस कृत्य में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द चिह्नित कर उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान मौजूद प्रमुख सदस्य अभिषेक त्यागी, (जिला सुरक्षा प्रमुख पियूष बजरंगी (प्रखंड संयोजक), सचिन पहलवान (बालोपासना प्रमुख), कृष्णा प्रजापति (साप्ताहिक मिलन प्रमुख), सोंटी बजरंगी (विद्यार्थी सह प्रमुख), अजय एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25.57 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो नशा तस्कर आदिल पुत्र नादिर व अल्ताफ पुत्र अब्बास निवासीगण ग्राम फतेहपुर भादो थाना फतेहपुर को देहरादून रोड कस्बा छुटमलपुर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 25.57 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली।

# महाराणा प्रताप जयंती पर क्षत्रिय रत्न से सम्मानित हुए प्रदेश अध्यक्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** शनिवार को प्रातः 10 बजे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा जरीब चौकी प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप जयन्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी मूर्ति पर दूध एवं गंगाजल द्वारा स्नान, व पूजन व माल्यार्पण कर. लड्डू व शरबत वितरित किया गया। मुख्य अतिथि मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा माल्यार्पण किया गया इस मौके पर क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लाल सिंह तोमर के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया को उनके द्वारा समाज के उत्थान तथा कार्यों को देखते हुए क्षत्रिय रत्न से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि वीरता और पराक्रम के अमर प्रतीक, देश के महान योद्धा महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि हम सभी के द्वारा दी जा रही हैं। उन्होंने मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके अदम्य साहस और अटूट स्वाभिमान की गाथाएं युगों-युगों तक आने वाली पीढ़ियों को समाज तथा देश के प्रति अपने कर्तव्य का अहसास दिलाती रहेंगी। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप की वीरता युद्ध कौशल, संगठन का संचालन आदि विषय का व्याख्यान किया गया और अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार महाराणा प्रताप के बारे प्रकट किए इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र तोमर नवरंग सिंह सेंगर अरविन्द परिहार अन्नत भदौरिया राकेश राना कुलदीप भदौरिया फौजी सनी सेंगर वी सिंह मंडल उपाध्यक्ष, पुष्पेन्द्र भदौरिया जिलाध्यक्ष, तिलक राज चौहान जिला अध्यक्ष कानपुर दक्षिण, धीरेन्द्र भदौरिया वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री, योगेन्द्र सिंह रजावत जिला उपाध्यक्ष, राम पाल सिंह चौहान जिला अध्यक्ष (अधिवक्ता प्रकोष्ठ) वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री, एस0के0सिंह मण्डल महामंत्री, महेन्द्र परिहार मण्डल उपाध्यक्ष, अजय सिंह तोमर जिला महामंत्री, प्रमोद राठौर. जिला अध्यक्ष, सैनिक प्रकोष्ठ देवेन्द्र कनवाल, आदि क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रत्येक जिले में होंगे कार्यकर्ता सम्मेलनः चौ. नीरपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं की परीक्षा की घड़ी नजदीक आ रही है। हमें मिशन 2027 में जुटना है।

हकीक़त नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक जिले में संगठन कार्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कराए। जिसके माध्यम से राष्ट्रीय लोकदल अपनी विचार धारा का प्रचार प्रसार कर सकें। उन्होंने कहा कि हम मेरठ से इसकी शुरुआत 10 मई से कराने जा रहे हैं।इसके बाद सहारनपुर में सम्मेलन होगा।

इसके बाद प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर लगाए जाएंगे जिसके माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, आरिफ, उसंदर शर्मा, राजेश आदि उपस्थित रहे।

# स्व-गणना अभियान के तृतीय दिवस की थीम युवा, खेल एवं मीडिया बंधुओं के संग की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना अभियान के तृतीय दिवस की थीम युवा, खेल एवं मीडिया के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त मीडिया बंधुओं को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों की स्व-गणना कराई गई तथा उन्हें स्व-गणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी पीपीटी प्रस्तुतीकरण एवं फ्लो चार्ट के माध्यम से प्रदान की गई। स्व-गणना फ्लो चार्ट के माध्यम से मीडिया बंधुओं को बताया गया कि नागरिक सर्वप्रथम https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर राज्य, संघ राज्य क्षेत्र का चयन करते हुए लॉग-इन करेंगे। इसके पश्चात परिवार पंजीकरण में परिवार प्रमुख का नाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी दर्ज करनी होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद भाषा चयन, स्थान संबंधी विवरण एवं मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। तत्पश्चात मकान सूचीकरण एवं आवास संबंधी प्रश्नावली भरकर पूर्वावलोकन के माध्यम से समस्त विवरण की जांच की जाएगी तथा अंतिम प्रस्तुतिकरण के उपरांत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट Self Enumeration ID (SE ID) प्रदान की जाएगी। यह 11 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या होगी, जिसे भविष्य में जनगणना प्रगणक के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

बैठक का उद्देश्य मीडिया बंधुओं में स्व-गणना के प्रति बेहतर समझ विकसित करना एवं उनके माध्यम से जनसामान्य तक इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना रहा। उपस्थित सभी मीडिया बंधुओं का अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिक से अधिक जनमानस से स्व-गणना किए जाने का अनुरोध किया गया, जिससे जनगणना का डेटा अधिक सटीक, विश्वसनीय एवं मजबूत प्राप्त हो सके। मीडिया बंधुओं के माध्यम से आमजन से अपील की गई कि वे स्व-गणना हेतु लोगों को प्रेरित करें। यह प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सुविधाजनक है। नागरिक अपने मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से अपने परिवार की गणना स्वयं कर सकते हैं। यह ध्यान रखने योग्य है कि जनगणना का यह प्रथम चरण है, जिसमें मकानों की गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मकान एवं आवासीय सुविधाओं से संबंधित सामान्य जानकारी दर्ज की जा रही है।

## अब जल्द होगा बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर का सौन्दर्यकरण



**सहारनपुर।** शहर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ एवं लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर अब रंगबिरंगी लाइटों के माध्यम से अपने सौंदर्यीकरण की छठा बिखेरगा। मंदिर के सौन्दर्यकरण का कार्य 47 लाख रूपये की लागत से नगर विधायक के प्रयास से कराया जायेगा। गौरतलब है की सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नगर के लोगो की आस्था के प्रतीक बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर में लगभग 47 लाख रुपए की लागत से नगर विधायक राजीव गुंबर के प्रयास द्वारा स्वीकृत कराया गया है। जिसका शुभारंभ आज किया गया। आज बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नगर विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान बागेश्वर बाबा की जय के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। नगर विधायक राजीव गुंबर ने बताया कि डबल इंजन की सरकार पूरे देश में विकास कार्य कर रही है और देश के धार्मिक स्थलों का भी सौंदर्यकरण और विकास कार्य किया जा रहे हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बागेश्वर महादेव सभा के अध्यक्ष धर्मवीर गर्ग, प्रबंधक राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, हेमंत अरोड़ा, जसवीर मोंगा पार्षद, सरदार सुपनीत सिंह, विजय माहेश्वरी, विनोद चोजड़, केएल अरोड़ा, अनेश शर्मा, किशोर शर्मा, सुपनीत सिंह, मनुज तायल, गोपाल मेंहदीरत्ता, विजय वर्मा, योग चुघ, पार्षद मनोज प्रजापति, केके बत्रा, संजीव कर्णवाल, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटेंगे केंद्र और प्रदेश के बड़े नेताः इमरान

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद काज़ी इमरान मसूद ने बताया कि आगामी 18 मई को गागलहेड़ी के रॉयल पेलेस में कांग्रेस का एक कार्यकर्ता सम्मेलन होगा, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती अराधना मिश्रा, उत्तर प्रदेश के सभी कांग्रेस सांसदों सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचेंगे।

इमरान मसूद आज यहां कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। काजी इमरान मसूद ने कहा कि आज भाजपा सरकार शिक्षा का व्यवसायीकरण करके बाबा साहब के सपनों को रौंद रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि हर दलित के घर में दीपक की लौ और ज्ञान की ज्योति प्रचलित तभी समानता, उन्नति और विकास का रास्ता बनेगा, लेकिन भाजपा शिक्षा का व्यवसायीकरण करके गरीब आदमी की पहुंच से शिक्षा को दूर कर रही है। सांसद ने कहा कि जिस तरह से आप सभी ने एकजुट होकर मुझे सांसद बनाया ठीक उसी तरह भाजपा सरकार के लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के मंसूबों को नाकाम करने के लिए हमें एक बार पुनः ओर अधिक ताकत के साथ एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें वोट चोरी के षड्यंत्र को नाकाम करने के लिए हर बूथ पर खुद को मजबूत करना होगा। इसी उद्देश्य को हासिल करने के लिए पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 18 मई को सहारनपुर से होगी।

जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि 18 मई के कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्ण सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए हमने सभी 110 मंडल अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व संगठन पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी है, जिससे वे जिले के हर गांव और पंचायत क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, चौधरी इरशाद चेयरमैन, हमजा मसूद ने एकजुट होकर इस कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे बूथ की ताकत ही 2027 में हमारी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। बैठक का संचालन संदीप चौधरी फंदपुरी ने किया ।

इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पूर्व रामपुर चेयरमैन प्रतिनिधि विवेक कांत सिंह, विनय माजरा चेयरमैन, डॉक्टर रागिब अंजुम, संदीप वर्मा, डॉ अमीर अहमद, संदीप चौधरी, सुदेश प्रधान, जिला उपाध्यक्षगण नितिन शर्मा, वरुण शर्मा, सरदार चंद्रजीत निक्कू, आरिफ खान व अक्षय चौधरी, विक्की पूजना, इमरान कुरैशी, नसीब खान, अनिरुद्ध गुरुंग, सुधांशु धनगर, कुणाल शांडिल्य, मुनेश सहगल, अक्षय कुमार, हाजी मुस्तफा, मोहम्मद फाजिल, गुलबहार अब्बासी, राजन बिरला, इस्लाम प्रधान, मास्टर जफर प्रधान, गुलफाम अंसारी, राजू पंडित, अजय त्यागी आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया मोन्ट फोर्ट स्कूल में मातृ दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कस्बे के प्रमुख शिक्षण संस्था मोन्ट फोर्ट स्कूल में मातृ दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में मातृत्व के प्रति सम्मान, प्रेम एवं कृतज्ञता की भावना को विकसित करना रहा।

गागलहेड़ी स्थित संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन कर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी को भावविभोर कर दिया। किसी ने मां के स्नेह, त्याग एवं ममता पर आधारित कविताएं सुनाईं, तो किसी ने भावपूर्ण लघु कथाएं लिखकर अपने हृदय के भाव व्यक्त किए। अनेक विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से आकर्षक चित्र बनाकर मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण भावनाओं, उल्लास और अपनत्व से सराबोर रहा।

# थाना समाधान दिवस पर एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : शशांक सिंह

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने थाना चरखारी पहुंचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई दौरान पुलिस एसपी व अय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और सभी शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। एसपी ने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

समाधान दिवस के मौके पर एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए, पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। इससे लोगों का थाना समाधान दिवस के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ेगा। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना श्रीनगर में उपस्थित रहकर जनसुनवाई की गई। वहां आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता सुनते हुए थानाध्यक्ष को समयवद्ध और निष्पक्ष तरीके से समधान करने के निर्देश दिए। वहीं थाना पनवाड़ी में भी जनसुनवाई का संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें भूमि विवाद सम्बन्धी राजस्व विभाग की प्राप्त हुई हैं, जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें सम्बन्धित लेखपालों को सौंप दी गई है

## लोकतंत्र सेनानी संघ ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को उत्कृष्ट कार्य के लिये किया सम्मानित

**अम्बेडकरनगर।** लोकतंत्र सेनानी संगठन जिला अम्बेडकरनगर द्वारा आज एम० आर० ए ० मेडिकल कॉलेज, अम्बेडकरनगर के प्रधानाचार्य को उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष राम शंकर गुप्ता ने प्रधानाचार्य महोदय को बुके भेंट कर प्रशंसा पत्र सौंपा। संगठन द्वारा मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में कॉलेज परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था एवं आन्तरिक सड़कों का रख-रखाव अत्यन्त सराहनीय है। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य हो रहा है, जिससे मरीजों व तीमारदारों को बड़ी सुविधा हो रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि कॉलेज स्टाफ का मरीजों के प्रति सेवाभाव भी प्रशंसनीय है। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या रोकथाम हेतु चलाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम प्रधानाचार्य महोदय की दूरदर्शिता को दर्शाता है। लोकतंत्र सेनानी संघ ने प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ के कार्यों की हार्दिक प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जनहित के कार्य इसी प्रकार जारी रहेंगे।

# न्यायालय का कार्य वास्तव में परिवारों को जोड़ना है न कि तोड़ना है : जिला जज

लोक अदालत में जनपद न्यायालय से 33807 वादों का निस्तारण कर 2,96,86,619.81 धनराशि की वसूली की गयी

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** चालू वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोक अदालत भारत के संबंध में कोई नया विषय नहीं है। लोग आदिकाल से ही पंचायत व्यवस्था या इससे पूर्व की व्यवस्थाओं में, आपसी बातचीत व परस्पर सामंजस्य से समझौते तक पहुंचने का प्रयास करते रहे हैं। सन् 1987 के अधिनियम के द्वारा हमारी उसी व्यवस्था को विधिक पहचान दे दी गयी। जिला जज संजीव शुक्ला ने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा माध्यम बनकर उभरा है, जिससे हम अपना समय गवायें बिना गंभीर से गंभीर मामलों में निस्तारण तक पहुंच सकते है। पारिवारिक मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार समाज की ईकाई है, ऐसी स्थिति में न्यायालय की भूमिका पारिवारिक समरसता बनाने के परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय से कुल 33807 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें 2,96,86,619.81 मात्र धनराशि की वसूली की गयी तथा प्रशासन एवं अन्य विभागों द्वारा कुल 438354 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमे 17,52,54,475.00 मात्र की धनराशि की वसूली हेतु समझौता हुआ। न्यायालय तथा प्रशासन के सभी विभागों से कुल मिलाकर 4,72,161 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें कुल 20,49,41,094.81 मात्र का वसूली किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय-अनिरूद्ध कुमार तिवारी, पीठासीन अधिकारी, मोटर दावा एवं दावा अधिकरण-रामकेश, बनारस बार के अध्यक्ष-विनोद कुमार शुक्ला व सेन्ट्रल बार के अध्यक्ष- प्रेम प्रकाश गौतम एवं अपर जिला जज/राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी (न्यायिक)- आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी/राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी (प्रशासनिक )- अजीत कुमार, यूनियन बैंक के एलडीएम-अविनाश अग्रवाल व राजीव मुकुल पाण्डेय पूर्णकालिक सचिव, उपस्थित रहे।

# नए आयकर अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** आयकर विभाग की ओर से आयकर अधिनियम, 2025 के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयकर भवन सभागार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करदाताओं, अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा बैंक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऐतेशाम अंसारी रहे। उन्होंने नए आयकर अधिनियम, 2025 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून का मुख्य उद्देश्य मुकदमेबाजी को कम करना तथा कर व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं के लिए सरल, स्पष्ट और जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान आयकर निर्धारितियों, अधिवक्ताओं, सीए एवं अन्य उपस्थित आगंतुकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से दिया गया। अधिकारियों ने नए प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा कर संबंधी संशोधनों को उदाहरणों के जरिए सरल भाषा में समझाया, जिससे उपस्थित लोगों को अधिनियम की बेहतर जानकारी प्राप्त हो सकी। अपने संबोधन में ऐतेशाम अंसारी ने कहा कि 'कर देश की तरक्की और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईमानदारी से कर अदा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।' इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, बैंक अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्र के निर्धारिती उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर मानस मेहरोत्रा, प्रधान आयकर आयुक्त, प्रयागराज के निर्देशन में। बैंक के कर्मचारी इत्यादि उपस्थित थे।

# थाना दिवस में पहुंचे 9 मामले एक में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

अवधनामा ब्यूरो



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** शनिवार को जलालपुर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। थाना दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने की।

थाना दिवस के दौरान कुल नौ मामले प्राप्त हुए, जिनमें पांच मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि चार मामले पुलिस विभाग से जुड़े थे। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम द्वारा एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए, जिससे फरियादियों में प्रशासन के प्रति भरोसा दिखाई दिया।

अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। थाना दिवस में क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह यादव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# गेल द्वारा पीएनजी नेचुरल गैस का विस्तार क्रम जारी, नदेसर स्थित होटल पर पीएनजी सेवा प्रारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** वाराणसी के नदेसर क्षेत्र स्थित होटल 'न्यू टेंपल टाउन' में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। यह होटल क्षेत्र का एक प्रमुख वाणिज्यिक प्रतिष्ठान है, और इसके पीएनजी से जुड़ने से स्थानीय स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। आपूर्ति का शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम), वाराणसी द्वारा किया गया, जो वाराणसी संचालन का नेतृत्व भी कर रहे हैं। इस अवसर पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों में श्री नवाजिश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक (डीजीएम-प्रोजेक्ट्स), जो वाराणसी में पाइपलाइन नेटवर्क का दायित्व संभाल रहे हैं। प्रवीण गौतम, मुख्य प्रबंधक (मार्केटिंग), जो क्षेत्र में विपणन गतिविधियों का नेतृत्व कर रहे हैं; एवं देबाशीष साहू मौजूद रहे।

गेल ने बताया कि,पूर्व में होटल के संचालन हेतु प्रतिमाह लगभग 40 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के पश्चात अब इन सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। परिणामस्वरूप, इन सिलेंडरों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकेगा, जिससे अधिक उपभोक्ताओं को लाभ प्राप्त होगा। पीएनजी से जुड़ने के साथ होटल को निरंतर एवं निर्बाध गैस आपूर्ति, उच्च स्तर की सुरक्षा, परिचालन लागत में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल ईंधन जैसे अनेक महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे। इससे होटल के संचालन की दक्षता में वृद्धि होगी और कार्यप्रणाली अधिक स्वच्छ एवं सुरक्षित बनेगी। साथ ही, एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण, परिवहन तथा उनसे जुड़े जोखिमों और असुविधाओं से भी मुक्ति मिलेगी। नदेसर क्षेत्र स्थित इस प्रतिष्ठान को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ना वाराणसी में वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी ही वह विकल्प है : विपिन श्रीवास्तव

प्रत्येक वार्ड व बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** कैंट विधानसभा (390) क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के युवा नेता विपिन श्रीवास्तव लगातार अपनी सक्रियता और जनसंपर्क के चलते चर्चा में बने हुए हैं।उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि, क्षेत्र की हर एक समस्याओं को समाधान करना हम समाजवादी पार्टी का प्रथम प्राथमिकता है। श्री श्रीवास्तव क्षेत्र की जन समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए वह न केवल आम जनता के बीच पहुंच रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए संगठित प्रयास भी कर रहे हैं।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि, 'हमारी राजनीति का मूल उद्देश्य जनता की सेवा है। जब तक क्षेत्र का अंतिम व्यक्ति संतुष्ट नहीं होगा, तब तक हमारा प्रयास अधूरा रहेगा। हम हर घर तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझ रहे हैं और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।' उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी की विचारधारा हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय को नई दिशा मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जनसंपर्क अभियान को और तेज किया जाएगा और प्रत्येक वार्ड व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा, ताकि जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जनता बदलाव चाहती है और सपा ही वह विकल्प है जो प्रदेश को सही दिशा में ले जा सकती है।

# पंचायत चुनाव की तिथि घोषित न होने पर प्रधानों का प्रदर्शन, कार्यकाल बढ़ाने की मांग

प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत अधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** ग्राम पंचायत चुनाव की तिथि घोषित न होने से नाराज प्रधानों ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन बैनर तले चरखारी ब्लाक परिसर में एकत्रित होकर शांपिूर्ण तरीके से विरोध जताया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत अधिकारी को सौंपकर वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढाए जाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने बताया कि प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन शासन ने अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की है। चुनाव की घोषणा न किए जाने से गांवों का विकास कार्य और आम जन मानस के हित प्रभावित हो रहे है। प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष जगदेव पटेल ने बताया कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पा रहे हैं तो गांवों में विकास कार्य अवरुद्ध हो जायेंगे, जिससे लोगों को तमाम तरह की समस्याओं का सामना कर सकता है।

ज्ञापन में मांग की गई कि मनरेगा के पक्के कार्यो का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है जिसका भुगतान अविलम्ब कराया जाए साथ ही 2026-2027 की कार्य योजना बनाई जाये, जिससे गांवों में विकास निर्बाध रूप चल सके और वर्तमान प्रधान को ही प्रशासक नियुक्त किया जाये या फिर उनका कार्यकाल बढ़ाया जाए।

इस मौके पर बालकिशन अहिरवार, नन्दराम सेन, खलक सिंह, ज्ञानसिंह, प्रधान प्रतिनिधि रिवई रवेन्द्र, मनोज कुमार, किशुन कुशवाहा, काशी प्रसाद, भान सिंह, वर्षा रानी, चंदी, श्यामकरण, गायत्री देवी, ब्रजगोपाल अन्य प्रधानों के अलावा प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर एएमयू एनसीसी यूनिट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की वन यूपी इंजीनियर कंपनी, एनसीसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के अवसर पर एक स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेटों में राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर 25 एनसीसी कैडेटों के साथ एसोसिएट एनसीसी अधिकारी मोहम्मद इमरान, सहायक प्रोफेसर, जेडएचसीईटी तथा मोहम्मद दानिश, सहायक प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल डी. धाधवाल, ऑफिसर कमांडिंग, वन यूपी इंजीनियर कंपनी एनसीसी ने ऑपरेशन सिंदूर के महत्व और उसकी रणनीतिक भूमिका पर प्रकाश डाला तथा देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों को अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहने की सलाह दी।

## मानकों से खिलवाड़ करने वाली एम्बुलेंसों पर प्रशासन का शिकंजा, अब तक 19 सीज, 9 का पंजीयन निरस्त

**अलीगढ़।** मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने बिना मानकों के संचालित एम्बुलेंस वाहनों, स्कूली वाहनों, निजी वाहनों, टैक्सी वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने जिले भर में इन वाहनों की जांच तेज कर दी है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवेश कुमार ने बताया कि जिले में संचालित एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों की नियमित जांच मोटरयान अधिनियम एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कराई जा रही है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज समेत प्रमुख निजी अस्पतालों के आसपास विशेष अभियान चलाकर एम्बुलेंस वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन-4.0 पोर्टल के अनुसार जिले में कुल 321 एम्बुलेंस वाहन पंजीकृत हैं। जांच में 260 एम्बुलेंस पूरी तरह मानक अनुरूप पाई गई, जिनमें फिटनेस प्रमाण पत्र, ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक चिकित्सीय उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध थीं। वहीं जांच के दौरान 52 एम्बुलेंसों की फिटनेस समाप्त मिली, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 19 एम्बुलेंसों को सीज कराया गया। इसके अलावा 33 वाहन संचालकों को नोटिस जारी कर फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक संचालन रोकने के निर्देश दिए गए। गंभीर अनियमितताओं के चलते 9 एम्बुलेंसों का पंजीयन भी निरस्त किया गया। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए परिवहन, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग का संयुक्त अभियान लगातार संचालित किया जाएगा।

## तीन माह से वेतन न मिलने से मीटर रीडरों का फूटा गुस्सा, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**महोबा।** तीन माह से बिजली विभाग के मीटर रीडरों का वेतन न मिलने और कंपनी के शोरण करने के विरोध में शनिवार को मीटर रीडरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डीएम को दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं दिया जाता, तब तक वह कार्य का बहिष्कार करेंगे। जिले के मीटर रीडर फरवरी माह से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। कौशल किशोर, योगेश, अमित, अकबर और अनूप शुक्ला सहित दर्जनों कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में बिजली विभाग और टीडीएस कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि इससे पहले नवंबर-दिसंबर का वेतन भी रोक दिया गया था। पीड़ित मीटर रीडरों को बिलिंग के लिए 20 से 50 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है, जिसका पेट्रोल और मोबाइल खर्च उन्हें अपनी जेब से वहन करना पड़ता है। वेतन न मिलने के कारण अब उनके पास बाइक में पेट्रोल डलवाने तक के पैसे नहीं हैं। कर्मचारियों ने कंपनी पर गंभीर शोषण के आरोप लगाए हैं। अनूप शुक्ला ने बताया कि सैलरी स्लिप में प्रति बिल 16 रुपये का जिक्र होता है, लेकिन कंपनी उन्हें केवल ढाई रुपये प्रति बिल का भुगतान कर रही है। महीने भर की कड़ी मेहनत के बाद भी उन्हें सिर्फ 4 से 5 हजार रुपये ही मिलते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब भी वे अपने अधिकारों की बात करते हैं, तो कंपनी के अधिकारी उन्हें नौकरी से निकालने या एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देते हैं। उन्हें न तो पीएफ की सुविधा मिल रही है और न ही यात्रा भत्ता। मीटर रीडरों ने काम के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। डीएम को दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि उनका बकाया वेतन तत्काल दिलाया जाए और न्यूनतम वेतन के साथ अन्य भत्ते लागू किए जाएं।

# वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप : कसया तहसील में धारा 80 की कार्रवाई पर 'सेटिंग' के आरोप

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया तहसील से जुड़ा एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर कसया के एसडीएम और एक ग्रामीण के बीच 16 कट्ठा जमीन पर धारा 80 के तहत कार्रवाई को लेकर बातचीत सुनाई दे रही है। बातचीत में 'रिपोर्ट लगवाने', 'हिसाब' और 'कितना करेगा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल पूरे मामले को संदिग्ध बना रहा है। हालांकि, इस ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज एसडीएम कसया की है या नहीं, इसकी स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। निष्पक्ष जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

**क्या है ऑडियो में :** ऑडियो की शुरुआत जमीन के एक प्रकरण से होती है। कथित तौर पर एसडीएम पूछते सुनाई दे रहे हैं –

'धारा 80 वाला, 16 कट्ठा है या 18 कट्ठा? 'इस पर सामने वाला व्यक्ति जवाब देता है –'16 कट्ठा वाला है, जिसमें एक कट्ठा और चार कट्ठा है। एक कट्ठा में मकान बन रहा है... ' इसके बाद कथित तौर पर एसडीएम पूछते हैं – 'नीचे से रिपोर्ट लगवा लिए या नहीं? '

जवाब आता है – 'अभी कुछ नहीं हुआ है, आप जब कहेंगे तब नीचे से लगेगा... ' बातचीत आगे बढ़ती है और जमीन की स्थिति पर चर्चा होती है। कथित तौर पर एसडीएम पूछते हैं – '16 कट्ठे वाला बिल्कुल खाली है? ' जिस पर जवाब मिलता है – 'हां, खाली है... एक कट्ठा वाले में घर बन रहा है। ' फिर जमीन की लोकेशन को लेकर सवाल होता है – 'कसाडा के बाहर का है या अंदर का? '

ग्रामीण जवाब देता है – 'यहीं का है, हम लोगों के गांव का है। '

'कितना करेगा?' पर उठे सवाल

ऑडियो का सबसे संवेदनशील हिस्सा तब सामने आता है जब कथित तौर पर एसडीएम पूछते हैं –

'16 वाले में क्या है? 'ग्रामीण जवाब देता है – 'इसमें ठीक-ठाक हो जाएगा, जो होगा हिसाब से होगा। '

इसके बाद कथित तौर पर एसडीएम कहते सुनाई देते हैं – 'तो ठीक है, कर दूंगा... कितना करेगा, कुछ तो बात दो... ' जवाब आता है – 'शाम को सात बजे बता दूंगा। 'यही हिस्सा पूरे मामले को विवादों के केंद्र में ला खड़ा कर रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रशासनिक कार्रवाई भी अब 'सेटिंग' और पैसों के हिसाब से तय हो रही है?

**संपर्क की कोशिश नाकाम :** इस संबंध में कसया एसडीएम के सरकारी मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

**जांच की मांग तेज :** वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन इसके सामने आने के बाद तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। एसडीएम कसया का कथित तौर पर एक व्यक्ति से बातचीत का ऑडियो वॉयरल के संबंध में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जांच करवा रहे है।

## नाले में मिली नवजात बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बचाया

**अमेठी।** जनपद के इन्हौना थाना क्षेत्र अंतर्गत गणपति यात्री प्लाजा के पास चिरौली गांव में सड़क किनारे नाली में एक नवजात बच्ची पड़े होने की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव केस वर्कर रुचि सिंह सुपरवाइजर रोशन लाल तथा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम द्वारा नवजात बच्ची को नाले से सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान बच्ची का वजन कम पाए जाने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्ची को मलिक मोहम्मद जायसी जिला अस्पताल के एनईसीयू वार्ड में भर्ती कराया जहां उसका उपचार शुरू कर दिया गया है।

# अग्निशमन विभाग ने स्वास्थ्य केंद्रों पर मॉक ड्रिल कर सिखाए बचाव के गुर

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** शशांक सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शनिवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एवं ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर जिले में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ जनपद महोबा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के सही एवं प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के उपायों का प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा यह संदेश दिया गया कि विशेषकर गर्मी के मौसम में थोड़ी सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संस्थानों एवं नागरिकों को सतर्क रहते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है।

महोबा पुलिस एवं अग्निशमन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे जनपद में अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता एवं तैयारी को और सुदृढ़ किया जा सके।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** क्षत्रिय बोर्डिंग के प्रांगण में छात्र नेता विशाल कुमार वैश्य व दिव्यांश सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप की जयंती शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोसाईंगंज विधानसभा के विधायक अभय सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान विधायक ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को राष्ट्रहित व समाजहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत विशाल कुमार वैश्य व दिव्यांश सिंह ने माल्यार्पण कर किया। छात्र नेता विशाल कुमार वैश्य ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, आलोक सिंह, शंभूनाथ जायसवाल, काजल पाठक, कप्तान सिंह, अखंड प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवध विश्वविद्यालय की चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने सीखी भारतीय चित्रण परंपरा की बारीकियां

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने कला की पारंपरिक तकनीकों का गहन अभ्यास किया।कार्यशाला की संयोजक डॉ. सरिता द्विवेदी ने बताया कि प्रतिभागी अत्यंत उत्साह के साथ नई विधाएं सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित उत्कृष्ट कलाकृतियों की एक भव्य प्रदर्शनी विभाग में आयोजित की जाएगी। प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा किया कि कार्यशाला की सबसे बेहतरीन कलाकृतियों के लिए जूनियर तथा सीनियर, दोनों वर्गों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यशाला के मुख्य सत्र की प्रशिक्षक डॉ. रीमा सिंह ललित कला विभाग ने विद्यार्थियों को भारतीय चित्रण परंपरा के विशिष्ट पहलुओं से परिचित कराया। डॉ. रीमा ने प्रयोगात्मक प्रशिक्षण (डेमोस्ट्रेशन) के माध्यम से अबीना पद्धति (सूखे कागज पर जल से रेखांकन) और खाका तैयार करने की विधि (जलीय रेखाओं के आधार पर हल्के लाल रंग से अंकन) सिखाई। साथ ही, तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को ड्राई पेस्टल रंगों के प्रभावी प्रयोग और उनकी बारीकियों से भी परिचित कराया गया।

## अयोध्या में बना जल जीवन मिशन का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में जल जीवन मिशन का प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया गया है। रुदौली के मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में संचालित इस केंद्र में अब तक 550 से अधिक कारीगरों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। केंद्र में फिटर, प्लंबर, मिस्त्री और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 22 बैच पूरे हो चुके हैं, जिनमें 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया गया है।प्रशिक्षित कारीगरों से जल जीवन मिशन परियोजनाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार हुआ है। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित कार्यबल मिलने से बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता भी कम हुई है। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने बताया कि यह केंद्र आत्मनिर्भर और दक्ष कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## खबर का असरः वन दरोगा की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

### भेलसर गाँव मे दो दर्जन से अधिक हरे आम के पेड़ो पर चला था आरा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेलसर की गाटा संख्या 621 को प्लाटिंग करने के लिए भूमि मे लगे लगभग दो दर्जन से अधिक हरे आम के पेड़ो को दिनांक 4 मई की रात काट कर गायब कर दिया । जिसकी खबर प्रमुखता से छापने पर वन विभाग सक्रिय हुआ और मौके की जांच व साक्ष्य के आधार पर वन विभाग रुदौली के बीट प्रभारी दरोगा अशोक कुमार वर्मा की तहरीर पर इजहार पुत्र मो रसूल व सिराज पुत्र सफीकुर रहमान निवासीगण ग्राम भेलसर कोतवाली रुदौली जनपद अयोध्या के खिलाफ कोतवाली रुदौली मे उ0प्र0 ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रो मे वृक्षों का संरक्षण अधिनियम 1970 की धारा 4 व 10 एवं उ0प्र0 ट्रांज़िट आफ टिंबर एंड अदर फारेस्ट प्रोड्यूस रूल्स 1978 की धारा 3 व 28 के तहत मुकदमा अपराध संख्या 0214 /2026 दर्ज हुआ है । जानकारी के अनुसार ग्राम कूढ़ासादात मे स्थिति एक आरा मशीन पर काटी गई हरे आम की लकड़ी बरामद होने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है ।

## नवनिर्मित थाना भवन का एसएसपी ने किया निरीक्षण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना बाबा बाजार के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के लिए बनाए गए आवासीय भवनों सहित प्रशासनिक भवन, थानाध्यक्ष कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, कार्यालेख कक्ष, महिला एवं पुरुष बैरक तथा हवालात का निरीक्षण किया।एसएसपी ने थाने में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरक्षा एवं सुविधाओं की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने और आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

## पैदल पथ पर खड़ी अवैध टैक्सियों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सिविल लाइन स्थित रामपथ के किनारे बने पैदल पथ पर अवैध रूप से टैक्सी खड़ी किए जाने के मामले में ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान कई टैक्सियों का चालान काटा गया। पुलिस की कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई चालक अपनी-अपनी टैक्सियां लेकर मौके से फरार हो गए। अभियान के बाद सर्किट हाउस से लेकर कमिश्नर आवास तक का पूरा पैदल पथ खाली हो गया।बताया गया कि टैक्सी चालक लंबे समय से पैदल पथ पर वाहन खड़ा कर रास्ता बाधित कर रहे थे, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से लोगों ने राहत महसूस की है।

# बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने निभाया वादा, वीर चक्र विजेता शहीद देवी प्रकाश सिंह के सम्मान में बनवाया शहीद स्मृति द्वार

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल, अयोध्या।** भारत-पाक युद्ध 1965 में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त वीर चक्र विजेता हवलदार शहीद देवी प्रकाश सिंह की स्मृति में बसहा रतनपुर चौराहा स्थित शहीद स्मारक के पास भव्य शहीद स्मृति द्वार का निर्माण कराकर बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने अपना वादा पूरा किया। सोहावल तहसील क्षेत्र के रहीमपुर बदौली निवासी शहीद देवी प्रकाश सिंह वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे।

शहादत के छह दशक बाद भी उनके सम्मान में कोई स्मृति द्वार नहीं बन पाया था।

बताया गया कि 20 जुलाई 2025 को बसहा रतनपुर चौराहा पर आयोजित बस स्टॉप सेवा शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने शहीद स्मृति द्वार बनवाने की घोषणा की थी। शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर विधायक ने शहीद स्मृति द्वार को राष्ट्र को समर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वीर नारी फूलपती देवी, राम अचल सिंह, राम प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह, आशीष सिंह उर्फ पंकज सिंह, विपिन सिंह, सनी सिंह सहित क्षेत्र के लोगों ने विधायक के इस कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## गोशाईगंज स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**गोसाईगंज/अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत गोशाईगंज की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती आरती ह्यजायसवाल ने डीआरएम लखनऊ सहित रेलवे अधिकारियों को पत्र भेजकर गोशाईगंज रेलवे स्टेशन व प्रमुख रेलवे क्रॉसिंगों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में बताया कि गोशाईगंज रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सभासद ने फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म, रेलवे यार्ड तथा रेलवे बैरियर संख्या 93, 94 व 96 पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो।

# अधिवक्ताओं के बहुमंजिला चैम्बर भवन का प्रस्ताव न्याय विभाग को भेजा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने एवं कार्य संचालन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दो बहुमंजिला अधिवक्ता चैम्बर भवन निर्माण का प्रस्ताव न्याय विभाग को भेजा गया है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व जिला प्रशासन द्वारा 14 मार्च को यह प्रस्ताव त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत भेजा गया था, जबकि इस प्रकार के बड़े निर्माण कार्य न्याय विभाग के माध्यम से स्वीकृत होते हैं। परियोजना की प्रस्तावित लागत 7301.78 लाख रूपये है।

विधायक ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर उन्होंने 6 मई को जिलाधिकारी अयोध्या के माध्यम से प्रमुख सचिव न्याय विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। उनसे वार्ता कर प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भरोसा दिलाया है कि शासन स्तर पर लगातार पैरवी करके अतिशीघ्र ही अधिवक्ताओं को इस महत्वपूर्ण सुविधा की सौगात दिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार अधिवक्ताओं के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण, बैठने की समुचित व्यवस्था और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सुविधाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिवक्ता चैम्बर की बहुमंजिला इमारत निर्माण को लेकर वह पहले से प्रयासरत रहे हैं। पूर्व में कानून मंत्री रहे बृजेश पाठक के अयोध्या आगमन पर उनके समक्ष भी उन्होंने अधिवक्ताओं की इस मांग को प्रमुखता से उठाया था।

## दलित महिला से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी दोषमुक्त

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2022 में दर्ज दलित महिला से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरूपमा विक्रम की अदालत ने आरोपी कमल कुमार निषाद को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को प्रमाणित करने में सफल नहीं हो सका। अभियोजन के अनुसार 9 दिसंबर 2022 की शाम पीड़िता जनरल स्टोर से काम कर घर लौट रही थी। आरोप था कि रास्ते में सरकारी ट्यूबवेल के पास आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर अभद्रता की। पीड़िता की तहरीर पर बीकापुर कोतवाली में पॉक्सो एक्ट व एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने अदालत में दलील दी कि घटना का कोई स्वतंत्र प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं है। साथ ही पीड़िता के बयान में कई विरोधाभास होने तथा चिकित्सीय परीक्षण न कराए जाने की बात भी अदालत के समक्ष रखी गई।न्यायालय ने पीड़िता, उसके पिता समेत अन्य गवाहों के बयान और प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद आरोपी को दोषमुक्त करने का आदेश दिया।

## रुदौली कोतवाली में बड़ी कार्रवाई, इंस्पेक्टर व सिपाही लाइन हाजिर

**रुदौली/ अयोध्या (अवधनामा संवाददाता)** जनपद अयोध्या की कोतवाली रुदौली में तैनात इंस्पेक्टर संतोष कुमार यादव एवं सिपाही अजीत पर बड़ी कार्रवाई की गई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दोनों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए हैं।पुलिस विभाग की इस कार्रवाई के बाद महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे और कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है।एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समाधान दिवस में आईं 25 शिकायतें, एक का भी निस्तारण नहीं

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश भूमि विवाद और पैमाइश से संबंधित रहीं। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

समाधान दिवस में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी और तहसीलदार दिनेश कुमार मौजूद रहे। प्राप्त 25 शिकायतों में 21 भूमि विवाद, पैमाइश व रास्ते से संबंधित तथा चार शिकायतें पुलिस विभाग से जुड़ी थीं। अधिकारियों ने भूमि विवाद के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए।दोहरी पातूपुर निवासी बुजुर्ग किसान रामतेज वर्मा ने शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके चक संख्या 1016 के बगल स्थित चक मार्ग की पैमाइश नहीं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार थाना दिवस और तहसील दिवस में शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई।वहीं रुरु खास निवासी बद्री प्रसाद ने संयुक्त बाग की भूमि पर सह खातेदार द्वारा कब्जे के प्रयास की शिकायत की। तहसीलदार ने दोनों मामलों में राजस्व व पुलिस टीम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस दौरान कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, एसएसआई विजय प्रताप तिवारी सहित पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस, फरियादियों की समस्याएं सुनने पहुंचे अधिकारी

**रुदौली (अयोध्या)।** जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर शनिवार को रुदौली कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां अधिकारियों ने एक-एक कर सभी मामलों की सुनवाई की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम रुदौली ने की। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कुल 9 शिकायतें दर्ज की गईं।

अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाए।एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य सहित पुलिस व राजस्व विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर सपा सांसद आवास घेरेंगी महिलाएं



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) का विरोध करने को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ महिलाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भाजपा समर्थित मातृशक्ति संगठनों ने सांसद आवास के घेराव की घोषणा की है।मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभाओं से बड़ी संख्या में महिलाएं चरणबद्ध तरीके से सांसद आवास का घेराव करेंगी। कार्यक्रम के तहत 10 मई को मिल्कीपुर, 13 मई को दरियाबाद, 14 मई को बीकापुर तथा 15 मई को रुदौली क्षेत्र की मातृशक्तियां प्रदर्शन में शामिल होंगी।

घेराव कार्यक्रम को लेकर नेताओं ने सांसद आवास स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जिला महामंत्री राघवेंद्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष एवं नारी शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक अखंड सिंह डिम्पल, राम मोहन भारती, भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव तथा अमर बहादुर सिंह मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत, भाई गंभीर

**बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के सोनखरी गांव के समीप पिपरी-जलालपुर तारुन मार्ग पर शनिवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक चालक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया है।तारुन थाना क्षेत्र के बनघुसरा तकमीनगंज निवासी नितिन शर्मा (19) अपने छोटे भाई नितेश (18) के साथ बाइक से ननिहाल पुहपी गए थे। शाम करीब 3:30 बजे दोनों भाई घर लौट रहे थे।

इसी दौरान सोनखरी तिराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप व चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची बीकापुर कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. एसके मौर्य ने नितिन शर्मा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल नितेश को मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया।बताया गया कि मृतक नितिन दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था तथा अविवाहित था। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर राष्ट्रप्रेम और शौर्य का संदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चौक बाजार में महाराणा प्रताप की 468वीं जयंती एवं 'ऑपरेशन सिंदूर' विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य विष्णु गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक थे तथा उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। विशिष्ट वक्ता शैलेंद्र भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत की शौर्यता और आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त जवाब बताते हुए भारतीय सेना की बेटियों सोफिया कुरैशी एवं व्योमिका सिंह के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ. रामपाल यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है। इस अवसर पर डॉ. सरोज रंजन, प्रीति पांडेय, मनोज नाथ योगेश्वर, विजय भारती, अक्षय कुमार सहित छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# चोखराज इंटर कॉलेज में मेधावियों का हुआ सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट वर्ग में आदित्य रौनियार (88%), शिवांग पाण्डेय (87.6%), अंकित गुप्ता (86.4%), श्रेया गुप्ता (86.4%),



रिशु मणि (86%), अनुष्का शर्मा (85.2%) और ज्योति सिंह (85%) को सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल वर्ग में आदित्य गिरि (93.171), अंकित कुमार (93%), अनुराग खरवार (92.3%), अंशिका त्रिपाठी (90.5%), आंजनेय यादव (89.67%), अजय कुशवाहा (88.5%), अमन तिवारी (88.17%), अनन्या (88.17%), अभिषेक मिश्रा (87.83%) और अभिषेक (87.6%) को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण तुलस्यान, उपाध्यक्ष हरि राम बालोटिया, उपप्रबंधक प्रदीप कुमार तुलस्यान, प्रधानाचार्य निरंकार सिंह, किड्स वैली की प्रधानाचार्या सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बीजापार में छात्राओं को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** थाना क्षेत्र की मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो टीम एवं साइबर टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बीजापार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में म0उ0नि0 नेहा कुमारी, उ0नि0 योगेन्द्र तिवारी, म0का0 चंद्रकला एवं म0का0 संगीता प्रथा ने छात्राओं को एकत्रित कर नए कानूनों की जानकारी दी तथा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181, 1090, 1098, 112, 102, 108 और 1930 सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 'बेटी



बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'सखी-वन स्टॉप सेंटर', 'पॉक्सो एक्ट' और 'मिशन शक्ति' जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# न्यायमूर्ति ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन, विभिन्न मामलों में 6,03,44,173 की धनराशि वसूली गई

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** जनपद न्यायाधीश न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ माननीय न्यायमूर्ति राम मनोहर नरायण मिश्र, प्रशासनिक न्यायमूर्ति, बस्ती मण्डल के द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति का स्वागत माननीय जनपद न्यायाधीश श्री शमसुल हक एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती देवेन्द्र कुमार-प्रथम ने पौधा देकर तथा न्यायिक अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने इस अवसर पर जिला कारागार, बस्ती की ओर से लगायी गयी प्रदर्शिनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए वृक्षारोपण किया। वादकारियों तथा अधिवक्तागण की सुविधा के लिए लगाये गये लिफ्ट एवं कॉरिडोर का उद्घाटन भी किया। उक्त अवसर पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने परिवार न्यायालय में सुलह-समझौता कर साथ-साथ रहने को तैयार दंपत्तियों को बधायी दी तथा उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएँ दी। दीवानी न्यायालय के निरीक्षण के उपरान्त स्थाई लोक अदालत एंव लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार शुक्ला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती देवेन्द्र कुमार-प्रथम के सचिव द्वारा माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती श्री शमसुल हक के कुशल मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय परिसर, सभी ग्राम न्यायालय, सभी तहसीलों, राजस्व न्यायालय, कलेक्ट्रेट में सफलता पूर्वक किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय लोक अदालत)/अपर जिला जज श्री प्रमोद कुमार गिरि, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती श्री देवेन्द्र कुमार-प्रथम, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक डा. यशबीर सिंह एवं अन्य विभाग एवं उनके अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 60,802 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 58,246 मामलों का एवं न्यायालयों के 2,556 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा कुल 65 मामले निस्तारित किए गए जिसमें रू 94,70,000 की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गई एवं आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप कुल रू.71,800 की धनराशि अर्थदण्ड के रूप में वसूल की गयी।

## शोहरतगढ़-चेतिया मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो युवक गंभीर घायल

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़-चेतिया मार्ग पर बुढनईया (पकड़ी) पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को डम्पर, पिकअप और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव (शिक्षा मंच) अनिल चौधरी मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. अभय भारती ने प्राथमिक उपचार और ड्रेसिंग के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। घायलों की पहचान दीपक हरिजन (22) पुत्र प्रभु तथा पवन निषाद (15) पुत्र राजू निषाद निवासी वार्ड नंबर-06 आर्य नगर (नीबी दोहनी), नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों ग्राम पंचायत पिपरी स्थित अपनी बुआ के घर बारात में शामिल होने जा रहे थे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर बजरंग दल ने आयोजित की 'बालोपासना प्रतिज्ञा सभा

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को महान हिंदू शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के तत्वावधान में बजरंग दल द्वारा श्री ठाकुर द्वारा राम जानकी मंदिर परिसर में 'बालोपासना प्रतिज्ञा सभा' का भव्य आयोजन किया गया।संपूर्ण समाज के प्रेरणास्त्रोत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रत्यूष अमर ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के गौरव और हिंदवी वीर योद्धा के प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा महाराणा प्रताप एक ऐसे महामानव थे जिन्होंने 15वीं शताब्दी में जीवित रहकर हिंदुत्व एवं राष्ट्र रक्षा का अनुपम कार्य किया। आज वे एक ऐसी ऊर्जा के रूप में हमारे बीच विद्यमान हैं, जो सनातन योद्धाओं को निरंतर पौरुष और स्वाभिमान का ज्ञान दे रहे हैं।जिला मंत्री धर्मेंद्र गुरुजी ने संगठन के आगामी लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए घोषणा की कि विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक वर्ष महाराणा प्रताप जयंती को 'बालोपासना प्रतिज्ञा सभा' के रूप में मनाएगा, ताकि युवा पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सके।

जिला सह संयोजक राहुल जी ने बताया कि बांसी नगर एवं प्रखंड संयोजक शुभम त्रिपाठी के नेतृत्व में मिठवल के कार्यकर्ताओं ने विशेष उत्साह दिखाया। इस अवसर पर 21 कार्यकर्ताओं ने प्रतिदिन बालोपासना (व्यायाम/योग) करने का संकल्प लिया।कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्ति हेतु समाज में कार्य करने की सामूहिक प्रतिज्ञा की।

संगठन का उद्देश्य आगामी वर्षों में इस संकल्प लेने वाले युवाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि करना है।इस गरिमामयी अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन और भारी संख्या में ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बांसी पुलिस हुई हाईटेक, विवेचकों को मिले आधुनिक टैबलेट, अब 'ऑन-स्पॉट' होगी डिजिटल विवेचना

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत सिद्धार्थनगर पुलिस को तकनीक से लैस करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। शनिवार, 9 मई 2026 को कोतवाली बांसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दू सिंह और प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने विवेचकों को Acer Aspire Tablet वितरित किए।

केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नवीन आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारने के लिए इन टैबलेट्स को एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से प्राप्त इन डिवाइस का मुख्य उद्देश्य विवेचना प्रक्रिया (Investigation) को पूरी तरह पेपरलेस, पारदर्शी और तेज बनाना है। अब विवेचकों को कागजी कार्यवाही के लिए थाने लौटने का इंतजार नहीं करना होगा। वे घटनास्थल से ही केस डायरी और अन्य कानूनी दस्तावेजों को डिजिटल रूप में CCTNS (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) पर अपलोड कर सकेंगे।डिजिटल एंट्री से विवेचना की गुणवत्ता में सुधार होगा और पूरी प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप या देरी की संभावना कम होगी। वितरण के दौरान अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को डेटा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और नए कानूनों के तहत टैबलेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दू सिंह ने कहा तकनीक आधारित इस कार्यप्रणाली से पुलिस की कार्यक्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इससे न केवल जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि हम आम जनता को त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय दिलाने में सक्षम होंगे। इस पहल से बांसी कोतवाली के पुलिस बेड़े में उत्साह है और इसे आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

## गेहूं खरीद केन्द्र पर घोटाला किसानों से लिया जा रहा है सुविधा शुल्क

**अंबेडकरनगर।** किसानों की मेहनत से उगाई गई फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में भी भ्रष्टाचार की हकीकत सामने आई है। जनपद मुख्यालय स्थित मंडी समिति परिसर में एफसीआई से जुड़े गेहूं खरीद केंद्र पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा किसानों से प्रति क्विंटल 70 से 100 रुपये की रिश्वत वसूली जा रही है।किसान बताते हैं कि बिना रिश्वत दिए उनकी फसल की तौल ही नहीं हो पा रही है। जो किसान रिश्वत देने को तैयार नहीं होते, उन्हें घंटों इंतजार कराया जाता है या तरह-तरह की अड़चनें खड़ी की जाती हैं। कई किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 'सरकार तो स्वक्कपर गेहूं खरीदने और सुविधाएं देने की बात करती है, लेकिन यहां तो कर्मचारी अपनी जेब भरने में लगे हैं। प्रति क्विंटल 70-100 रुपये लेकर ही तौल की जा रही है।

# समय से पंचायत चुनाव कराने की उठी मांग

- प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाय

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर ब्लॉक परिसर स्थित गायकवाड सभागार में शुक्रवार को प्रधान संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत चुनाव समय से कराए जाने तथा चुनाव में देरी होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में कहा कि यदि समय पर चुनाव नहीं कराया जाता है तो गांवों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए।

बैठक में प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान गांवों की जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हैं और विकास कार्यों को जमीन पर उतारने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में यदि किसी कारणवश पंचायत चुनाव समय से नहीं हो पाता है तो सरकार को प्रशासक नियुक्त करने के बजाय निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय सीमा के भीतर कराया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहा कि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रधानों की समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाए।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर यादव ने कहा कि प्रधान गांवों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था के बजाय जनप्रतिनिधियों को ही गांवों की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए।

बैठक में प्रधान प्रमोद सिंह, सुमित सिंह, दीपचंद यादव, रामशरण, पारसनाथ यादव, दुर्गेश उपाध्याय समेत तमाम प्रधान उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मांग की कि पंचायत चुनाव समय से कराया जाए और यदि किसी कारण से चुनाव में देरी होती है तो वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए, ताकि गांवों में विकास कार्य प्रभावित न हों।

बैठक के अंत में प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने और आवश्यकता पड़ने पर व्यापक आंदोलन करने की भी चेतावनी दी।

# ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर हर्षोल्लास से हुआ एनसीसी कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर एनसीसी का भव्य कार्यक्रम का आयोजन हर्ष एवं उल्लास के साथ किया गया। इसमें विद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स ने बढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने ऑपरेशन सिंदूर की वीरगाथा, देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैडेट्स द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स में भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को जीवंत रूप से दर्शाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय अनमोल ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में देश की रक्षा में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा कैडेटों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन, एकता और देशसेवा का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के एएनओ लेफ्टिनेंट मुकुल कुमार एवं सेकंड ऑफिसर महेंद्र मौर्य ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रणजीत चौधरी, गिरिजेश कुमार सिंह, मानसिंह , डॉ. प्रकाश श्रीवास्तव, बृजेश मणि त्रिपाठी, मधुरेंद्र कुमार मिश्र, रामकरन, राम उजागिर वृजेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मंदबुद्धि छोटे भाई ने बड़े भाई की कर दी हत्या, रातभर शव के पास ही सोता रहा आरोपी

**गोण्डा।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र से रिश्तों को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पृथ्वीपाल ग्रांट ग्राम पंचायत के महतोडीह मजरे में मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पूरी रात शव के पास ही सोता रहा।

घटना शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान 39 वर्षीय सुमित तिवारी के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका छोटा भाई 26 वर्षीय विराट तिवारी है। परिवार के अनुसार दोनों भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। सुमित दिव्यांग था और उसे लगभग 90 प्रतिशत तक दिखाई नहीं देता था। शनिवार सुबह जब परिवार के लोग जागे तो सुमित तिवारी को खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। पूछताछ के दौरान विराट तिवारी ने खुद स्वीकार किया कि उसने डंडे से सिर पर वार कर अपने बड़े भाई की हत्या की है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ प्रशासन का हंटर, घी और तेल के 11 नमूने लिए गए



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। शनिवार को आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (लखनऊ) और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशों पर जिले भर में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने विभिन्न बाजारों में छापेमारी कर घी और खाद्य तेल के कुल 11 नमूने संग्रहित किए। सहायक आयुक्त (खाद्य)- आर. एल. यादव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तहसीलों में दबिश दी। अभियान का मुख्य उद्देश्य घी और तेल जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकना है। बांसी मंगल बाजार रिफाइंड मूंगफली तेल, तिल का तेल और घी के नमूने लिए गए। इटवा बाजार यहाँ से डेयरी महक घी, वंशज घी और एम.डी.एच. सरसों तेल की जांच की गई। महादेव घुरहु बाजार मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल, रिफाइंड पॉमोलिन और सोयाबीन तेल के नमूने भरे गए।

रमवापुरकली व धोबहा बाज़ार यहाँ से भी रिफाइंड मूंगफली तेल और घी के नमूने एकत्र किए गए।विभागीय प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि सभी 11 नमूनों को सील कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा 'जांच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत संबंधित विक्रेताओं और निर्माताओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कार्यवाही के साथ-साथ टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए खाद्य पदार्थों के रखरखाव, गुणवत्ता बनाए रखने और प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। कारोबारियों को सख्त लहजे में कहा गया कि नियमों की अनदेखी पर किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में सहायक आयुक्त खाद्य आर. एल. यादव मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरालाल, निरज कुमार चौधरी, रंजन कुमार श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

## नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने नपा कर्मियों को अंगवस्त्र व पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी और उनके प्रतिनिधि पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने शनिवार को नपा कर्मियों को अंगवस्त्र व पुरस्कार भेंटकर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया है।इस अवसर पर अध्यक्ष चमन आरा ने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी नगर की स्वच्छता, व्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके परिश्रम और समर्पण के कारण ही नगर को बेहतर सुविधाएं मिल पाती हैं। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की। वहीं पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा कि कर्मचारियों का सम्मान करना संस्था की जिम्मेदारी है। कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने से कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि नगर हित में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का योगदान अमूल्य है।सम्मान पाकर कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे। कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान से उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।कार्यक्रम के दौरान पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**गोण्डा।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना कोतवाली नगर पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत समाधान किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। थाना धानेपुर में समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इसके साथ ही जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण की कार्रवाई कराई। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की जयन्ती पर निकली शौर्य यात्रा

**अमेठी।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को नगर में क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। डीजे बैंड बाजों और जयकारों के बीच निकली इस यात्रा से पूरे कस्बे का माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नजर आया।शौर्य यात्रा की शुरुआत श्री देवीपाटन मंदिर परिसर से हुई। यहां पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा में शामिल लोग हाथों में भगवा ध्वज और बैनर लिए चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा देवीपाटन मंदिर से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों और सगरा तिराहे से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

# स्वाभिमान, साहस, शौर्य व पराक्रम के प्रतीक थे महाराणा प्रताप : डॉ. शेरबहादुर सिंह

- महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाईं लेकिन स्वाभिमान से समझौता नहीं किया : राकेश सिंह प्रवक्ता

अवधनामा संवाददाता



**कर्नलगंज/गोण्डा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई शनिवार को कर्नलगंज स्थित डाक बंगला परिसर में भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। मां वाराही न्यूज के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार तेज प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन महादेव प्रसाद मौर्य ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, बलिदान और स्वाभिमान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शेरबहादुर सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. शेरबहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में दूसरे प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार तेज प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को महाराणा प्रताप के संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मान से सीख लेकर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। तेज प्रताप सिंह ने कहा कि इतिहास तभी जीवित रहता है जब समाज अपने महापुरुषों के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय चेतना के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

कन्हैयालाल इंटर कॉलेज कर्नलगंज के प्रवक्ता राकेश सिंह ने महाराणा प्रताप, उनके वंशजों एवं रानी पद्मावती के ऐतिहासिक योगदान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खा लीं लेकिन कभी मुगलों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और देशभक्ति की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने लोगो का आवाहन करते हुए कहा कि शक्ति संगठन में निहित होती है इसलिए सबको संगठित रहकर राष्ट्र निर्माण में जुटना चाहिए।

डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मबल और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है, ताकि समाज में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और स्वाभिमान की भावना मजबूत हो सके।

## मानदेय बढ़ने पर अनुदेशक ने विद्यालय के बच्चों संग मनाई खुशियां



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में कार्यरत कंप्यूटर अनुदेशक नीलम देवी ने देश के सर्वोच्च अदालत तक लड़ने के बाद, पहली बार फैसले के अनुसार बढ़े हुए मानदेय के भुगतान की खुशी में विद्यालय के बच्चों को मिठाई खिलाई और सभी बच्चों को विशेष भोजन कराने के बाद नियमित विद्यालय आने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर खुशियां मनाई।

सभी स्टाफ और बच्चों ने बढ़े हुए मानदेय के भुगतान पर अनुदेशक नीलम देवी को दी बधाई। प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कला, शारीरिक शिक्षा और कंप्यूटरी अनुदेशक 2012 से कार्यरत हैं। सभी अनुदेशकों ने सम्मानजनक मानदेय के लिए उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक लगातार 14 वर्षों तक लड़ाई लड़ी। अंततः सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अप्रैल 2026 का बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान हुआ तो अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी अनुदेशकों को पहले 9000 की दर से मानदेय भुगतान होता था, परन्तु सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद 17000 मानदेय भुगतान हुआ। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह के अलावा प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक नगमा बानो, शिक्षा मित्र शीबा रजिया, मोहम्मद काशिफ सरस्वती, निर्मला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बंगाल का 'रक्त-चरित्र'

बेशक पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' का जनादेश दिया गया है और आज पहली भाजपा सरकार शपथ ग्रहण कर रही है, लेकिन बंगाल का 'रक्त-चरित्र' नहीं बदला है। जनादेश के बाद बंगाल का 'बदलापुर' सामने है। चुनाव के बाद हिंसा, हत्या, आगजनी, तोड़फ़ोड़, कब्जेबाजी और बुलडोजर सरेआम दिख रहे हैं। पांच राजनीतिक हत्याएं की जा चुकी हैं। उनमें घोर निर्मम हत्या सुवेन्दु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की है। सुवेन्दु भाजपा सरकार के भावी मुख्यमंत्री माने जा रहे हैं। गौरतलब है कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनकी घरेलू सीट 'भवानीपुर' में पराजित किया है। चंद्रनाथ राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। वायुसेना से सेवानिवृत्त थे। वह सुवेन्दु के साथ तब से कार्यरत थे, जब सुवेन्दु ममता सरकार में मंत्री थे और मुख्यमंत्री के भरोसेमंद नेता थे। हमलावरों ने चंद्रनाथ को उनके घर से 100-150 मीटर दूर ही गोलियों से भून दिया। हमलावर अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, लेकिन एसआईटी की जांच जारी है। ममता बनर्जी ने अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की है, जिसे तृणमूल नेता दोहरा रहे हैं। सुवेन्दु अधिकारी का मानना है कि हमलावरों के निशाने पर वह थे, क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया है, लेकिन उनके सहायक की हत्या कर दी गई। यह पूर्व नियोजित, साजिशाना, नृशंस हत्या है। हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल यह हत्या ही बंगाल के 'रक्तचरित्र' को बयां करती है। हालांकि चुनाव और जनादेश के बाद भाजपा कार्यकर्ता मधु मंडल और तृणमूल के कार्यकर्ता अबीर शेख की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ता को भी मारा गया है, जबकि बंगाल में कांग्रेस के अवशेष ही बचे हैं।

बंगाल के कोलकाता, हावड़ा, टॉलीगंज, हुगली, बांकुरा, आसनसोल, बीरभूम, जलपाईगुड़ी से 24 परगना तक हिंसा का जो 'नंगा नाच' सामने आया है, उनके 'रक्तबीज' कौन हैं? कमोबेश बंगाल से 'भद्रलोक' का सम्मानजनक विशेषण छीन लेना चाहिए, क्योंकि अब वह मुखौटा भर है, क्योंकि राजनीतिक हिंसा और हत्याओं में बंगाल देश में शीर्ष स्थान पर है। यह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का आंकड़ा है। इस बार भी 400 से अधिक जगहों पर हिंसा, तोड़फ़ोड़, आगजनी की घटनाएं हुई हैं। 200 से अधिक अप्राथमिकी दर्ज की गई हैं, 433 लोगों की गिरफ्तारियां की गई हैं और करीब 1100 लोग हिरासत में लिए गए हैं। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 2.40 लाख जवान तैनात किए गए थे। सीएपीएफ की 500 कंपनियां और तैनात की जा रही हैं, लेकिन बंगाल का 'रक्तचरित्र' यथावत है, कोई अंकुश नहीं, कोई बदलाव नहीं। बेशक प्रधानमंत्री मोदी 'बदला नहीं, बदलाव' की अपील करते रहें। इस बार चुनाव के दौरान अपेक्षाकृत बहुत कम हिंसा हुई। हत्या कोई नहीं हुई थी, लेकिन चुनाव और जनादेश के बाद बंगाल का 'रक्तरंजित' चरित्र सामने आ गया। दरअसल बंगाल में जो 'रक्तबीज' कांग्रेस ने बोया था, उससे पैदा हिंसा की फसलों को वाममोर्चे की सत्ता के दौरान 'संस्थानगत' आकार दिया गया। तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई, तो वामदलों के गुंडे, अपराधियों ने निष्ठाएं बदल लीं और तृणमूल के साथ जुड़ गए। नतीजतन 15 साल की सत्ता के दौरान हिंसा, हत्या, दादागीरी, गुंडई और इलाकाई बदमाशी का एक 'इकोसिस्टम' तैयार हो गया। तृणमूल के गुंडे, हमलावर आज भी उसी सिस्टम की धमकियां दे रहे हैं, लिहाजा भाजपा सरकार के सामने सबसे विराट चुनौती यही है कि उस सिस्टम को प्राथमिकता के साथ कुचला जाए। अब जनादेश के बाद उन दफ्तरों को छुड़ाने के लिए उत्पात मचाए जा रहे हैं, जिन पर किसी अन्य दल ने कब्जा कर लिया था। ऐसे हमले तृणमूल के दफ्तरों पर अधिक हो रहे हैं। तृणमूल दफ्तरों पर बुलडोजर चलाने की भी खबरें हैं।

## आजादी का मोल तो जान लिया, पर नागरिक होने का फर्ज कब सीखेंगे?



दिलीप पाठक

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 10 मई की तारीख महज एक घटना नहीं, बल्कि एक हमारी चेतना के उदय का प्रतीक है। संयोग देखिए कि वर्ष 1857 के उस रविवार और आज के रविवार में एक अद्भुत समानता है - वही तारीख और वही दिन। लेकिन इस समानता के बीच समय का एक लंबा फासला है, जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि जिस आजादी की नींव मेरठ की उन गलियों में रखी गई थी, उसे एक नागरिक के तौर पर हमने कितना समझा है। 10 मई 1857 की उस शाम मेरठ छावनी में जब भारतीय सैनिकों ने विद्रोह का बिगुल फूंका, तो वह केवल एक सैन्य बगावत नहीं थी। वह बरसों से दबे हुए उस गुस्से की आवाज थी, जो ब्रिटिश शासन के जुल्म और बेइज्जती के खिलाफ पनप रहा था।

अक्सर कहा जाता है कि बगावत चर्बी वाले कारतूसों की वजह से हुई, लेकिन असल में यह लड़ाई अपनी मिट्टी और अपनी पहचान को बचाने की थी। सोचिए, उस दौर में न तो आज की तरह मोबाइल फोन थे और न ही इंटरनेट। उन सैनिकों के पास लड़ने के लिए न तो बहुत आधुनिक हथियार थे और न ही सुख-सुविधाएं। इसके बावजूद उन्होंने 'रोटी और कमल' जैसे साधारण प्रतीकों के जरिए पूरे देश को जोड़ दिया। यह जुड़ाव इतना मजबूत था कि आज की इस सूचना क्रांति के दौर में भी वह एक मिसाल है। मेरठ से दिल्ली की ओर बढ़ने वाले उन क्रांतिकारियों के बीच धर्म, जाति या इलाके की कोई दीवार नहीं थी। उस वक्त उनके सामने सिर्फ एक ही लक्ष्य था - देश को गुलामी की जंजीरों से बाहर निकालना। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सैनिकों ने आपसी मतभेद भुलाकर कंधे से कंधा मिलाया और दिल्ली के तख्त को अपना नेतृत्व सौंपा।

भारतीय एकता के उस सुनहरे दौर को आज के विखंडित होते समाज मे फिर से याद करने की बहुत जरूरत है। लेकिन जब हम आज के हालात में उस महान क्रांति को देखते हैं, तो कई कड़वी सच्चाईयां सामने आती हैं।

आजादी मिले साढ़े सात दशक बीत चुके हैं, पर क्या हम वाकई एक जागरूक और चेतना संपन्न नागरिक बन पाए हैं? आज हमारे पास संविधान से मिले अधिकार तो हैं, परंतु हम उनके लिए लड़ना नहीं जानते और जब उन्हीं अधिकारों के साथ जुड़ी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की बात आती है, तो हम अक्सर मुंह फेर लेते हैं। आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हम आजादी का मतलब सिर्फ 'बाधाओं से मुक्ति' या अपनी मनमर्जी करना समझ बैठे हैं। हमें लगता है कि आजादी का मतलब है कि हमारे ऊपर कोई रोक-टोक न हो, जबकि असली आजादी खुद पर नियंत्रण रखने और अपने उत्तरदायित्वों को निभाने में है।

सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाना, ट्रैफिक के नियमों को मजाक समझना और आपस में बढ़ती कड़वाहट - ये सब इस बात का प्रमाण हैं कि हमें अपने हक तो याद हैं, लेकिन हम अपने कर्तव्यों के मामले में बिल्कुल मौन हैं। हमें यह समझना होगा कि 10 मई की वह क्रांति केवल अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने के लिए नहीं थी, बल्कि एक ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र के निर्माण के लिए थी जहाँ हर इंसान की इज्जत हो। तो खुद से पूछना चाहिए कि आज बतौर नागरिक हमारी वो इज्ज़त है, जिसके लिए हमारे पुरखे लड़े। क्या हम उन शहीदों के सपनों जैसा समाज बना पा रहे हैं? 10 मई का यह ऐतिहासिक दिन हमें केवल पुराने गौरव को याद करने का मौका नहीं देता, बल्कि हमें आगाह भी करता है। यह याद दिलाता है कि आजादी खैरात में मिली कोई चीज नहीं है, बल्कि यह एक साधना है जिसे हर नागरिक को अपने अच्छे आचरण से बचाकर रखना पड़ता है। अगर हम वाकई उन क्रांतिकारियों को सम्मान देना चाहते हैं, तो हमें अपनी आजादी को अनुशासन के साथ जीना होगा। जिस दिन हम अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को अपने अधिकारों के बराबर खड़ा कर देंगे, उसी दिन 1857 की वह क्रांति सही मायने में सफल मानी जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक यात्रा को समझने की करें तो भी इस ऐतिहासिक क्षण को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल रहे अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था और तभी से बंगाल की राजनीति में एक बड़े वैचारिक संघर्ष की शुरुआत हो गई थी। नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराने के बाद उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया। 4 में 2026 को रिजल्ट आए इस चुनाव में भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को 15,000 से अधिक वोटों से हराना केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि प्रतीकात्मक राजनीतिक संदेश भी था।**

# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 8 मई 2026 का दिन एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया,जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायक दल की बैठक में शुभेंदुअधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया,विधायक दल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। विधायकों को को पूरा मौका दिया गया कोई दूसरा नाम नहीं आया था ऐसा पर्यवेक्षक ने प्रेस में बताया।प्रस्ताव क़ा समर्थन आठ से अधिक विधायकों सहित कई विधायकों ने किया और सर्वसम्मति से उन्हें नेता चुना गया जिसकी घोषणा पर्यवेक्षक अमित शाह ने की तथा माला पहनाकर उनको गले लगाया, वे अपने पास गृह विभाग रख सकते हैं। संभवतः भाजपा दो उपमुख्यमंत्री वाला मॉडल अपना सकती है,जिसमें एक संभवतः रूपा गांगुली व दूसरा दार्जिलिंग क्षेत्र से बनाने की संभावना है और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश होगी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि मुख्यमंत्री चुनकर एक ऐसे राजनीतिक अध्याय की शुरुआत कर दी हैं, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक असंभव मानी जाती थी। दशकों तक वामपंथ और फिर तृणमूल कांग्रेस के प्रभुत्व वाले बंगाल में भाजपा का सत्ता तक पहुंचना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि भारत की बदलती राजनीतिक धारा, क्षेत्रीय राजनीति के पुनर्संतुलन और राष्ट्रीय दलों के विस्तार की नई कहानी है। कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक पर केवल भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों की भी नजर थी, क्योंकि यह तय होना था कि आखिर उस ऐतिहासिक जनादेश का नेतृत्व कौन करेगा जिसनेबंगाल की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। अंततः वही हुआ जिसकी राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से चर्चा थी शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया और उनके मुख्यमंत्री बनने का मार्ग औपचारिक रूप से प्रशस्त हो गया।

साथियों बात अगर हम इस ऐतिहासिक स्थिति की करें तो यह फैसला केवल एक व्यक्ति के मुख्यमंत्री बनने की कहानी नहीं है,बल्कि यह उस राजनीतिक यात्रा का परिणाम है जिसमें बंगाल की जनता ने लंबे समय से स्थापित सत्ता संरचना को चुनौती देते हुए एक नए विकल्प पर भरोसा जताया। भाजपा को 293 में से 207 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिलना इस बात का संकेत है कि राज्य की राजनीति में व्यापक जनमत परिवर्तन हुआ है। यह जीत सामान्य चुनावी सफलता नहीं मानी जा सकती, क्योंकि बंगाल लंबे समय तक भाजपा के लिए सबसे कठिन राजनीतिक क्षेत्रों में गिना जाता था। ऐसे में शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री चुना जाना भाजपा की रणनीतिक



राजनीति, संगठनात्मक विस्तार और बंगाल में क्षेत्रीय भावनाओं को समझने की क्षमता का सटीक परिणाम माना जा रहा है। साथियों बात अगर कर हम मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक यात्रा को समझने की करें तो भी इस ऐतिहासिक क्षण को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल रहे अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था और तभी से बंगाल की राजनीति में एक बड़े वैचारिक संघर्ष की शुरुआत हो गई थी। नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराने के बाद उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया। 4 में 2026 को रिजल्ट आए इस चुनाव में भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को 15,000 से अधिक वोटों से हराना केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि प्रतीकात्मक राजनीतिक संदेश भी था। यह उस नेतृत्व परिवर्तन का संकेत था जिसमें बंगाल की जनता ने राज्य की राजनीति को नई दिशा देने का फैसला किया।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक दृष्टि से इसे देखकर समझने की करें तो भारी जीत के साथ दर्ज किए गए इस चुनाव में एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीति अपनाई। लंबे समय तक यह आरोप लगाया जाता रहा कि भाजपा बंगाल में बाहरी नेतृत्व पर निर्भर है और उसके पास स्थानीय बंगाली चेहरा नहीं है। लेकिन इस चुनाव में पार्टी ने स्पष्ट रूप से स्थानीय नेतृत्व को केंद्र में रखा। शुभेंदु अधिकारी को चुनाव अभियान का प्रमुख चेहरा बनाना इसी रणनीति का हिस्सा था। भाजपा ने समझ लिया था कि बंगाल जैसे सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील राज्य में केवल राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर सत्ता हासिल करना संभव नहीं होगा। इसलिए बंगाली अस्मिता,क्षेत्रीय गौरव और स्थानीय नेतृत्व को प्रमुखता दी गई।शुभेंदु अधिकारी इस रणनीति के सबसे उपयुक्त चेहरे साबित हुए।

साथियों बात अगर कर हम विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया की करें तो केंद्रीय गृह मंत्री की विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मौजूदगी ने इस फैसले को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया।यह केवल औपचारिक उपस्थिति नहीं थी बल्कि इससे यह संदेश गया कि भाजपा नेतृत्व बंगाल की सत्ता परिवर्तन को राष्ट्रीय राजनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है।अमित शाह लंबे समय से बंगाल भाजपा के विस्तार के प्रमुख रणनीतिकार रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया और राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास किया। विधायक दल की बैठक में उनकी मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि बंगाल में बनने वाली सरकार केवल राज्य की सरकार नहीं बल्कि भाजपा की राष्ट्रीय राजनीतिक परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

साथियों बात अगर हम शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने के पीछे कई राजनीतिक कारण रहे, इसको समझने की करें तो सबसे पहला कारण उनका मजबूत जनाधार है। वे लंबे समय से बंगाल में भाजपा के सबसे आक्रामक नेताओं में गिने जाते रहे हैं। उनकी राजनीतिक शैली सीधे जनसंपर्क और तीखे राजनीतिक हमलों के लिए जानी जाती है। ग्रामीण बंगाल में उनका प्रभाव विशेष रूप से मजबूत माना जाता है। भाजपा को यह एहसास था कि बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से जटिल राज्य में ऐसे नेता की आवश्यकता होगी जो संगठन और जनता दोनों के बीच समान रूप से प्रभावशाली हो।अधिकारी इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरे।दूसरा महत्वपूर्ण कारण उनका राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक समझ है। तृणमूल कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने लंबे समय तक संगठन और सरकार दोनों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई। उन्हें बंगाल की प्रशासनिक संरचना, स्थानीय सत्ता समीकरण और क्षेत्रीय सामाजिक संरचना की गहरी समझ है। भाजपा के लिए यह अनुभव अत्यंत उपयोगी माना गया क्योंकि सत्ता परिवर्तन के बाद सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने की होगी।

# सपनों के शहर में संघर्ष करती बस्तियां



चंचल

भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊँची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियाँ भी हैं जहाँ जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है। शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले यही प्रवासी मजदूर और उनके परिवार अक्सर उन बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं जहाँ न साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होती है, न पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता। इन बस्तियों में केवल गरीबी और संघर्षों की कहानियाँ ही छिपी नहीं होती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता, प्रशासनिक उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का भी आईना होता है।

राजस्थान के जयपुर स्थित बाबा रामदेव स्लम बस्ती इसका एक जीवंत उदाहरण है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस बस्ती की जनसंख्या 500 से अधिक है। इसमें लोहार, मिरासी, रद्दी बेचने वाले, फ़कीर, शादी ब्याह में ढोल बजाने वाले, बांस से सामान बनाने वाले बागरिया समुदाय और दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वालों की संख्या अधिक है. इस बस्ती में साक्षरता की दर भी काफी कम है. यहाँ रहने वाले अधिकांश परिवार राजस्थान और देश के अन्य राज्यों के ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में आए हैं। जहां शहर ने उन्हें काम तो दिया, लेकिन सम्मानजनक जीवन नहीं।

**भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।**

इस बस्ती में गंदगी और जलभराव आम समस्या है। संकरी गलियों में कूड़े के ढेर, खुले नाले और दूषित जल स्रोत बीमारियों को खुला न्योता देते हैं। कई परिवारों को पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं होता, जिसके कारण डायरिया, टाइफाइड और त्वचा संबंधी बीमारियां आम हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के बावजूद इन बस्तियों तक सफाई की व्यवस्था प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई है। भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

इन समस्याओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित होते हैं बच्चे। पलायन कर इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के पास अक्सर वैध दस्तावेज़ नहीं होते, जैसे कि आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र। इसके अभाव में उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता।



शिक्षा से वंचित ये बच्चे धीरे-धीरे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई बच्चे नशे की लत का शिकार हो जाते हैं या फिर बाल मजदूरी करने लगते हैं। सड़कों पर काम करते, कूड़ा बीनते या छोटे-मोटे ढाबों पर काम करते बच्चे हमारे समाज की उस सच्चाई को उजागर करते हैं जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

विशेष रूप से किशोरियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। शिक्षा के अभाव और सामाजिक दबाव के कारण इनकी कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है। जल्द ही वे मातृत्व की जिम्मेदारी उठा लेती हैं, लेकिन पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार भारत में 15-19 वर्ष की लगभग 23 प्रतिशत किशोरियाँ कुपोषण से ग्रस्त हैं, और स्लम क्षेत्रों में यह प्रतिशत और भी अधिक है। स्लम बस्तियों में महिलाओं की स्थिति भी बेहद असुरक्षित होती है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और शोषण के मामले यहाँ अधिक देखने को मिलते हैं। तंग गलियाँ, असुरक्षित वातावरण और सामाजिक जागरूकता की कमी महिलाओं के लिए भय का कारण बनती है। कई महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं होतीं, जिससे वे हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने में भी असमर्थ रहती हैं। यह स्थिति न केवल महिलाओं के अधिकारों का हनन है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी बाधा उत्पन्न करती है।

बाबा रामदेव स्लम बस्ती में रहने वाली एक किशोरी की कहानी इस स्थिति को और स्पष्ट करती है। वह बताती है कि कैसे उसके माता-पिता के पास कोई दस्तावेज नहीं होने के कारण वह स्कूल नहीं जा पाई। कुछ समय बाद उसकी शादी कर दी गई और अब वह कम उम्र में ही माँ बन चुकी है। पोषण की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण उसका बच्चा भी कमजोर है। यह केवल एक कहानी नहीं, बल्कि हजारों ऐसी लड़कियों की सच्चाई है जो अपने सपनों को जीने से पहले ही जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती हैं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए केवल सरकारी योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी आवश्यक है। सबसे पहले, स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए दस्तावेज़ बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना होगा, ताकि उनके बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके। मोबाइल स्कूल, सामुदायिक शिक्षा केंद्र और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी से बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सकता है। साथ ही, स्वच्छ पेयजल और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी। स्थानीय प्रशासन को इन बस्तियों में नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और जल आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। किशोरियों और महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है, ताकि वे कुपोषण और स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें। महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान और कानूनी सहायता केंद्र भी स्थापित किए जाने चाहिए।

अंततः, यह समझना होगा कि स्लम बस्तियों में रहने वाले लोग समाज के हाशिए पर खड़े वे नागरिक हैं, जिनकी मेहनत से शहर चलता है। उन्हें केवल दया नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान की आवश्यकता है। यदि हम वास्तव में एक समावेशी और विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, तो इन बस्तियों की स्थिति में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक शहर के हर कोने में रहने वाले लोगों को समान अवसर और सुविधाएँ नहीं मिलेंगी, तब तक सपनों के शहर में संघर्ष करती बस्तियां नजर आती रहेंगी।

# जीवन का सुख-चैन छीनता अहंकार



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

भले ही हमने शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईश्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।

हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे ज़िंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं।

क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के

**राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बर्बादी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं।**




बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बर्बादी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं। हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दर्शाना भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मो से महान नहीं बन पाते।

अहंकार अक्सर हमारी झूठी आत्म-छवि को बचाने के लिए असलियत को तोड़-मरोड़ देता है, जिससे गलतियाँ मानना या आलोचना स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है, अहंकार अगर हावी हो जाये तो खुद को सही साबित करने में लग जाते है, जिससे टकराव उत्पन्न होता हैं। अहंकार में मनुष्य खुद को महान या सर्वगुण संपन्न समझता है जिससे दूसरों के प्रति हीन भावना उत्पन्न होती हैं। अहंकार हमें दूसरों की राय और भौतिक सफलता की बहुत ज़्यादा परवाह करने पर मजबूर करता है, जिससे हमें चिंता और नाखुशी होती है, जीवन में उदासी छाती हैं। इससे लोग अच्छा करने के बजाय अच्छा दिखने को या शॉर्टकट लेने को प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। अहंकार ज़िंदगी पर गहरा असर डालता है, बढ़ा हुआ अहंकार कुछ नया सीखने में रुकावट डालता है, हार होने के डर से विकास को रोकता है, और लगातार अन्यों से तुलना करके दुखी महसूस करता है, जबकि हमारे नियंत्रण में अहंकार हो तो अपनी शान बढ़ाने के बजाय हम खुद को बेहतर बनाने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करते है, जिससे समायोजित करने की क्षमता, गहरे रिश्ते और उत्पादकता बढ़ती हैं।

खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है।

# 2.74 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद फतेहपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर कुमार ने दीवानी न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलाश गांगुली ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत का आयोजन केवल मुख्य न्यायालय परिसर तक सीमित न रहकर ग्राम न्यायालय बिंदकी, वाह्य न्यायालय

### राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐतिहासिक निस्तारण

खागा, तहसील सदर, खागा, बिंदकी, कलेक्ट्रेट परिसर, सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत कार्यालयों, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, दूरसंचार कार्यालय तथा जनपद के समस्त बैंकिंग संस्थानों में भी किया गया। वादकारियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थलों पर हेल्पडेस्क स्थापित कर उन्हें मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया।

जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत आमजन को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए, जिससे न केवल लंबित वादों में कमी आए बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द भी बना रहे। इस लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के मामलों का बड़े पैमाने पर निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण द्वारा 69 मामलों का निस्तारण करते हुए लगभग 4 करोड़ 78 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया गया।

# मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है : गौरव सिंह



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** कम्पोजिट विद्यालय इजूरा खुर्द में मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। संचालन आदर्श शिक्षक गौरव सिंह भदौरिया ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है, जिनके त्याग, स्नेह और संस्कार अमूल्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, पोस्टर व चार्ट निर्माण, कविता लेखन एवं वाचन तथा ग्रीटिंग कार्ड बनाने जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कला और भावनाओं के माध्यम से मां के प्रति प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। कई विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा तैयार किए गए चित्र और पोस्टर आकर्षण का केंद्र रहे।

# डीएम व एसपी ने थाना हुसैनगंज का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना हुसैनगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, हवालात तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और व्यवस्थाओं को

### व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

बेहतर करने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और हर शिकायत को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, थाना प्रभारी, राजस्व लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चक्ररोड पर हो रहा पेट्रोल पंप निर्माण किसान पहुंचे एसडीएम के पास

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मामला गोवर्धन तहसील के राधाकुंड क्षेत्र का है जहां मौजा राधाकुंड के चक रोड संख्या 1863 पर भूमाफिया मुरारी द्वारा पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा था है जो अवैध है जिसकी शिकायत लेकर दर्जनों किसान आज दिनांक 8 मई 2026 को एसडीएम कार्यालय पहुंचे और लिखित प्रार्थना पत्र देकर चक रोड पर हो अवैध पेट्रोल पंप निर्माण कार्य को रुकवा कर चकरोड को खाली कराने की गुहार लगाई जिस पर सुनवाई करते हुए एसडीएम गोवर्धन ने तुरन्त निर्माण रुकवा कर चकरोड खाली कराने का अधीनस्थ अधिकारियों तहसीलदार, नायब तहसीलदार,कानूनगो और लेखपाल को आदेश दिया है किसानों का कहना है कि हम सन 2020 से इस चक रोड पर दबंग द्वारा कब्जा किए जाने

### हफ्ते भर पहले कानूनगो और लेखपाल ने निर्माण न करने के करे थे आदेश

की शिकायत प्रशासन को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कर रहे हैं और एक टीम गठित भी हुई जिसे 27 अप्रैल 2026 को उक्त प्रकरण के निस्तारण की जानकारी एसडीएम गोवर्धन को देनी थी मगर सब कागजों में सिमट कर दब गया किसानों ने आशा जताई है कि वर्तमान एसडीएम गोवर्धन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुई जरूर निराकरण कर दबंग के खिलाफ कार्यवाही करेंगे और योगी सरकार में भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान को जारी रखेंगे शिकायत लेकर पहुंचे लोगों में दीपक गिरधर, संजीव मल्होत्रा, रवि कुमार , चंद्रबाबू, रामबाबू, विनोद, उमाशंकर, ओमप्रकाश, राजेंद्र ओमी आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में 8000 रक्त यूनिट संग्रह करके, बनाया रिकॉर्ड

**मथुरा।** ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के साथ टीम को भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें परशुराम शोभायात्रा से पूर्व आयोजित रक्तदान शिविर एवं उनके और उनकी टीम को समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष कार्यों के लिए प्रदान किया गया। भगवान परशुराम शोभा यात्रा मथुरा के द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा राष्ट्रीय महासचिव गौरव कांत शर्मा युवा अध्यक्ष आयुष शर्मा ने संयुक्त रूप से परशुराम भगवान की चित्र छवि पगड़ी दुपट्टा पहन कर विनोद दीक्षित को किया सम्मानित । विनोद दीक्षित के नेतृत्व में अब तक मथुरा जनपद में लगभग 8000 रक्तदाताओं के सहयोग से 8000 जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है।

# जल जीवन मिशन का असर दिखने लगा गांवों में बदली ग्रामीणों की जिंदगी

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जनपद में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का कार्य लगातार जारी है। शुक्रवार को दूसरे दिन प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने विकासखंड अमौली की ग्राम पंचायत उदुपुर, हथगांव की अजतूपुर तथा ऐराया ब्लॉक की सराय इदरीस और लाडलेपुर ग्राम पंचायतों का दौरा कर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी।

विशेषज्ञ टीम ने प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों और ग्रामीण घरों तक पहुंचकर लोगों से संवाद किया तथा विस्तृत सर्वेक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि घर-घर नल से जल पहुंचने के बाद ग्रामीणों, खासकर महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब उन्हें पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों या अन्य स्रोतों पर निर्भर

### अमौली, हथगांव और ऐराया क्षेत्र में विशेषज्ञ टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

नहीं रहना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि शुद्ध पेयजल की नियमित उपलब्धता से हैजा, टाइफाइड जैसी दूषित जलजनित बीमारियों में भी काफी कमी आई है। टीम ने उदुपुर और अजतूपुर गांवों में निर्मित जल टंकियों, पाइपलाइन वितरण व्यवस्था और पेयजल गुणवत्ता मानकों की तकनीकी जांच भी की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजनाओं के रखरखाव एवं भविष्य में उनकी निरंतरता सुनिश्चित करने पर चर्चा की। मूल्यांकन टीम में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। इस दौरान जिला समन्वयक राजमुनि, सहायक अभियंता आशीष, अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा एवं मोहित, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर, ग्राम प्रधान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** सरस्वती शिशु मंदिर बालमभट्ट में शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार सक्सेना पूर्व प्रधानाचार्य ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इसके माध्यम से बच्चों में अनुशासन, कार्य के प्रति समर्पण भावना विकसित होती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदेश कुमार गोस्वामी ने की। गोस्वामी ने विद्यालय की संस्कार परक शिक्षा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज इन संस्थानों के निकले छात्र स्वाबलंबी बनकर अनेक विभागों में कुशलता पूर्वक अपना योगदान दे रहे हैं। अंत में पूर्व आचार्य रमाकांत शर्मा ने शिशु भारती के भैया बहिनों को शुभाशीष प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक बाबू लाल ने किया। इस अवसर पर इति, मधु विशाखा हिमांशी अंजुम शिवी निमिषा एवं मधुसूदन, योगेश, नितिन, आचार्य बंधुओं आचार्य बहिनें उपस्थित रहे।

### स्कूली वाहनों के सम्बन्ध में हुई समीक्षा

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-I) राजेश कुमार ने बताया कि समस्त सम्मानित विद्यालय संचालकों, प्रबन्धक, प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, उरई (जालौन) में स्कूली वाहनों के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। उसमें पाया गया कि कुछे वाहनों के परमिट की वैधता समाप्त हो गई है और ऐसे वाहनों के परमिटों का नवीनीकरण, निरस्तीकरण विद्यालय प्रबन्धन द्वारा नहीं कराया गया है। अतः विद्यालय संचालकों, प्रबन्धक, प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि ऐसे वाहनों के परमिटों का नवीनीकरण, निरस्तीकरण करालें अन्यथा की स्थिति में कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मॉडल कंडीशन पूर्ण कर चुके स्कूली वाहनों के परमिट होंगे निरस्त।

# लोक अदालत : जिला प्रशासन में 236828 मामलों को कराया निस्तारित

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत् उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी क्रम में आज जनपद न्यायाधीश द्वारा नवीन पहल करते हुये जनसामान्य के लिये स्वास्थ्य शिविर, एक जिला एक उत्पाद एवं जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन लोकअदालत में किया गया।

राष्ट्रीय लोकअदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। द्वारा बताया गया कि आज माननीय जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जिला जज द्वारा 22 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 1,26,85,153/- रू0 धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 15 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलें निस्तारित किये। इनके द्वारा 04 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा 34 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इनके द्वारा 02 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 78 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 29,20,000/-रू0 धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी।

# रेडक्रॉस दिवस पर चिकित्सकों छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मानवता की सेवा में अग्रणी के.डी. विश्वविद्यालय तथा रेडक्रॉस सोसाइटी मथुरा के संयुक्त प्रयासों से शुक्रवार को के.डी. हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर तथा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर में दो दर्जन से अधिक चिकित्सकों तथा मेडिकल छात्र-छात्राओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर में सबसे पहले केडी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विकास कुमार अग्रवाल ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर के शुभारम्भ पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. चित्रेश, डॉ. आलोक कुमार एवं केडी यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अरुण अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. विकास कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अम्बरीश कुमार एवं के.डी. मेडिकल कॉलेज के

### के.डी. हॉस्पिटल और रेडक्रॉस सोसाइटी ने दिया मानवता का संदेश

डीन और प्राचार्य डॉ. आर.के. अशोका, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गगन दीप सिंह, प्रो. डॉ. गुलशन कुमार एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन महेश खंडेलवाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान का सिलसिला लगभग तीन बजे तक चला जिसमें चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के समापन समारोह में केडी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. मनेष लाहौरी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास अग्रवाल, डीन और प्राचार्य डॉ. आर.के. अशोका ने रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। उसमें आयोजित व्याख्यान में रेडकॉस सोसायटी मथुरा के चेयरमैन महेश खंडेलवाल ने मानवता की सेवा में रेडक्रॉस सोसाइटी की भूमिका और उसके कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# वेतन व अन्य बिलो की भुगतान पर गहनता से हो जांच तो बड़ा कांड खुलेगा मथुरा में

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रदेश के पीलीभीत जिला में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कम्प्यूटर पर वेतन बिल बना कर करोड़ो रुपए का अनियमित वेतन व अन्य बिलो का भुगतान का बड़ा मेटर के खुलासे के बाद योगी सरकार की नींद खुली है पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का झूठा निस्तारण का यदि समय रहते मुख्यमंत्री कार्यालय संज्ञान ले लेता तो सरकार ओर माध्यमिक शिक्षा विभाग की छवि खराब होने से बच सकती थी।

मथुरा में भी अनियमित वेतन व अन्य बिलो के भुगतान की शासन स्तर से जांच हो तो पीलीभीत से भी बड़ा मेटर सामने आ सकता हैं पीलीभीत प्रकरण से मुख्यमंत्री कार्यालय की आखे खुलने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रदेश में जांच कराने के आदेश जारी किए। रचना जयसवाल अनुसचिव

### पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर आरोपी स्वयं जांच अधिकारी बन कर देते है झूठा निस्तारण

उत्तर प्रदेश शासन ने डा महेंद्र देव शिक्षा निदेशक माध्यमिक को कड़ा पत्र जारी करते हुए गहरी नाराज़गी प्रकट करते हुए पूरे प्रदेश के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अनियमित वेतन व अन्य बिलो के भुगतान की जांच कराने के निर्देश दिए। डॉ महेंद्र देव शिक्षा ने प्रदेश के सभी सयुक्त शिक्षा निदेशक को पत्र निर्गत करते हुए आदेश दिया की वह अपने मंडल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में वेतन व अन्य बिलो आहरण से संबंधित संवेदनशील कार्यों की गहनता जांच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी का नाम सहित उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव निदेशालय को भेजे ।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मथुरा की अनियमित वेतन भुगतान व अन्य बिलो के आहरण के संबध मे पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत संदर्भ संख्या 40014526007725 व 40014526011633 का जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा फर्जी निस्तारण कर दिया गया जबकि एक अन्य अनियमित वेतन भुगतान आहरण के संबध में पोर्टल पर दर्ज शिकायत संदर्भ संख्या 60000260046964 का अभी तक निस्तारण नहीं करने से जांच अधिकारियों पर उंगली उठने लगी है क्योंकि उक्त शिकायत में विभाग के अधिकारी स्वयं फंस रहे है मजे की बात यह है कि इस प्रकरण में जांच अधिकारी यशपाल सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक ओर शैलेंद्र कुमार सिंह वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक जो इस कार्यालय में संबद्ध हैं ओर उनके द्वारा ही अनियमित वेतन भुगतान किया जा रहा है।

# ओवरलोडिंग पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' 13 वाहन किये गये सीज



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में जनपद में अवैध मिट्टी एवं मौरंग खनन और परिवहन माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में बीती रात दो बड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जनपद में नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जालौन रिंकू सिंह को रात्रि प्रतापुरा में अवैध मिट्टी खनन की सूचना प्राप्त हुई। रिंकू सिंह तत्काल प्रतापपुरा पर हो रहे अवैध मिट्टी खनन पर छापेमारी की गई। अवैध मिट्टी खनन में लिप्त 05 ट्रैक्टर और 01 जेसीबी को पकड़कर नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए कोतवाली जालौन में निरुद्ध किया गया। मौके पर राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), उमेश कुमार खनिज विभाग व कोतवाली कालपी की टीम मौजूद रही। इसी प्रकार मनोज कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी, कालपी व अवधेश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, कालपी के नेतृत्व में कालपी क्षेत्र में एनआर एवम् ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस सघन चेकिंग अभियान में मौरंग लदे 06 ओवरलोड ट्रक और गिट्टी से लदा 01 ओवरलोड ट्रक के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया है।

# तीन अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार पांच बाइक बरामद

## मुगलसराय पुलिस टीम ने अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में पाई सफलता

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में उस समय बड़ी सफलता मिली जब मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा वीआईपी गेट पर चेकिंग किया जा रहे थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुढेखुर्द के पास तालाब किनारे कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश दी गयी तथा तीन व्यक्तियों को पांच मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ लिया गया।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम क्रमशः लोटन पाल उर्फ विजय पाल पुत्र हीरालाल पाल निवासी म0न0- सी-6/81 बाग वरियार सेनपुरा थाना चेतगंज वाराणसी उम्र 28 वर्ष , सचिन जायसवाल पुत्र स्व0 विनोद कुमार जायसवाल निवासी म0न0- सी-7/262 सेनपुरा थाना चेतगंज वाराणसी उम्र 28 वर्ष ,ऋतिक जायसवाल पुत्र गंगासागर जायसवाल निवासी ए-35/181 जलालीपुरा थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र 23 वर्ष अभियुक्तों के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में ई-चालान एप से जांच की गयी, जिसमें कई वाहन विभिन्न जनपदों से चोरी होना पाया गया।

पुछ-ताछ के दौरान सभी ने बताया की हम लोग पिछले काफी समय से अपने साथियो के साथ मिलकर मोटर साइकिल चोरी करने का काम करते है। हम लोग वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर तथा आसपास के जनपदों में घूम-घूमकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, घाट, बाजार, अस्पताल तथा सुनसान पार्किंग स्थलों से मोटर साइकिल चोरी करते थे। चोरी करने के बाद मोटर साइकिलों को कुछ दिन अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखते थे तथा जब पांच-छः मोटर साइकिल इकट्ठा हो जाती थीं तब उन्हें बिहार ले जाकर कम दामों में बेच देते थे।

दिनांक 09 अप्रैल को मैं (लोटन पाल) अपने साथी सचिन जायसवाल व ऋतिक जायसवाल के साथ ग्राम कुढेखुर्द के पास तालाब किनारे पांच चोरी की मोटर साइकिल लेकर खड़ा था। हमारे अन्य साथी बाबू पुत्र पप्पू राजभर निवासी बाग बरियारपुर थाना चेतगंज वाराणसी तथा शुभम पाल पुत्र गोपाल पाल निवासी बाग बरियारपुर थाना चेतगंज वाराणसी किसी चार पहिया मैजिक वाहन की व्यवस्था करने गये थे ताकि हम लोग इन मोटर साइकिलों को वाहन में लादकर बिहार ले जाकर बेच सकें। उसी दौरान पुलिस टीम द्वारा हम लोगों को पकड़ लिया गया। लोटन पाल उर्फ विजय पाल पुत्र हीरालाल पाल निवासी म0न0- सी-6/81 बाग वरियार सेनपुरा थाना चेतगंज वाराणसी उम्र 28 वर्ष कब्जे से तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है पूछने पर लोटन ने बताया की मैंने वह तमंचा अपनी सुरक्षा तथा लोगों को डराने-धमकाने के उद्देश्य से रखा था ताकि चोरी करते समय कोई विरोध करे तो उसे भय दिखाकर भाग सकूँ। मेरे पास से जो तीन एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं वे भी चोरी के हैं। हम लोग भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की जेब से मोबाइल चोरी कर लेते थे तथा बाद में उन्हें बेच देते थे।

# अद्वितीय पराक्रम की प्रतिमूर्ति थे महाराणा प्रताप : राही



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा पराधीन भारत में वीरता साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल स्वतंत्रता समता बंधुत्व के प्रणेता महावीर महाराणा प्रताप सिंह जी की 486 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर पर किया गया। जिसका संचालन आकाश बाबू एवं अध्यक्षता विजेंद्र सिंह बौद्ध ने की। पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी शेरगढ़िया एवं डॉ सुरेश चंद संयोजक समान शिक्षा मिशन ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप के जीवन की प्रेरक घटनाओं पर प्रकाश डाला, और महाराणा प्रताप को पराधीन भारत में मातृभूमि प्रेम की अद्भुत मिसाल बताकर याद किया। अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता पराक्रम और साहस की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने वीरता देश प्रेम मातृभूमि प्रेम साहस पराक्रम जैसे मूल्यों का संरक्षण प्राण न्योछावर करके किया। उनका त्याग आज भी प्रासंगिक है। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सागर सिंह, सौदान सिंह, संजीव कुमार, पुनीत कुमार, आकाश बाबू,असलम कुरैशी, साबिर खान, विजेंद्र बौद्ध, अजय आदि मौजूद रहे।

# सपाध्यक्ष ने अब तक पीड़ित परिवार का नहीं जाना हाल : शेख ताहिर

अवधनामा संवाददाता



■ उ.प्र. सेंट्रल अध्यक्ष की अगुआई में कन्नौज रेप पीड़िता के घर एआईएमआईएम का डेलिगेशन पहुंचा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग मदरसा छात्रा को एक युवक ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया था। युवक ने तीन दिनों तक छात्रा को बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया है। कि आरोपी ने जबरन उसकी मांग भरी, पायल पहनाई और जबरदस्ती शादी करने का नाटक भी कराया।

बीते दिन इसी क्रम में एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सेंट्रल अध्यक्ष शेख ताहिर की अगुवाई में जिलाध्यक्ष इशरत खॉन ने डेलिगेशन के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि एआईएमआईएम उन्हें हर संभव कानूनी और आर्थिक मदद मुहैया कराएगी।

वही सेंटर प्रदेश अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी को आडे हांथों लेते हुये कहा कि सपाध्यक्ष अखिलेश यादव यहां से सांसद हैं इसके बाबजूद उन्होनें अब तक पीडित परिवार की सुध नही ली। कहा कि विपक्षी केवल वोट बैंक की राजनीति करते है, दुख की घडी मे गायब रहते हैं। उन्होनें प्रदेश सरकार से आर्थिक मदद करने की भी मांग की करते हुये कहा कि पीडित परिवार का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए उसकी आर्थिक मदद की जाए। कहा कि हम मजलिस पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और जब तक न्याय नहीं मिल जाता, तब तक चुप नहीं बैठेंगे। हालांकि बता दे पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## 9.25 लाख की साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना साइबर क्राइम आजमगढ़ की टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। वादी मुकदमा श्री मनोज यादव पुत्र स्व0 हरिश्चन्द्र यादव निवासी ग्राम बम्हौर थाना मुबारकपुर के साथ ऑनलाइन गेमिंग '51GAME' के नाम पर 9,25,000/- की साइबर ठगी की गई थी। इस संबंध में वादी द्वारा थाना साइबर क्राइम पर प्रार्थना पत्र देकर मु0अ0सं0 01/2025 धारा 318(4), 319(2) बीएनएस व 66ष्ट/66ष्ठ आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त अविनाश विजय पुत्र बिजय कुमार सिंह निवासी 439 खुनी गली शीतल टोला शिवगंज आरा भोजपुर बिहार, द्वितीय पता जमीराबांध आरा भोजपुर बिहार उम्र करीब 27 वर्ष को थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा गैर प्रान्त बिहार जाकर दिनांक 07.05.2026 को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

# गरीब परिवारों को महंगी दवाओं के बोझ से मिलेंगे निजात

■ 'सुमन मेडिकल स्टोर' एजेंसी को मिला जिम्मा, असमोली समेत 4 अन्य केंद्रों के लिए भी कक्ष आवंटित, जल्द होंगे शुरू

■ जागरूकता के अभाव पर जिलाधिकारी ने लिया कड़ा संज्ञान, मरीजों को समझाकर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जिले में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगी दवाओं के बोझ से निजात दिलाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अब तेज रफ्तार पकड़ रही है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की सक्रिय मॉनिटरिंग और लगातार समीक्षा के चलते जिले के 10 प्रमुख चिकित्सालयों में से 6 में जन औषधि केंद्र पूरी तरह से क्रियाशील होकर मरीजों को अपनी सेवाएं देने लगे हैं। हाल ही में गुन्नौर सीएचसी में मरीजों की कम संख्या (प्रतिदिन महज 5-6 मरीज) की बात सामने आने पर प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि इन केंद्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल और सख्ती के बाद अब मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां खरीदने की मजबूरी से हमेशा के लिए छुटकारा मिलने जा रहा है।

6 केंद्रों ने दी राहत, 4 की तैयारी तेज

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सेवा प्रदाता एजेंसी 'सुमन मेडिकल स्टोर' झांसी के जरिए इन केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में जुनावई, रजपुरा, गुन्नौर, सम्भल, नरौली के



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में जन औषधि केंद्र सुचारू रूप से चल रहे हैं। जिलाधिकारी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि असमोली, बहजोई, पवांसा और चन्दौसी सीएचसी में भी इन केंद्रों के लिए कक्ष पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन चारों केंद्रों पर डीएम की पैनी नजर है और इन्हें भी जल्द से जल्द क्रियाशील करने की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है।

जागरूकता से मिटेगा भ्रम, मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

अक्सर देखा गया है कि मरीज सरकारी अस्पताल की मुफ्त दवाओं और जन औषधि केंद्र की सस्ती दवाओं के बीच के अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। इस भ्रांति को दूर करने के लिए डीएम के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुन्नौर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजकिशोर के नेतृत्व में अब मरीजों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। मरीजों को समझाया जा रहा है कि जो दवाएं अस्पताल के स्टॉक में नहीं हैं, उन्हें बाहर से भारी कीमत पर खरीदने के बजाय अस्पताल परिसर में मौजूद जन औषधि केंद्र से बेहद कम और रियायती दरों पर प्राप्त करें। अस्पताल प्रशासन अब परिसरों में जगह-जगह जागरूकता बोर्ड लगाने जा रहा है ताकि अस्पताल आने वाला हर मरीज इस कल्याणकारी योजना का पूरा लाभ उठा सके।

# समाधान दिवस में नौ शिकायतों में से एक का हुआ निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल नौ फरियादी अपनी अपनी शिकायतें लेकर आये। जिसमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण करनें के लिये अधीनस्थों को निर्देशित करनें के उपरान्त उन्होनें कहा कि पीडितों को हर हाल मे न्याय मिलना चाहिये। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में छिबरामऊ नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में आठ शिकायतें राजस्व, जबकि एक शिकायत पुलिस से संबंधित कुल नौ शिकायतें आई। जिसमें से एक राजस्व संबधि समस्या का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिये निर्देशित करनें के उपरान्त नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर नें कहा कि राजस्व कर्मी पुलिस कर्मियों की मदद से फरियादियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करें। इस अवसर पर निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, लेखपाल राजेश कौशल, कुलदीप यादव, कौशल पाण्डेय, अभिषाक कटियार, अतुल प्रताप सिंह, श्याम नरायण सहित तमाम राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## ऑनलाइन स्व-गणना करने की जिलाधिकारी ने की अपील

**आजमगढ़।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'भारत की जनगणना 2027' का पहला चरण, यानी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO), उत्तर प्रदेश में 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक निर्धारित है।

जनगणना पदाधिकारियों द्वारा घरों की गणना से पहले, नागरिकों 15 दिनों की स्व-गणना (SE) की अवधि प्रदान की गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य के लिए, स्व-गणना (SE) चरण 7 मई से 21 मई, 2026 तक निर्धारित है, जो मकान सूचीकरण कार्य (HLO) के प्रारम्भ के पहले है। स्व-गणना जनगणना 2027 के तहत एक प्रमुख पहल है जो परिवारों को अधिकारिक पोर्टल के माध्यम से सीधे ऑनलाइन अपनी जनगणना संबंधी जानकारी उपलब्ध करने में सक्षम बनाती है। स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक परिवार अपने मकान एवं परिवार से संबंधित विवरण स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है, जिसमें आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। भारत के सामान्य निवासी जनगणना पदाधिकारी के घर पर आने से पहले https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्व-गणना कर सकते है।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस में सुनी पीड़ितों की समस्यायें



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** शासन के निर्देश पर सदर कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पीडितों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान कुल चार शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें से किसी भी समस्या का मौके पर निस्तारण नही किया जा सका। इस दौरान उन्होनें कहा कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के चलते स्थानीय कोतवाली में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही। आयोजित समाधान दिवस में डीएम व एसपी के समक्ष तीन शिकायतें राजस्व एवं एक शिकायत पुलिस संबधित आई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार नें शिकायतों को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारण करनें के लिये निर्देशित करनें के उपरान्त कहा कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई का आश्वासन दिया और प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सदर/ज्वाइंट एसडीएम वैशीली, हाजी शरीफ चौकी प्रभारी विकल्प चतुर्वेदी, कुसुमखोर चौकी प्रभारी विनय कुमार, हेड मोहर्रिर धर्मेन्द्र सिंह, कपिल पटेल, आदर्श यादव, राजकुमार सहित तमाम राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## कुलपति ने संबद्ध महाविद्यालयों को दिए निर्देश

**आजमगढ़।** जनपद स्थित महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार द्वारा स्वयं की स्वगणना की गई तथा विश्वविद्यालय से जुड़े समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से भी स्वगणना करने का आह्वान किया गया। कुलपति महोदय ने निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध सभी महाविद्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी-अपनी स्वगणना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित प्रारूप में उसकी सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिक्षक एवं महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को स्वगणना हेतु प्रेरित करें, जिससे अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। कुलपति ने अवगत कराया कि उनके स्तर से समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं, जिसके अंतर्गत सभी महाविद्यालय अपने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के मध्य स्वगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जनपद के मास् टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह एवं अरविंद कुमार यादव उपस्थित रहे तथा स्वगणना प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की ।

# महाराणा प्रताप जयंती पर राहगीरों को पिलाया शरबत



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। आईटीआई रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा पूजा-अर्चना और आरती की।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम को याद किया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि महाराणा प्रताप पूरे हिंदू समाज के स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने जीवनभर अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और मुगल सत्ता के सामने कभी झुकने का कार्य नहीं किया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं और जनप्रतिनिधियों को महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

गोष्ठी के बाद पटेल नगर चौराहे पर राहगीरों को शरबत वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया गया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, श्रवण कुमार, करण सिंह पटेल, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, मूलचंद गुप्ता, आचार्य धनंजय पांडेय, मुकेश चौरसिया, राज शर्मा, स्वामी गणेशानंद महाराज, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड़ में परिवर्तित किया जा रहा है

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग सम्भल हिमांशु वार्ष्णेय द्वारा बताया गया कि शासन के दिशा निर्देशों के क्रम में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी विधाओं के सभी संयोजनों पर स्थापित समस्त स्मार्ट मीटर जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में क्रियाशील हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में तत्काल परिवर्तित किया जा रहा है। प्रीपेड मोड़ से पोस्टपेड में परिवर्तन आरएमएस बैकएंड से उत्तर प्रदेश पाकालि. मुख्यालय स्तर से संपादित किया जाएगा।

सभी उपभोक्ताओं को माह मई 2026 की ऊर्जा खपत का माह जून 2026 में देय बिल पोस्टपेड पद्धति से निर्गत किया जाएगा।

स्मार्ट पोस्टपेड मोड़ के सभी बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस/ व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक सृजित किया जायेगा। जिन उपभोक्ताओं को समय से बिल प्राप्त न हो वह पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के +9178-5980-4803 व्हाट्सएप चेटबोट पर संयोजन संख्या सूचित कर अपना बिल प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बिल 1912 पर आईवीआरएस के माध्यम से भी प्राप्त किये जा सकेंगे।

सभी नए संयोजन स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में निर्गत किए जाएंगे। चूंकि पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तन के समय उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी धनराशि बिल में समायोजित कर दी गई थी अतः पूर्व की भांति उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2005 के प्रावधानों के अनुसार पुनः पोस्टपेड मोड में परिवर्तन वर्तमान में प्रचलित कॉस्ट डाटा बुक 2026 में उपभोक्ता के विधा एवं स्वीकृत भार के अनुसार तथा निर्धारित सिक्योरिटी धनराशि चार समान किस्तों में उपभोक्ताओं के माह जून 2026(जुलाई 2026 में सृजित) एवं पश्चात वर्ती 3 मासिक बिलों में जोड़ी जाएगी। यह कार्य आरएमएस द्वारा स्वतः किया जाएगा।

पूर्व की भांति विद्युत प्रदाय संहिता की व्यवस्था के अनुसार पोस्टपेड उपभोक्ता को बिल निर्गमन की तिथि से 15 दिन का ड्यू डेट एवं उसके उपरांत 7 दिन का डिस्कनेक्शन डेट दिया जाएगा जो कि बिल पर अंकित रहेगा।

पूर्व की भांति निर्धारित ड्यू डेट तक भुगतान न करने पर उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2005 एवं प्रचलित टेरिफ ऑर्डर के अनुसार विलंब अधिभार अध्यारोपित किया जाएगा।

घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उनको और अधिक राहत देते हुए प्रीपेड मोड़ से पोस्टपेड मोड में परिवर्तन परिवर्तित किए जाने पर दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये (विलंब अधिभार सहित) को 10 किस्तों में भुगतान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाए कि विलंब अधिभार से बचने के लिए बकाये का एक मुश्त भुगतान करें।

पूर्व की भांति अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये ( विलंब अधिभार सहित) के भुगतान हेतु तीन किस्तों 40%, 30%, 30% की सुविधा उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2005 की प्रावधानों के अनुसार अनुमन्य होगी।

कतिपय उपभोक्ताओं द्वारा उनके विद्युत बिल को लेकर शिकायतों के निराकरण हेतु 15 मई 2026 से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालय पर उक्त संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष काउंटर कैंप लगाए जाएंगे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक की संदिग्ध मौत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरारी गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोरारी गांव निवासी सुग्रीव बिंद पुत्र राजेश बिंद की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व बारा थाना क्षेत्र के असरवई गांव निवासी कविता पुत्री मूलचंद के साथ हुई थी। दंपती का एक वर्ष का पुत्र गोलू भी है। परिवार के लोगों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था और आए दिन कहासुनी होती रहती थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम किसी बात को लेकर सुग्रीव और उसकी पत्नी कविता के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कविता ने अपने मायके वालों को सूचना दी। इसके बाद उसका भाई और पिता कोरारी गांव पहुंचे और कविता को अपने साथ मायके लेकर चले गए। परिजनों का कहना है कि शनिवार सुबह कविता के पिता मूलचंद और अन्य रिश्तेदार दोबारा सुग्रीव के घर पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। काफी देर तक समझौते की कोशिश चलती रही, लेकिन बात नहीं बन सकी। आरोप है कि पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसके बाद कविता के पिता और भाई उसे लेकर वापस असरवई गांव चले गए। इधर कुछ समय बाद गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुग्रीव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजन शव को लेकर थाना बारा पहुंचे और मामले में न्याय की मांग करने लगे।

## मोबाइल फोन पर युवक को धमकी दी गई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी पुष्कर गुप्ता पुत्र सुनील कुमार गुप्ता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराएंगे मुकदमे में कहा गया है कि विगत 06 मई को दिन में 03 बजे दिन उसके मोबाइल फोन पर एक अन्य नंबर से कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज किया और उससे मारपीट करने व अपहरण करने की धमकी दी। बताया कि इससे पूर्व भी अन्य नंबरों से उसे धमकियां दी जा चुकी हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेसवे पर जन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया

**सम्भल ( बहजोई) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में जनपद सम्भल से गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर जन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अधिशासी अभियंता पी. आई. यू मेरठ यूपीडा, तथा डिप्टी टीम लीडर, इन्डीपेन्डेंट इंजीनियर मै. लायन इंजिनियरिंग कन्सल्टेंट प्रा. लि. के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त इंटरचेंज स्थलों पर मानकानुसार पर्याप्त एवं परावर्तक ( reflective) साईनेज स्थापित करने तथा विभिन्न इंटरचेंज स्थलों पर कतिपय खुले कट को लेकर खुले कटों को बाउंड्री वाल, फेंसिंग, अथवा अन्य उपयुक्त सुरक्षा संरचना के माध्यम से तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद कराये जाने आपातकालीन सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाये जाने एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर निर्मित बाउंड्री की ऊँचाई बढाये जाने तथा इंटरचेंज क्षेत्रों में समुचित लैण्डस्कैपिंग, हरित पट्टी विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने को लेकर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# यूपी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने नारायन बाबू

अवधनामा संवाददाता

■ नगर आगमन पर स्वागत

**फतेहपुर।** यूपी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के बाद नारायन बाबू गुप्ता के नगर आगमन पर चौक स्थित कैंप कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उन्हें बैज, पटका, माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर विनोद गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह द्वारा नारायन बाबू गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने से जनपद के उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है कि परिषद के एक सक्रिय पदाधिकारी को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नारायन बाबू गुप्ता उद्यमियों के मान-सम्मान और हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल ने बधाई देते हुए कहा कि नारायन बाबू गुप्ता एक जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो व्यापारियों के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहते हैं। उन्हें मिला यह दायित्व संगठन और व्यापारियों के लिए लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के रज्जन गुप्ता, सुशील गुप्ता 'फौजी', बद्री गुप्ता, संजय जौहरी, दीपक साहू, राजू मोदनवाल, मनीष गुप्ता, आशीष अग्रहरि, मनोज सोनी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक गरिमा के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** अखिल क्षत्रिय महासभा देवरिया द्वारा चंद्रिका छात्रावास सभागार में शनिवार को महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती समारोह ऐतिहासिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। विकास खण्ड लार मे प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बब्लू ने भी महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि कर जयंती मनाया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप युवाओं और मातृभूमि के लिए कुछ करने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाराणा प्रताप ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपना स्थान बनाया है।

कार्यक्रम में जिले भर से आए क्षत्रिय समाज के लोगों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लेकर महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को याद किया। सभागार में सुबह से ही भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति तथा ऐतिहासिक गौरव के नारों से गूंजता रहा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कवि सौदागर सिंह ने किया।




संस्था के वार्डन रणविजय सिंह बघेल एडवोकेट ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक महान योद्धा बताया। महाराणा प्रताप साहस, शौर्य, पराक्रम के प्रतीक माने जाते है। अतिथियों का स्वागत राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

उक्त अवसर पर रणवीर सिंह वीरा ने तलवार और अंगवस्त्र भेट कर अतिथियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि ने भारतीय खाद्य के सदस्य दीपू शाही ने कहा कि महाराणा प्रताप जीवन पर्यन्त अन्याय एवं सम्राज्यवाद के विरुद्ध लड़ते रहे। उन्होंने त्याग तपस्या का जीवन व्यतीत किया और संघर्ष के दौरान घास की रोटी खाई। समारोह को कवि कौशल किशोर मणि त्रिपाठी, प्रभुदयाल सिंह एडवोकेट, घनश्याम सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष निरंजन सिंह, बृजेश सिंह राजा आदि ने भी सम्बोधित किया।

समारोह मे यासवल्कय सिंह एडवोकेट, राजनारायण सिंह, रुदनारायण सिंह, सुखारी सिंह, महेश प्रताप सिंह, शंकर दयाल सिंह, कमल कृष्ण सिंह, आर एन सिंह, एडवोकेट संजय सिंह, आदित्य सिंह, रत्नेश्वर सिंह, रतन प्रताप सिंह, अरुण सिंह, देवानंद सिंह, वरुण सिंह बघेल, शौर्य प्रताप सिंह,अंकित सिंह, दुर्गेश सिंह, चुन्नू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मीडिया प्रतिनिधियों को जनगणना-2026 की स्व-गणना प्रक्रिया की दी गई जानकारी



**फतेहपुर ( अवधनामा संवाददाता। )** जनगणना-2026 के अंतर्गत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान को गति देने के लिए शनिवार को विकास भवन सभागार में 'मीडिया डे' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने की, जिसमें जनपद के विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। साथ ही संबंधित वीडियो क्लिप का प्रदर्शन कर ऑनलाइन पंजीकरण और विवरण भरने की विधि बताई गई। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने उत्साहपूर्वक स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करते हुए अपनी स्व-गणना पहचान संख्या (स्श्वढ्ढष्ठ) भी जनरेट की। अपर जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सरल है, जिससे आम नागरिक आसानी से घर बैठे अपनी जनगणना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से समय की बचत होती है और आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे जनसामान्य को स्व-गणना के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी कर सकें। 'चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में अपनी भागीदारी' संदेश के साथ उन्होंने सभी नागरिकों से निर्धारित अवधि 7 मई से 21 मई 2026 के बीच अपनी स्व-गणना अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया।

## अब मैट लिपस्टिक से होंठ खराब नहीं होंगे, प्रो टिप्स से पाएं फ्लॉलेस लुक



मैट लिपस्टिक के कारण होंठों के रूखेपन की समस्या से बचने के लिए कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाए जा सकते हैं, जिसमें लिपस्टिक लगाने से पहले स्क्रब करना और लिप बाम से नमी देना शामिल है। सही लिपस्टिक का चुनाव और उसे ठीक से हटाने के तरीके से आपके होंठ मुलायम और हाइड्रेटेड बने रहेंगे।

मैट लिपस्टिक का क्रेज आज हर महिला के सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन कई बार इसे लगाने के बाद होंठ सूखने और फटने लगते हैं। मैट लिपस्टिक होंठों की प्राकृतिक नमी सोख लेती है, जिससे पपड़ी जमने लगती है और आपका लुक बिगड़ जाता है। अच्छी खबर यह है कि आपको अपनी पसंदीदा लिपस्टिक छोड़ने की जरूरत नहीं है। बस कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप अपने होंठों को हमेशा हाइड्रेटेड और खूबसूरत बनाए रख सकती हैं।

**स्क्रब से हटाएं डेड स्किन**

मैट लिपस्टिक होंठों के रूखेपन को और ज्यादा उजागर कर देती है। इसलिए लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को स्क्रब करना सबसे जरूरी है। आप बाजार के माइल्ड स्क्रब या घर पर चीनी और शहद मिलाकर एक प्राकृतिक स्क्रब तैयार कर सकती हैं। इसे हल्के हाथों से होंठों पर मलें ताकि डेड स्किन हट जाए और होंठ एकदम चिकने हो जाएं।

**लिप बाम से दें नमी**

होंठों को चिकना करने के बाद उन्हें नमी देना बहुत जरूरी है। लिपस्टिक लगाने से करीब 15 मिनट पहले अच्छी क्वालिटी का लिप बाम या नारियल तेल लगाएं। जब आप लिपस्टिक लगाने के लिए तैयार हों, तो टिश्यू पेपर से एक्स्ट्रा बाम हटा दें। इससे आपके होंठ अंदर से नरम रहेंगे और लिपस्टिक भी लंबे समय तक टिकी रहेगी।

**लिप प्राइमर का जादू**

अगर आप चाहती हैं कि आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक चले और होंठों में दरारें न दिखें, तो लिप प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह आपके होंठों और लिपस्टिक के बीच एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। यह होंठों की बारीक रेखाओं को भर देता है, जिससे लिपस्टिक लगाने के बाद फिनिशिंग बहुत ही शानदार आती है।

**सही लिपस्टिक का चुनाव**

आजकल मार्केट में कई तरह के मैट फॉर्मूले मौजूद हैं। अगर आपके होंठ ज्यादा ड्राई रहते हैं, तो लिक्विड मैट के बजाय क्रीमी मैट लिपस्टिक चुनें। खरीदते समय यह जरूर देखें कि उसमें विटामिन ई, शिया बटर या जोजोबा ऑयल जैसी चीजें शामिल हों। ये चीजें लिपस्टिक को मैट लुक तो देती हैं, लेकिन होंठों को अंदर से सूखने नहीं देतीं।

**लिपस्टिक हटाने का सही तरीका**

मैट लिपस्टिक को कभी भी रगड़कर न साफ करें, क्योंकि इससे होंठ छिल सकते हैं। इसे हटाने के लिए कॉटन बॉल पर थोड़ा सा नारियल तेल या मेकअप रिमूवर लें और धीरे से पोंछें। रात को सोने से पहले लिप बाम या लिप मास्क लगाना न भूलें, ताकि सोते समय आपके होंठों की रिपेयरिंग हो सके।

# बिछिया डिज़ाइनः पैरों की बढ़ी शान!

## सुहाग की निशानी बिछिया बनी न्यू फैशन स्टेटमेंट, लेटेस्ट डिज़ाइन



आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लेटेस्ट फैशन में मिनिमल से लेकर स्टेटमेंट डिजाइन्स तक में बिछिया के डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। यह बिछिया आपके पैरों की खूबसूरती को कई गुना तक बढ़ा देंगी।

शादीशुदा लड़कियां बिछियां पहनना काफी पसंद करती हैं। इसका महत्व सिर्फ एक परंपरा नहीं बल्कि सुहाग की निशानी है। वहीं बिछिया सोलह श्रृंगार में से एक है। पहले जहां 4-5 तरह की बिछिया की डिजाइंस देखने को मिलती थीं। वहीं अब आपको मार्केट में एक से बढ़कर एक तरह की टो रिंग देखने को मिलती है।

आज के समय में बिछिया परंपरा के साथ फैशन स्टेटमेंट बन चुका है। अब मॉर्डन बहुएं भी भारी-भरकम डिजाइंस की जगह को चुन रही हैं, जो न सिर्फ दिखने में बेहद स्टाइलिश हों।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लेटेस्ट फैशन में मिनिमल से लेकर स्टेटमेंट डिजाइन्स तक में बिछिया के डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। यह बिछिया आपके पैरों की खूबसूरती को कई गुना तक बढ़ा देंगी।

**मोती वाली बिछिया**

नई बहुओं के लिए मोती और कुंदन वाली बिछिया बेहतरीन ऑप्शन है। पारंपरिक होने के अलावा यह दिखने में मॉर्डन और रॉयल लगती है। इन बिछिया में लाल और हरे नग के साथ किनारे पर लगे सफेद मोती पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। शादी के बाद होने वाली रस्मों और त्योहारों के लिए यह डिजाइन एकदम परफेक्ट है।

**मोर डिजाइन वाली ऑक्सीडाइज्ड बिछिया**

मॉर्डन बहुओं के लिए मोर डिजाइन वाली ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर बिछिया एक बेहतरीन ऑप्शन है। यह डिजाइन पारंपरिक कला और आधुनिक स्टाइल का एक प्यारा मिश्रण है। इसमें बने मोर के पंखों में हरे पत्थरों का काम और बारीक नक्काशी आपके पैरों को रॉयल लुक देता है।

आप इस बिछिया को शादी के बाद डेली वियर या खास त्योहारों के मौकों पर पहन सकती हैं। डार्क नेल पेंट के साथ यह बिछिया काफी सुंदर लगेगी। सिल्वर



फिनिश होने की वजह से यह हर तरफ के आउटफिट के साथ आसानी से मैच हो जाती है।

**मिरर स्टोन वाली सिल्वर बिछिया**

नई बहु के लिए मिरर कुंदन स्टोन वाली सिल्वर बिछिया एलिगेंट और सदाबहार चॉइस है। फूलों के आकार वाली यह बिछिया पैरों को भरा-भरा और सुंदर लुक देती है। इस बिछिया के बीच में लगा कुंदन और चारों ओर हुई नक्काशी इसको काफी पारंपरिक बनाती है। पायलों के साथ इसका कॉम्बिनेशन काफी प्यारा लगता है। शादी के शुरूआती दिनों में नई दुल्हन इसको रोजाना पहन सकती है, क्योंकि यह फैशनेबल और आरामदायक दोनों हैं।

# ग्लिटर बैंगल डिज़ाइनः ट्राई करें स्पार्कल चूड़ियों के ये शानदार डिज़ाइन



स्पार्कल चूड़ियां न सिर्फ ट्रेडिशनल साड़ी या लहंगे के साथ बल्कि मॉर्डर्न कुर्तियों और इंडो-वेस्टर्न वियर के साथ भी अच्छी लगती हैं। आज हम आपको स्पार्कल चूड़ियों के डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं।

घर से निकलते समय लड़कियां न सिर्फ अपने आउटफिट बल्कि उसके साथ मैच होने वाली एक्सेसरीज पर ध्यान देती हैं। अक्सर लड़कियां आउटफिट के साथ चूड़ियां भी वियर करती थीं, जिससे न सिर्फ हाथ सुंदर लगते हैं, बल्कि लुक भी स्टाइलिश नजर आता है। लेकिन अक्सर लड़कियां इस उलझन में रहती हैं कि किस आउटफिट के साथ कौन सी चूड़ियां सबसे ज्यादा अच्छी लगेंगी। बता दें कि आजकल फैशन में स्पार्कल चूड़ियां सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं।

स्पार्कल चूड़ियां न सिर्फ ट्रेडिशनल साड़ी या लहंगे के साथ बल्कि मॉर्डर्न कुर्तियों और इंडो-वेस्टर्न वियर के साथ भी अच्छी लगती हैं। ऑफिस की छोटी मीटिंग हो या दोस्तों के साथ आउटिंग या फिर शादी का फंक्शन, यह स्पार्कल चूड़ियों का हर डिजाइन आपकी पर्सनालिटी को क्लासी लुक देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्पार्कल चूड़ियों के डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पोल्का डॉट्स विद ग्लिटर बैंगल्स**

यह चूड़ियां बहुत ही वाइब्रेंट और रेट्रो लुक देती हैं। यह न सिर्फ आपके लुक को स्टाइलिश बनाते हैं, बल्कि आपके पहनावे में चुलबुलापन भी जोड़ते हैं। अगर आपकी कलाई पतली है, तो यह चूड़ियां आप पर काफी अच्छी लगेंगी। आप किसी छोटी पार्टी या गेट-टु-गेदर में भी इन चूड़ियों को पहन सकती हैं।

मल्टी कलर गिल्टर बैंगल्स

यह बैंगल्स आपके एथनिक लुक में चार चांद लगाने का काम करते हैं। इसमें की गई बारीक नक्काशी और उस पर लगा ग्लिटर इसको आकर्षक बनाता है। शादी, फंक्शन या त्योहार यह चूड़ियां हर एथनिक और फ्यूजन आउटफिट के साथ परफेक्ट लगते हैं।

सिल्वर ब्लू ग्लिटर बैंगल्स सेट

आप हर एक ओकेशन पर सिल्वर ब्लू ग्लिटर बैंगल्स पहन सकती हैं। फिर चाहे त्योहार हो, कोई खास फंक्शन हो या शादी हो। यह चूड़ियां एथनिक और फ्यूजन आउटफिट के साथ काफी जंचती हैं।

सिल्वर ग्लिटर बैंगल्स डिजाइन

यह बैंगल्स न्यूट्रल कलर की वजह से किसी भी आउटफिट के साथ फिट हो जाते हैं। यह आपको मॉर्डन और एलिगेंट लुक देते हैं। वाइन, नेवी ब्लू, ब्लैक या डार्क ग्रीन साड़ी के साथ यह बैंगल्स बहुत जचंते हैं। सिल्वर का कंट्रास्ट इन रंगों पर निखरकर आता है। आप इसको प्लेन कुर्ते या फिर कुर्ती के साथ भी वियर कर सकती हैं।

ग्लास स्टोन स्टड ग्लिटर बैंगल्स

लाल रंग की ग्लास स्टोन और ग्लिटर वाले ये बैंगल्स एक स्टेटमेंट पीस होते हैं। इनका वाइब्रेंट लाल रंग और चमक किसी भी सिंपल आउटफिट में भी जान डाल सकते हैं। अगर आप लाल, सफेद, गोल्डन, क्रीम या काले रंग की साड़ी पहन रही हैं, तो यह बैंगल्स उस पर काफी खिलेंगी। इन रंगों पर लाल स्टोन का कंट्रास्ट बेहद खूबसूरत लगता है।

# धूप से झुलसी त्वचा के लिए रामबाण है ये होममेड उबटन, मिलेगा इंस्टेंट ग्लो



गर्मी में धूप से हुई टैनिंग और बेजान त्वचा के लिए एक्सपर्ट ने एक खास होममेड उबटन का तरीका बताया है। पुदीना, दही, और नींबू के रस से बना यह सस्ता फेस पैक त्वचा की खूबसूरती बढ़ाकर उसे ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।

गर्मी में सबसे ज्यादा समस्या धूप से होने वाली टैनिंग से होती है। गर्मियों में कई तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है। अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाना चाहते हैं और त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करना चाहते हैं, तो अब आप इस उपाय को करना शुरु कर दें। इस दौरान आप घर पर खास उबटन को तैयार कर सकते हैं, जो आपकी खूबसूरती को बरकरार रख सके। आइए जानते हैं इस खास होममेड उबटन को बनाने का सही विधि।

**चेहरे के एकदम खास है ये होममेड उबटन**

स्किन संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए आपको महंगे प्रोडक्ट खरीदने की कोई जरुरत नहीं है। अब आप घर पर ही इस खास उबटन को बना सकते हैं। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग होगी और सारी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री चाहिए, जैसे कि-

**उबटन बनाने के लिए सामग्री**

-पुदीने के पत्ते का पेस्ट

-दही

-नींबू का रस

-गुलाब जल

**उबटन बनाने का तरीका**

- घर पर इस खास उबटन को बनाने के लिए सबसे पहले आप पुदीने की पत्तियों से पेस्ट बनाएं।
- इस पेस्ट में थोड़ा दही और नींबू का रस मिला लें।
- फिर इन सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स कर लें और इसमें ऊपर से थोड़ा गुलाब जल मिला दें।
- तैयार है आपका खास होममेड उबटन।
- इसको अपने चेहरे पर कम से कम 40 मिनट तक लगाएं।
- इसके बाद अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें।
- इससे आपको काफी फर्क दिखेगा।
- यदि आप इस उबटन का पहली बार इस्तेमाल कर रहे है, तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरुर करें।
- इसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें। इस उबटन का एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करना चाहिए।
- इसे लगाने के लिए आप सबसे पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसके बाद लगाएं।

# पार्लर जैसा परफेक्ट पेडीक्योर अब घर बैठे पाएं, ये आसान घरेलू उपाय पैरों को बनाएगी सॉफ्ट

यह लेख घर पर ही पार्लर जैसा फुट केयर पाने के आसान तरीके बताता है, जिससे फटी एड़ियों, टैनिंग और रूखी त्वचा जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसमें गुनगुने पानी, होममेड स्क्रब और मॉइश्चराइजर का उपयोग करके पेडीक्योर करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई है।

जब स्किन केयर की बात आती है, तो लोग सिर्फ त्वचा पर ध्यान देते हैं। लेकिन पैरों का ध्यान नहीं रखते हैं और इसी कारण से काले और खुरदुरे पैर शर्मिंदी का कारण बन जाते हैं। पैरों पर टैनिंग, कभी रुखी स्किन तो कभी फट एड़ियों के वजह से हमारे पैर अच्छे नहीं नजर आते है। अब अपने पैरों को चमकने के लिए पार्लर जाने की कोई जरुरत नहीं है। अब घर बैठे ही फुट स्पा कर सकते हैं। ऐसे में आपको परेशान होने की कोई जरुरत नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि

**गुनगुना पानी**

**पैरों को कुछ देर तक गुनगुने पानी में भिगो लें। ऐसा आप हफ्ते में 1-2 बार करें।**

सैलून के बजाय आप घर पर ही बड़े आसानी से पेडीक्योर कर सकते हैं।

**घर पर पैरों को पार्लर जैसा मुलायम और खूबसूरत कैसे बनाएं?**

- पैरों को कुछ देर तक गुनगुने पानी में भिगो लें। ऐसा आप हफ्ते में 1-2 बार करें। एक टब में गुनगुना पानी लें और इसमें थोड़ा-सा नमक और कुछ बूंदे शैंपू मिला लें। इसमें नींबू का रस मिलाएं और पैरों को करीब 15 मिनट इसमें डुबोकर रखें। इसके बाद फुट स्क्रबर से हल्के हाथों से रगड़ें।



- अब पैरों को आराम देने के लिए नमक के पानी में भी पैरों को भिगो सकती हैं।

- अक्सर होता है कि नहाने के बाद हम हाथों पर मॉइश्चराइजर लगा लेते हैं, लेकिन पैरों को भूल ही जाते हैं, इसलिए पैरों पर भी बॉडी मॉइश्चराइज लगाएं।

- इससे पैरों की गंदगी, बैक्टीरिया और डेड स्किन सेल्स हट जाएंगी। आप घर पर ही चीनी और नारियल तेल का स्क्रब बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। यह डेड स्किन हटाकर पैरों को स्मूद बना देगा।

- यदि आपके पैर रुखे हो जाते हैं या एड़ियां फट रही हैं, तो आप नारियल तेल, कोई अच्छी फुट क्रीम या एलोवेरा जेल से मसाज करें। ऐसा करने से टैनिंग भी दूर हो जाएगी।

- यदि पैरों से दुर्गंध आती है, तो गुनगुने पानी में बेकिंग सोडा डालकर पैरों को उसमें कुछ देर डुबोकर रखे। इससे पैरों से दुर्गंध नहीं आएगी।

- यदि आपके घुटने काले हैं, तो नींबू की स्क्रबर के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं।


- अगर नाखूनों के आसपास की स्किन फटने लगे, तो इसका ध्यान रखना काफी जरुरी है। नाखूनों को ट्रिम करती रहें।

- हफ्ते में एक बार शहद और दही मिलाकर पैरों पर लगाए, यह स्किन को सॉफ्ट बना देगा।

- इसको रुटीन को आप हफ्ते में एक बार ट्राई करती हैं, तो घर पर ही आप पार्लर जैसा फुट केयर पा सकते हैं।

## हेयर केयर ट्रिप

# झाड़ू जैसे बालों को कहें बाय, 15 मिनट में पाएं सुपर शाइनी बाल



अगर आप भी कम खर्च और कम समय में बालों को नेचुरली शाइनी और स्मूथ बनाना चाहती हैं। तो आज हम आपको कुछ आसान तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप सिर्फ 15 मिनट में बालों की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में हमारे बालों और स्किन का बुरा हाल हो जाता है। बालों की बात करें तो यह धूप, धूल और पसीने की वजह से झाड़ू जैसे हो जाते हैं। कुछ लोगों के बाल काफी ज्यादा टूटकर गिरने लगते हैं। हेयर फॉल रोकने के लिए लोग मार्केट से महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। भले ही यह प्रोडक्ट्स बालों को फौरन शाइनी और सिल्की बना देते हैं। लेकिन इनमें केमिकल होता है, जो आपके बालों को नुकसान पहुंचाते हैं।

ऐसे में अगर आप भी कम खर्च और कम समय में बालों को नेचुरली शाइनी और स्मूथ बनाना चाहती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप सिर्फ 15 मिनट में बालों की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं।

**अंडा और दही का हेयर मास्क**

अगर आप भी कम समय में अपने बालों को नेचुरली तरीके से शाइनी बनाना चाहते हैं, तो दही और अंडे से बना हेयर मास्क आपके बालों में जान डाल सकता है। बालों को स्मूथ और सॉफ्ट बनाने के लिए यह हेयर मास्क काफी अच्छा माना जाता है।

**सामग्री**

अंडा - 1

दही - 2 चम्मच

**जानिए बनाने और अप्लाई करने का तरीका**

सबसे पहले दही और अंडा दोनों को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इसको बालों और स्कैल्प पर लगाएं। इसके बाद 15 मिनट बाद बालों को वॉश कर लें। अंडे से बालों को मजबूती मिलती है और दही आपके बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने में मदद करता है।

**नारियल तेल से करें मसाज**

अगर आपके बाल ज्यादा ड्राई हो गए हैं, तो नारियल तेल से बेहतर और कोई दूसरा तरीका नहीं हो सकता है। इसलिए बालों की नारियल तेल से मसाज करनी चाहिए।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

सबसे पहले थोड़ा सा नारियल का तेल लें और फिर उसको थोड़ा सा गुनगुना कर लें। अब स्कैल्प पर बालों पर हल्के हाथों से अच्छे से मसाज करें। फिर 15 मिनट तक ऐसे ही बालों को छोड़ दें। फिर हेयर वॉश कर लें। नारियल तेल से बालों में नमी बनी रहती है। अगर आप नारियल तेल से बालों की मसाज करती हैं। तो इससे ड्राईनेस कम होती है और बाल भी शाइनी होते हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**

बालों में अधिक केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल न करें।

बार-बार बालों को धोने से बचना चाहिए।

सप्ताह में 2 से 3 बार यह नुस्खा अपनाएं।

पहली बार इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर कर लें।

वहीं अगर आपको किसी तरह की समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**असरदार है ये नुस्खा**

दही, अंडा और नारियल का तेल यह तीनों ही चीजें बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। लेकिन हर एक चीज को इस्तेमाल करने का तरीका थोड़ा अलग है। अगर आप सही तरीके से इसका इस्तेमाल करती हैं, तो आपके स्कैल्प को पोषण मिलेगा। वहीं बाल भी मजबूत और शाइनी होंगे।

# शपथ लेते ही एक्शन में शुभेंदु सरकार, डीजीपी समेत शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

**संदेश**

**प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में शुभेंदु अधिकारी को राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में 9 मई 2026 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। आजादी के बाद पहली बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई और शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी पीएम मोदी के पास पहुंचे और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष समेत चार विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। बने रहिए हमारे साथ पल-पल की अपडेट्स के लिए...

बंगाल के नए सीएम शुभेंदु सरकार शपथ लेने के बाद ही एक्शन में आ गए हैं। सीएम सरकार ने डीजीपी, कमिश्नर समेत बंगाल के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु जनता से गहराई से जुड़े रहे हैं और लोगों की आकांक्षाओं को करीब से समझते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में शुभेंदु अधिकारी को राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ देवी दुर्गा की एक तस्वीर और मंच पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की।

# भाजपा के बाहरी मुख्यमंत्री: 24 दिन में दो बाहरियों को बनाया सीएम

**नई दिल्ली।** भाजपा ने एक महीने के अंदर ही दो ऐसे नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया है, जो कि मूल रूप से आरएसएस या भाजपा में नहीं रहे। पिछले महीने जहां सम्राट चौधरी भाजपा के बाहरी मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में शामिल हुए थे, वहीं आज शुभेंदु अधिकारी ने भी उन नेताओं में जगह बना ली है।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार का गठन हो गया है। शनिवार (9 मई) को शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली तो यह तय हो गया कि बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है। कांग्रेस, लेफ्ट गठबंधन और तृणमूल कांग्रेस के लंबे कार्यकालों को देख चुके बंगाल में भाजपा का शासन कितना लंबा होगा, यह तो आगे समय ही बताएगा, लेकिन अगर सिर्फ नए मुख्यमंत्री का इतिहास ही उठाकर देख लिया जाए तो इसमें कांग्रेस से लेकर तृणमूल कांग्रेस की गहरी झलक देखने को मिलती है। दरअसल, शुभेंदु 2021 में भाजपा में आने से पहले तृणमूल कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेताओं में से एक रहे। एक समय था, जब शुभेंदु को टीएमसी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद नंबर-2 नेता के तौर पर पहचाना जाता था। वहीं, इतिहास में थोड़ा और पीछे जाएं तो सामने आता है कि शुभेंदु के राजनीतिक करियर की शुरुआत भी टीएमसी से नहीं हुई थी। उन्होंने अपना पहला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था। यानी कुल जमा बात यह है कि भाजपा ने एक महीने के अंदर ही दो ऐसे नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया है, जो कि मूल रूप से आरएसएस या भाजपा में नहीं रहे। पिछले महीने जहां सम्राट चौधरी भाजपा के बाहरी मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में शामिल हुए थे, वहीं आज शुभेंदु अधिकारी ने भी उन नेताओं में जगह बना ली है। मजेदार बात यह है कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब भाजपा ने किसी बाहरी को मुख्यमंत्री का पद सौंपा। अब तक असम से लेकर कर्नाटक तक कई राज्यों में भाजपा ने दूसरे दलों से शुरुआत करने वाले नेताओं को भी शीर्ष पद पर मौका दिया है।

# शिवसेना नेता का भाजपा पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। संजय राउत ने भाजपा पर भ्रष्ट नेताओं को सत्ता देने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि अधिकारी पर आरोप साबित नहीं हुए हैं और राउत खुद जेल जा चुके हैं।

शुभेंदु अधिकारी के पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। राउत ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्ट लोगों को सत्ता देने की अपनी परंपरा जारी रखी है। हालांकि, भाजपा ने राउत के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि अधिकारी के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं, जबकि राउत खुद एक मामले में जेल जा चुके हैं। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार बनने के बाद सामने आया है।

राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 2020 के एक स्टिंग ऑपरेशन में अधिकारी सहित पांच तृणमूल कांग्रेस सांसदों को पैसे लेते हुए देखा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने अधिकारी (जो तब तृणमूल कांग्रेस में थे) पर छापा मारा, जिसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गए और अब मुख्यमंत्री बन गए हैं।

राउत ने कहा कि अधिकारी पर लगा दाग अभी तक धुला नहीं है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्ट लोगों को सत्ता देती है। राउत ने कहा, 'भाजपा ने भ्रष्ट लोगों को सत्ता देने की अपनी परंपरा जारी रखी है। इस निरंतरता के लिए उसकी सराहना की जानी चाहिए।'

शिवसेना (यूबीटी) नेता के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा प्रवक्ता नवनाथ बान ने कहा कि अधिकारी के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं। बान ने जोर देकर कहा कि संजय राउत खुद जेल में समय बिता चुके हैं। उन्होंने कहा, शुभेंदु अधिकारी दोषी नहीं पाए गए हैं, लेकिन संजय राउत जेल जा चुके हैं। राउत को अगस्त 2022 में मुंबई पात्रा चॉल पुनर्विकास परियोजना से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। उन्हें एक विशेष अदालत द्वारा जमानत दिए जाने से पहले तीन महीने से अधिक समय जेल में बिताना पड़ा था। भाजपा ने राउत के आरोपों को निराधार बताया।

बान ने तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार पर कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस से जुड़े घटनाक्रमों से इंडिया गठबंधन में दरारें साफ दिख रही हैं। भाजपा नेता ने उद्धव ठाकरे को भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस उन्हें भी पीठ में छुरा घोंपेगी। तमिलनाडु में, कांग्रेस ने विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेट्री कज़गम के साथ सरकार बनाने का फैसला किया है। इसके बाद द्रमुक ने कांग्रेस पर महत्वपूर्ण क्षण में गठबंधन को ÷पीठ में छुरा घोंपने÷ का आरोप लगाया है।

# तेलंगाना के दस जिलों में खुलेंगे अल्पसंख्यकों के लिए विशेष डिग्री कॉलेज



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए बड़ा एलान किया है। राज्य के दस जिलों में विशेष डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे, जहां कौशल विकास और शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई बड़े एलान किए हैं। सरकार राज्य के 10 जिला मुख्यालयों में अल्पसंख्यकों के लिए विशेष डिग्री कॉलेज स्थापित करेगी। इन कॉलेजों में छात्रों को केवल पारंपरिक पढ़ाई नहीं कराई जाएगी। यहां उन्हें स्किल डेवलपमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के साथ हुई बैठक में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि इन संस्थानों में छात्रों को व्यावहारिक ट्रेनिंग मिलनी चाहिए। इसका मकसद यह है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को सीधे नौकरी मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को एक विशेष कार्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया। इसके तहत अल्पसंख्यक छात्रों को भी बीसी, एससी और एसटी समुदाय के मेधावी छात्रों की तरह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए विभाग एक अलग योजना तैयार करेगा।

सरकार ने ग्रुप-1, ग्रुप-2 और ग्रुप-3 सेवाओं के लिए चुने गए अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को भी बड़ी जिम्मेदारी देने का फैसला किया है। इन अधिकारियों को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में तैनात किया जाएगा। यहां उन्हें विभाग के कार्यक्रमों को समझने और सीखने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने इमामों और मौजमों को समय पर मानदेय देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने उन इलाकों में कब्रिस्तान के लिए जमीन आवंटित करने का आदेश दिया है जहां जमीन उपलब्ध है। मूसी नदी के कायाकल्प प्रोजेक्ट को लेकर भी अहम निर्देश दिए गए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत मंदिर के साथ-साथ मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे का निर्माण भी किया जाएगा।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि इन धार्मिक ढांचों का डिजाइन ऐसा होना चाहिए जिससे लोग संबंधित धर्मों की संस्कृति के बारे में पढ़ सकें। यह निर्माण भारत की एकता और तेलंगाना की गंगा-जमुनी तहजीब की झलक पेश करेगा। सरकार का लक्ष्य राज्य की मिली-जुली संस्कृति को दुनिया के सामने लाना है। इन फैसलों से अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

# पाकिस्तान-चीन मामलों के विशेषज्ञ हैं एनएस राजा सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। वकरीब 40 साल के सैन्य अनुभव वाले सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन से जुड़े रणनीतिक मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है।

भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। वह 30 मई को कार्यकाल पूरा कर रहे जनरल अनिल चौहान की जगह लेंगे। रक्षा मामलों, खासकर पाकिस्तान और चीन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि का जन्म एक सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से प्रशिक्षण हासिल किया। 14 दिसंबर 1985 को उन्हें गढ़वाल राइफल्स की 8वीं बटालियन में कमीशन मिला।

करीब चार दशक के सैन्य करियर में उन्होंने देश के कई संवेदनशील इलाकों में अहम जिम्मेदारियां संभालीं। असम में ऑपरेशन राइनो के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया। जम्मू-कश्मीर में 168 इन्फैंट्री ब्रिगेड और मध्य सेक्टर में 17 माउंटेन डिवीजन की कमान भी संभाली।

उन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना के प्रमुख स्ट्राइक कोर समेत दो कोर की कमान संभाली और चीन सीमा से जुड़े क्षेत्रों में भी काम किया। इसी वजह से उन्हें पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं का गहरा जानकार माना जाता है।

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक उप सेना प्रमुख रहे। इससे पहले वह सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ भी रह चुके हैं। फिलहाल वह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के तौर पर कार्यरत हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने ब्रिटेन के जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और नई दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से उच्च सैन्य शिक्षा हासिल की है। उनके पास किंग्स कॉलेज लंदन से मास्टर डिग्री और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल की डिग्री भी है।

नए CDS के तौर पर उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भारतीय सेना के थिएटराइजेशन मॉडल को लागू करना होगी। इसका मकसद थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच बेहतर तालमेल बनाकर संयुक्त सैन्य कमांड तैयार करना है। देश के लिए उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल , अति विशिष्ट सेवा मेडल , सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

# उत्तर में भीषण गर्मी, पूर्वोत्तर और दक्षिण में बारिश का कहर

**नई दिल्ली।** देश में मौसम अलग-अलग जगहों पर अलग रूप दिखा रहा है। उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी लगातार बढ़ रही है और राजस्थान के जैसलमेर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में भी अगले तीन दिनों में तापमान तीन से चार डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक ओर उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी लोगों को परेशान कर रही है, वहीं पूर्वोत्तर, पूर्वी और दक्षिण के कई राज्यों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने की गतिविधियां तेज होने के संकेत हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगले तीन दिनों तक तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि तमिलनाडु, केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

# एआई डाटा सेंटर बना रहे हीट आइलैंड, आसपास पारा पहुंचा 16.4 डिग्री




**नई दिल्ली।** कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक नए शोध में खुलासा हुआ है कि विशाल एआई डाटा सेंटर अपने आसपास के 10 किलोमीटर के दायरे में हीट आइलैंड बना रहे हैं। शोध के अनुसार, इन सेंटरों के कारण सतह का तापमान औसतन 3.6 डिग्री फारेनहाइट से लेकर अधिकतम 16.4 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ रहा है। रिपोर्ट में क्या-क्या खुलासे हुए हैं? कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई को संचालित करने वाले विशाल डाटा सेंटर केवल भारी मात्रा में बिजली ही नहीं खपा रहे हैं, बल्कि वे अपने आसपास के इलाकों को भी तेजी से गर्म कर रहे हैं। एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि एआई डाटा सेंटर हीट आइलैंड प्रभाव पैदा कर रहे हैं, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों का तापमान औसतन 3.6 डिग्री फारेनहाइट और कुछ मामलों में 16.4 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ रहा है। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि इस प्रभाव की चपेट में दुनिया भर में 34 करोड़ से अधिक लोग आ सकते हैं। कैम्ब्रिज विवि के अर्थ ऑब्जर्वेशन समूह के एसोसिएट प्रोफेसर एंड्रिया मारिनोनी और उनकी टीम ने डाटा सेंटरों से निकलने वाली गर्मी के प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। इसके निष्कर्ष गंभीर पर्यावरणीय चिंताओं की ओर संकेत करते हैं। शोधकर्ताओं ने पिछले 20 वर्षों के तापमान आंकड़ों का अध्ययन किया, जिन्हें रिमोट सेंसरों के जरिए एकत्र किया गया था। इन आंकड़ों की तुलना एआई हाइपरस्केलर डाटा सेंटरों के स्थानों से की गई। हाइपरस्केलर ऐसे विशाल डाटा सेंटर होते हैं जिनमें हजारों सर्वर लगे होते हैं और जिनका आकार 10 लाख वर्ग फुट तक हो सकता है। अध्ययन में 6,000 से अधिक ऐसे डाटा सेंटर शामिल किए गए जो अत्यधिक घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों से दूर स्थित हैं। ऐसा इसलिए किया गया ताकि उद्योगों, घरों की हीटिंग या अन्य शहरी गतिविधियों से पैदा होने वाले ताप प्रभाव को अलग रखा जा सके।

# साइबरट्रक का टायर खराब, दो लाख गाड़ियों में कैमरे फेल

**कोलकाता।** टेस्ला के साइबरट्रक में पहिया टूटने के खतरे और लाखों कारों में कैमरा बंद होने की समस्या ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, कंपनी समय रहते इन खराबियों को ठीक कर रही है ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके। दिग्गज इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने अपने वाहनों में आई तकनीकी खामियों के बाद दो अलग-अलग रिकॉल जारी किए हैं। कंपनी ने 173 साइबरट्रक और करीब 2 लाख अन्य मॉडल्स को वापस बुलाया है। साइबरट्रक के पहियों और बाकी कारों के सॉफ्टवेयर में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024-2026 के बीच बने 18-इंच स्टील व्हील वाले 173 साइबरट्रक रिकॉल किए गए हैं। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि खराब सड़कों या मोड़ पर चलते समय इनके रोटर में दरार आ सकती है।

# मॉस्को में कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई विक्ट्री डे परेड, पहली बार बिना टैंक-मिसाइलों के हुई



**मॉस्को।** रूस ने कड़े सुरक्षा घेरे में विजय दिवस परेड का आयोजन किया। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में जीत का दावा किया, लेकिन सुरक्षा कारणों से इस बार परेड में भारी हथियार शामिल नहीं किए गए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को मॉस्को के रेड स्क्वायर पर सैन्य परेड की अध्यक्षता की। यह परेड दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की याद में आयोजित की गई थी। इस मौके पर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में रूस की जीत का पूरा भरोसा जताया। सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजामों के बीच पुतिन के साथ कई विदेशी नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

पुतिन ने अपने भाषण में यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रूसी सेना एक ऐसी आक्रामक ताकत का सामना कर रही है, जिसे पूरे नाटो गुट का समर्थन और हथियार मिल रहे हैं। पुतिन ने जोर देकर कहा कि जीत हमेशा रूस की ही हुई है और आगे भी रूस ही जीतेगा। उन्होंने देश की एकता और सैनिकों के साहस को सफलता की कुंजी बताया।

इस साल की परेड में एक बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव देखने को मिला। पिछले करीब 20 साल में पहली बार रेड स्क्वायर पर होने वाली परेड में टैंक, मिसाइल या कोई भी भारी हथियार शामिल नहीं किए गए। आसमान में केवल लड़ाकू विमानों ने अपनी ताकत दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के हमलों के खतरे और मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं।

इस दौरान कूटनीतिक हलचल भी तेज रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार से सोमवार तक तीन दिनों के संघर्ष विराम और कैदियों की अदला-बदली का एलान किया। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि यह युद्ध खत्म होने की शुरुआत हो सकती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक आदेश जारी कर रूस को परेड करने की अनुमति दी और रेड स्क्वायर को हमलों से मुक्त रखने की बात कही। हालांकि, रूस ने जेलेंस्की की इस बात को मजाक बताया। सुरक्षा के मद्देनजर मॉस्को में मोबाइल इंटरनेट और मैसेजिंग सेवाओं पर पाबंदी लगा दी गई। रूस ने चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन ने उत्सव में किसी भी तरह का खलल डाला, तो वह कीव के केंद्र पर बड़ा मिसाइल हमला करेगा। रूस ने वहां के नागरिकों और विदेशी राजनयिकों को तुरंत शहर छोड़ने की सलाह दी। हालांकि, यूरोपीय संघ ने साफ किया कि उनके राजनयिक कीव छोड़कर नहीं जाएंगे।

परेड में मलेशिया के राजा, लाओस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस के राष्ट्रपति शामिल हुए। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने भी पुतिन से मुलाकात की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी, लेकिन वह मुख्य परेड से दूर रहे। रूस के लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि दूसरे विश्व युद्ध में सोवियत संघ के 2.7 करोड़ लोग मारे गए थे।

# रूस-यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्धविराम का ट्रंप ने किया एलान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि रूस और यूक्रेन के बीच 9 से 11 मई तक तीन दिन का युद्धविराम रहेगा। ट्रंप के अनुसार, इस दौरान दोनों देशों के बीच सभी सैन्य गतिविधियां रोकी जाएंगी। साथ ही रूस और यूक्रेन 1000-1000 युद्धबंदियों की अदला-बदली भी करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में तीन दिन के युद्धविराम पर सहमति बन गई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि 9 मई से 11 मई तक रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर रहेगा। इस दौरान दोनों देशों के बीच किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई नहीं होगी और हथियारों से हमला भी रोका जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यह युद्धविराम रूस के विक्ट्री डे समारोह के दौरान लागू रहेगा।

# आईएमएफ ने पाकिस्तान को दी राहत: 11 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज



**इस्लामाबाद।** आईएमएफ की 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये की इस मदद से पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अरब डॉलर के पार हो जाएगा। हालांकि, कर्ज की इन किश्तों के बदले जनता पर टैक्स और महंगाई का बोझ बढ़ना तय है क्योंकि सरकार ने बजट को सख्त रखने का वादा किया है।

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से एक बड़ी खुशखबरी आई है। शुक्रवार को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के लिए 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये के कर्ज की मंजूरी दे दी है। यह राशि दो अलग-अलग वित्तीय कार्यक्रमों के तहत जारी की जा रही है। इस फैसले से पाकिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था को फिलहाल संजीवनी मिलने की उम्मीद है।

सितंबर 2024 में आईएमएफ पाकिस्तान को 37 महीनों के लिए एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी% (ईएफएफ) के तहत 7 अरब डॉलर यानी 66, 047.03 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ था। ताजा मंजूरी के अनुसार, ईएफएफ के तहत पाकिस्तान को लगभग 1 अरब डॉलर यानी 9,435.29 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, जलवायु संकट से निपटने के लिए %रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी% (आरएसएफ) के तहत 21 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे। अब तक पाकिस्तान कुल 8.4 अरब डॉलर (79,256.44 करोड़ रुपये ) के दो ऋण पैकेजों में से 4.5 अरब डॉलर यानी 42,458.81 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि यह राशि अगले हफ्ते की शुरुआत में जारी कर दी जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक का रिजर्व 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

आईएमएफ की यह मंजूरी पाकिस्तान सरकार की ओर से दिखाए गए बेहतर राजकोषीय प्रदर्शन का परिणाम है। पाकिस्तान ने दिसंबर 2025 तक के सभी आर्थिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हालांकि, फेडरल बोर्ड ऑफ रिवेन्यू का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। टैक्स कलेक्शन में कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम लेवी की दरों में बढ़ोतरी की है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने भरोसा दिलाया है कि देश सुधारों के रास्ते पर अडिग रहेगा।

पाकिस्तान ने आईएमएफ को वचन दिया है कि वह पश्चिम एशिया युद्ध के बावजूद राजकोषीय लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेगा। सरकार 3.4 ट्रिलियन रुपये का प्राथमिक बजट अधिशेष लक्ष्य हासिल करेगी। आगामी बजट भी आईएमएफ की सलाह से तैयार किया जाएगा। यह एक टाइट बजट होगा, जिसमें आर्थिक विकास की अंधाधुंध दौड़ के बजाय स्थिरता पर ध्यान दिया जाएगा। हालांकि, इन सख्त नीतियों के कारण बेरोजगारी और गरीबी बढ़ने की चिंताएं भी जताई जा रही हैं।

# व्हाइट हाउस हमला: आरोपी ने लगाया जांच में पक्षपात का आरोप



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस डिनर हमले के आरोपी ने न्याय विभाग के प्रमुखों पर ही पक्षपात का आरोप लगाकर कानूनी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। पीड़ित अधिकारियों की ओर से ही केस चलाने की इस चुनौती ने अब अमेरिकी अदालती प्रक्रिया और निष्पक्षता को कसौटी पर खड़ा कर दिया है। अमेरिका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन डिनर हमले के आरोपी कोल टॉमस एलन ने नया दांव चला है। एलन ने न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारियों को इस मामले से दूर करने की मांग की है। बचाव पक्ष का तर्क है कि ये अधिकारी खुद इस घटना के पीड़ित या गवाह हो सकते हैं। ऐसे में वे इस मामले में निष्पक्ष निर्णय नहीं ले पाएंगे। कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच और अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन पीररो 25 अप्रैल को वाशिंगटन हिल्टन में मौजूद थे। उसी शाम आरोपी कोल टॉमस एलन ने सुरक्षा घेरा तोड़कर हमला किया था। एलन पर आरोप है कि उसने एक सीक्रेट सर्विस अधिकारी पर शॉटगन से फायरिंग की। गुरुवार को कोर्ट में दाखिल याचिका में एलन के वकीलों ने तर्क दिया कि ब्लैंच और पीररो का इस केस में शामिल होना हितों के टकराव जैसा है। सार्वजनिक रक्षक यूजीन ओम और टेजीरा अबे ने कड़े शब्दों में अदालत से अपील की है। उन्होंने लिखा, दुनिया देखेगी कि अमेरिकी न्याय प्रणाली कैसे एक पीड़ित को उसी मामले में अभियोजक बनने की अनुमति दे सकती है? वकीलों ने सुझाव दिया कि मामले की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक विशेष अभियोजक नियुक्त किया जाना चाहिए। उनका दावा है कि फायरिंग के दौरान ब्लैंच और पीररो को भी अपनी जान बचाने के लिए टेबल के नीचे छिपना पड़ा था।

यूएस अटॉर्नी जीनिन पीररो ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय अदालत में इसका जवाब देगा।

# इनोवा कार ने खंभे में मारी टक्कर खंभा सोते हुए युवक पर गिरा मौत

- सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा सिद्दीकपुर जमुहाई मार्ग की घटना
- ग्रामीणों ने किया घटेभर चक्का जाम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर जमुआही मार्ग पर भकुरा गांव के पास रात आधी रात को एक असंतुलित इनोवा कार ने खंबे में टक्कर मारी और खम्भा टूटकर सोते हुए बी फार्मा के छात्र के सर पर गिरा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर गुस्साआए ग्रामीणों ने जमुहाई सिद्धिकपुर मार्ग पर जाम लगा दिया।

बता दें कि जपटापुर गांव का निवासी 23 वर्षीय सनी राजभर पुत्र कल्लन राजभर भकुरा अपने ननिहाल में रहकर फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा था और बुधवार की रात वह घर के सामने दरवाजे पर सोया हुआ था और आधी रात में एक असंतुलित इनोवा कार खम्भे में टक्कर मारी और खंभा टूटकर युवक के सर पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन और चालक को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जमुहाई सिद्दीकपुर मार्ग जाम कर दिया । इस दौरान ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे सीओ एसडीएम सदर ने जाम कर्ताओ को समझा कर एक घंटे में जाम समाप्त कराया और कहा कि विधिक करवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हो गए। उधर चालक का मेडिकल कराया गया।

# यमुना नदी में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स शुरू

- यमुना रिवर बैंक बोट क्लब पर जेट स्की, बनाना राइड; शहर बनेगा नया पर्यटन हब



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत यमुना नदी में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत की है। मेयर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने यमुना रिवर बैंक बोट क्लब पर इस परियोजना का शुभारंभ किया, जिससे शहर को पर्यटन और जल क्रीड़ा के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी। महापौर ने बताया कि प्रयागराज में जल क्रीड़ा की अपार संभावनाएं थीं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए थे। नगर निगम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब प्रयागराज के निवासियों को वाटर स्पोर्ट्स का आनंद लेने के लिए मुंबई या गोवा जाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि अन्य शहरों के लोग भी यहां आकर इन रोमांचक गतिविधियों का अनुभव कर सकेंगे। वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स का संचालन कर रहे अभिषेक सिंह के अनुसार, बोट क्लब पर स्पीड बोट, जेट स्की और बनाना राइड जैसी कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त, 30 सीटर कैटामरीन बोट पर जन्मदिन की पार्टी, विवाह वर्षगांठ और हल्दी सेरेमनी जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकेंगे। संगम तक यात्रा के लिए 7 सीटर बायलाइनर बोट की भी व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसी अन्य वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की भी शुरुआत की है। इन खेलों के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये के आधुनिक उपकरण मंगाए गए हैं। इससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। अंतरराष्ट्रीय कयाकिंग खिलाड़ी नितिन चंद्र, कोच रोहित निषाद और कोच संजय श्रीवास्तव ने नगर निगम की इस पहल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इससे प्रयागराज में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं बढ़ गई हैं, जिसका सीधा लाभ स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा।

## सेंट जोसेफ स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2026 का आयोजन

**प्रयागराज।** सेंट जोसेफ स्कूल में शनिवार को इन्वेस्टिचर सेरेमनी (विद्यालय संगठन के पद ग्रहण समारोह) 2026 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र प्रतिनिधियों एवं बैच होल्डर्स को जिम्मेदारियां सौंपी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मोस्ट रेव. लुईस मस्कारेन्हास उपस्थित रहे। उनके आगमन पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ पर्यावरण का मान रखते हुए पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना गीत के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को बैज पहनाकर नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता का विशेष महत्व होता है।

# बिना परमिट के संचालित पांच स्कूली वाहन सीज

- 11 वाहनों का हुआ चालान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। ए0आर0टी0ओ0 (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर स्कूली बसों की जॉच की गयी। जिसमें परमिट, फिटनेस एवं अन्य प्रपत्र न मिलने पर 05 बसों को सीज कर दिया जबकि 11 बसों का चालान किया गया।

ए0आर0टी0ओ0 (प्रवर्तन) द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बसो में परमिट, फिटनेस या सुरक्षा उपकरण न होने पर उन्हें सीज किया जायेगा। उक्त के साथ ड्राइवर के वैध लाइसेंस, स्कूल बस के पीले रंग, 'स्कूल बस' अंकन और सहायक स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य है। स्कूली वाहन पोर्टल से प्राप्त डाटा के अनुसार जनपद जौनपुर में कुल 480 वाहनों का परमिट समाप्त/बिना परमिट के संचालित हो रही है। जनपद के समस्त प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/वाहन स्वामी को निर्देशित किया जाता है कि जिन विद्यालयों में वाहनों से बच्चों का आवागमन होता है और उनका परमिट समाप्त/बिना परमिट के संचालित है तो वे तत्काल परमिट का नवीनीकरण/नया परमिट बनवा लें। यद्यपि बिना परमिट के जो भी वाहन संचालित पायी जायेगी उनके विरूद्ध चालान/निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। उक्त के साथ यह भी अवगत कराना है कि जिन विद्यालय प्रबन्धन द्वारा अपने वाहनों का परमिट नहीं बनवाया/नवीनीकरण कराया जाता है तो नियमानुसार उनके विद्यालय के मान्यता समाप्त किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यालय संचालक एवं प्रबन्धक की होगी।

## तेज रफ्तार कार का कहरः राहगीर की मौत

**जौनपुर।** रामपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे जा रहे दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, स्थानीय बाजार के पास स्थित बलथर स्कूल के समीप गुरुवार करीब 2 बजे मोहम्मद शारिक उमरी (23 वर्ष) पुत्र इश्तियाक अहमद बाइक से कहीं जा रहे थे। उसी दौरान सड़क पर पैदल जा रहे करीब 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को भी तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों लोग सड़क किनारे गंभीर हालत में गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल शारिक को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। वह केसरिया रंग का कुर्ता और काले रंग की धारीदार लोअर पहने हुए था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# तीन घरों में भीषण आग से गृहस्थी का लाखों का सामान जलकर राख

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के मोहनी का पूरा गांव में अचानक लगी भीषण आग ने तीन परिवारों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की इस घटना में किसानों के घरों में रखा गेहूं, सरसों, चना, भूसा और गृहस्थी का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के मोहनी का पूरा गांव निवासी रामबाबू पटेल के घर से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। शुरुआत में लोगों को लगा कि मामूली आग होगी, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और पास में स्थित लालजी पटेल तथा बालकृष्ण पटेल के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में तीनों घर आग की लपटों से घिर गए। ग्रामीणों के मुताबिक जिन कमरों और हिस्सों में आग लगी थी, वहां किसानों द्वारा हाल ही में कटाई के बाद रखा गया गेहूं, सरसों, चना और भूसा का भंडारण किया गया था। आग लगने से बड़ी मात्रा में अनाज और पशुओं के चारे का नुकसान हुआ। इसके अलावा घरों में रखा कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान भी जल गया। अचानक आग फैलने से परिवार के लोग घबरा गए और किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीण बाल्टी, पाइप और मोटर पंप के सहारे पानी डालते रहे। आग इतनी तेज थी कि लोग काफी देर तक उसके करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## टंकी पर चढ़ने वाली युवती के पति, देवर पर एफआईआर

**प्रयागराज।** फाफामऊ में दो मई को पानी की टंकी पर चढ़ने वाली युवती के पति, देवर समेत अन्य पर एक और एफआईआर दर्ज की गई है। युवती के अधिवक्ता की शिकायत पर कैंट थाने में यह कार्रवाई हुई है। आरोप लगाया गया है कि युवती के पति और देवर ने मुकदमा छोड़ने के लिए धमकाया। 10 लाख की रंगदारी भी मांगी। बात न मानने पर एक एआई से फोटो बनाकर वायरल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर निवासी भुक्तभोगी अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया, मैं कुछ समय पहले तक युवती का मुकदमा देख रहा था जो उसके पति मो= आलम से विवाद होने के कारण उत्पन्न हुआ। आरोप है कि कई बार मो. आलम व उसके भाई नूर आलम की तरफ से मुकदमा छोड़ने के लिए धमकाया गया और ब्लैकमेल किया गया कि 10 लाख रंगदारी नहीं दोगे तो एआई से फोटो बनवाकर तुम्हें बदनाम कर दूंगा।

बात न मानने पर युवती के साथ एआई से फोटो बनवाई और 02 मई को इन्स्टाग्राम आईडी और तीन मई को फेसबुक आईडी आयुष श्रीवास्तव पर गैर-कानूनी ढंग से वायरल करा दिया। कालसुमित नाम की फेसबुक आईडी पर भी यही किया, जो वीडियो में स्वयं इसकी जिम्मेदारी लेते नजर आ रहे हैं।

# ट्रेनर ने जनगणना 2027 के बारे में जानकारी दी गई



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पालिका के अधिकारी व कर्मचारी,सभासद व नागरिकों को ट्रेनर ने जनगणना 2027 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।पोर्टल ऐप पर स्वजनगणना करने का ढंग बताया गया। पहले मकान की गणना और इसके बाद आम जनगणना होगी। जनगणना का पहला चरण 22 मई से आरम्भ होकर जून भर चलेगा। भारत में जनगणना इससे पहले 2010-2011मे हुई थी। यह जनगणना 2020-2021में होनी थी। क्रोना महामारी के चलते जनगणना स्थगित हो गई थी। हर दस वर्ष पर जनगणना होती है। इसी आधार पर सरकार कल्याणकारी योजनाएं बनाती है। जनगणना के बारे में ट्रेनर फिरोज़ अहमद और अहमद रज़ा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि हर बार आफ लाइन जनगणना होती थी।इस बार आनलाइन जनगणना पोर्टल ऐप स्वगणना कर इसमें कर्मचारियों का काम आसान कर सकता है। स्वगणना कि वेरीफिकेशन कर जहां भी गलती होगी उसे प्रगणक सही कर देगा।जब प्रगणक घर पर पहचे तो उसे बता दें कि वह स्वयं गणना कर चुके हैं।इसका वेरीफिकेशन कराने पर जनगणना का कार्य आसानी से पूरा होने में आम आदमी सहयोग कर सकता है । जनगणना पोर्टल ऐप डाउनलोड करें और इसे खोलने पर कालम को भरना है। इस सम्बन्ध में विस्तार से बताया समझा गया। बैठक में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र,राजन चौधरी, ट्रेनर फिरोज़ अहमद,अहमद रजा, सभासद अनवारूलहक,सफी नवाज़,सुहेल अहमद, अरविंद कुमार, धर्मेन्द्र,हसन नसीम, आफताब आलम आदि मौजूद थे। नगर पालिका कार्यालय मुबारकपुर के सभागार में जनगणना प्रशिक्षण लेते हुए ट्रेनर पालिका प्रशासन अधिकारी व कर्मचारी सभासद व अन्य लोग।

## मां के चरण पखारते ही छलक पड़े आंसू, बरसा वात्सल्य रस

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** मां... केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन का वह आधार है, जिसके बिना हर खुशी अधूरी लगती है। शनिवार को केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित मातृ पूजन दिवस के दौरान यही भाव हर आंख में साफ दिखाई दिया। जब नन्हें बच्चों ने मंच पर



अपनी मां के चरण पखारे, आरती उतारी और हाथ जोड़ कर वन्दना कीतो पूरा सभागार भावुक हो उठा। कई माताओं की आंखों से आंसू बह निकले और वातावरण ममता के भाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने मां की महिमा पर आधारित गीत, नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। हर प्रस्तुति में मां की ममता, त्याग और बेटे-बेटी के प्रेम की झलक दिखाई दी। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंजता रहा। उपस्थित अभिभावक भी बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर भावविभोर नजर आए। कार्यक्रम का एक खास आकर्षण माताओं की सहभागिता रही। बच्चों की माताओं ने भी नृत्य, मनोरंजक खेलों और रैंप वॉक में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर केडीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। प्रोफेसर डॉ मांडवी राठौर ने मां-बेटे के रिश्ते की गहराई को भावुक शब्दों में व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका वंदना शर्मा ने किया, जबकि इसकी रूपरेखा अंजू चतुर्वेदी ने तैयार की। इस दौरान गीता बघेल, पारुल, डौली, नेहा, दीपाली, शिवकुमार, रवि कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तरुण और सोनामती क्लब को मिली जीत



देवांश पाठक प्रांजल पांडेय कार्तिकेय सिंह दिव्यांश यादव शिवम केसरवानी

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** तरुणा संस क्लब और सोनामती क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। तरुणा संस क्लब के देवांश पाठक ने दोहरा शतक (208 रन, 105 गेंद, 25 चौके, 11 छक्के) बनाया तो प्रांजल पांडेय 81 (रन 30 गेंद, सात चौके, आठ छक्के), कार्तिकेय सिंह (70 रन एवं तीन विकेट) और दिव्यांश यादव (7.5-3-13-6) भी चमके। सोनमती क्लब के शिवम केसरवानी (30 रन एवं तीन विकेट) ने हरफनमौला खेल दिखाया। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में तरुणा संस क्लब ने 45 ओवर में 7 विकेट पर 416 रन (देवांश पाठक 208, प्रांजल पांडेय 81, कार्तिकेय सिंह 70, आदित्य पाठक 3/71, सत्यम यादव, ऋषभ और शिवम मौर्य एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब की पूरी टीम 24.5 ओवर में 56 रन (विराट सिंह 19, दिव्यांश यादव 6/13, कार्तिकेय सिंह 3/14, शुभम सोनकर 1/08) पर सिमट गई। देवांश पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोनामती क्लब ने अपने मैदान पर 35.5 ओवर में 195 रन (दिव्यांश 47, शिवम केसरवानी 30, आधार सिंह 27, पीयूष यादव 3/43, प्रिंस 2/29, आकाश वैभव 2/49) बनाए।

# व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजाद अधिकार सेना का अनिश्चितकालीन धरना किया शुरू

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार, आईजीआरएस (IGRS) पोर्टल पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण और सूचना का अधिकार (RTI) कानून के दम तोड़ते वजूद के खिलाफ आजाद अधिकार सेना ने चेतावनी के बाद अब मोर्चा खोल दिया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क में जिलाध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। धरने में जिले की विभिन्न तहसीलों से आए पीड़ितों ने हिस्सा लिया, जो लंबे समय से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुके हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जिले में जनसुनवाई अब 'जन ठगई' में तब्दील हो चुकी है। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी धनबल के प्रभाव में आकर कार्यालयों में बैठकर ही शिकायतों की फर्जी रिपोर्ट लगा रहे हैं। धरातल पर कोई जांच नहीं होती, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलना असंभव हो गया है। IGRS और RTI जैसे पारदर्शी कानून अब सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। संगठन ने जिला प्रशासन के सामने स्पष्ट मांगें रखी हैं और चेतावनी दी है कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, धरना समाप्त नहीं होगा। जिसमें स्वयं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं प्रत्येक तहसील और थाना स्तर पर कम से कम 10-10 मामलों का औचक स्थलीय निरीक्षण करें। फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ऋश्वद्ध के तहत सूचना देने में देरी करने या भ्रामक जानकारी देने वाले जन सूचना अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। शिकायतों की जांच उन्हीं अधिकारियों से न कराई जाए जिनके विरुद्ध शिकायत की गई है; इसके लिए निष्पक्ष एजेंसियों का सहारा लिया जाए। आजाद अधिकार सेना के इस कदम ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर क्या रुख अपनाता है। इस दौरान नन्दसेन सिंह, सुनील चौधरी, सुजीत दूबे, संतोष पाण्डेय, बद्री सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, सुदर्शन, उपेंद्र सिंह, बिहारी पुजारी, प्रमोद, फूलमती, बादामी, प्रीति सरोज, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और पीड़ित मौजूद रहे।

# फ्रेंड्स और गंगा डिग्री कॉलेज क्लब विजयी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** फ्रेंड्स क्लब और गंगा डिग्री कॉलेज क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। फ्रेंड्स क्लब के ऋषि यादव (65 रन, 55 गेंद, नौ चौक) व श्रेय कुमार सिंह (2-1-02-3) और गंगा डिग्री कॉलेज क्लब के अथर्व (5-1-15-3) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। चक हरिहर वन झूसी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में फ्रेंड्स क्लब ने 25 ओवर में 5 विकेट पर 215 रन (ऋषि यादव 65, संस्कार श्रीवास्तव 37, समर पटेल 27, पीयूष कुमार 2/33, आरुष कुमार व शिवांश तिवारी एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब की पूरी टीम 10.5 ओवर में 38 रन (समर्थ सिंह 12, श्रेय कुमार सिंह 3/02, अजीत पांडेय 2/09, अक्षय त्रिपाठी, समर पटेल, सूर्यांश गौतम व प्रत्यांश एक-एक विकेट) पर सिमट गई। श्रेय कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाफामऊ क्लब ने मैदान पर 22.5 ओवर में 104 रन (दीपांश सिंह 25 नाबाद, आदर्श यादव 13, तनिष्क पाल व लकी सरोज 12-12, अथर्व 3/15, रिशु 2/08, श्लोक पटेल 2/12, प्रत्यूष 1/14) बनाये। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज क्लब ने 22.1 ओवर में 6 विकेट पर 105 रन (अनिकेत मिश्रा 22, श्लोक पटेल 19 नाबाद, हंजला 14, परम सिंह 2/14, दीपांश सिंह 2/17, अंश चौरसिया 2/24) बना लिए। अथर्व को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## गांजा की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना तहबरपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई उ0नि0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान रघुनाथपुर अण्डरपास के पास से अभियुक्त लालजी यादव पुत्र स्व0 दलसिंगार यादव उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम सेमरहा थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी सगड़ी द्वारा तलाशी लिये जाने पर अभियुक्त के कब्जे से 03 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लिया गया तथा थाना तहबरपुर पर मुअसं 69/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह बंजारा लोगों से गांजा खरीदकर ग्राहकों को फुटकर बिक्री करता था तथा इसी से अपने परिवार का खर्च चलाता था।

# जन समस्या को लेकर सभासद ने नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नगर क्षेत्र के वार्ड गुरुटोला अनंतपुरा की जनसमस्याओं को लेकर सभासद मोहम्मद अफजल ने नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। सदस्य जिला योजना समिति सभासद एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सभासद गुरुटोला अनंतपुरा मोहम्मद अफजल ने कहा कि इस दौरान क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, साफ-सफाई, जलनिकासी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समस्याओं को विस्तार से रखा गया। बताया गया कि इन समस्याओं के कारण स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि आगामी टेंडर एवं कार्ययोजना में वार्ड गुरुटोला अनंतपुरा के आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाएगा और शीघ्र ही समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर सभासद मोहम्मद अफजल ने कहा वार्ड गुरुटोला अनंतपुरा के लोगों की समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं। क्षेत्र में सड़क, नाली, सफाई और जलनिकासी की समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिन्हें शीघ्र दूर कराना आवश्यक है। हम लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं और जब तक क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल जातीं, तब तक प्रयास जारी रहेगा। मुलाकात के बाद उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना रौनापार पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। वादी थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना रौनापार पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि आरोपीगण द्वारा उनकी पुत्री को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था तथा मारपीट की जाती थी। साथ ही दिनांक 30.04.2026 को पीड़िता के देवर चन्द्रहास राय उर्फ टिंकू राय द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया तथा पूर्व में भी इस प्रकार की घटना कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रौनापार पर मु0अ0सं0 110/26 धारा 85, 115 (2), 351(3), 64(2) (ड) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त चन्द्रहास राय उर्फ टिंकू राय पुत्र स्व0 कपिलदेव राय निवासी ग्राम बैजाबारी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को थाना रौनापार पुलिस द्वारा उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

# थाना दिवस में डीएम ने कराया भूमि विवादों का समाधान

- डीएम-एसपी की मौजूदगी में शिकायतों के निस्तारण को गठित हुई टीमें
- ग्रामसभा भूमि कब्जामुक्त कराने के दिए सख्त निर्देश
- देवर-जेठानी का विवाद सुलझाकर कराया समझौता
- पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने को प्रशासन सख्त

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ थाना दिवस के मौके पर थाना एलाऊ में जन-शिकायत सुनने के दौरान राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, उन पर 02-02 लेखपाल, पुलिस कांस्टेबल, उप निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक की लिखित में टीम गठित कर दी गई है, थाना दिवस के उपरांत संबंधित टीमें अपने-अपने क्षेत्र में जाकर शिकायतों का प्रभावी निराकरण करें, मौके पर दोनों पक्षों से कृत कार्यवाही पर हस्ताक्षर करायें यदि किसी के द्वारा समस्या के निस्तारण के दौरान विघ्न, व्यवधान डालने की कोशिश की जाए तो उन्हें भारी मुचलकों में पाबंद कराया जाए, थाने पर वापस आने पर कृत कार्यवाही का अंकन जी.डी. में दर्ज किया जाए, ग्राम सभा की जो भी भूमि मौके पर खाली करायी जाए उसे तत्काल विद्यालय, आंगनबाडी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, चारागाह के रूप में आरक्षित कर खतौनी में अंकित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जब मंजू देवी नि. जागीर ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके देवर द्वारा पैतृक भूमि से हिस्सा नहीं दिया जा रहा है, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गांव में नहीं रहते है, गांव में आने पर देवर, उनके परिजनों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिस पर उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल से तत्काल दूसरे पक्ष को बुलाकर जानकारी की, जानकारी करने पर पाया कि वह पिता की पैतृक भूमि से हिस्सा देने को तैयार है लेकिन जेठानी द्वारा ज्यादा हिस्से की मांग की जा रही है, जिस पर उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुन मौके पर ही देवरानी, जेठानी को गले मिलाया, भतीजे से चाचा के पैर छुवाकर मौके पर ही दोनों की सहमति से भूमि की पैमाईश कराकर एक तिहाई-एक तिहाई भाग उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय लेखपाल को देते हुए कहा कि आज ही गठित टीम के साथ मौके पर जाकर तीनों भाइयों को भूमि चिन्हित कराकर उपलब्ध करायें, सभी पक्षों ने खुशी-खुशी जिलाधिकारी के फैसले का स्वागत किया। नवादा नि. शान्ति स्वरूप ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-459 में .105 है. पर पट्टा आवंटित हुआ था, पट्टे की कई बार पैमाइश भी की जा चुकी है लेकिन विपक्षीगण कब्जा नहीं करने देते, शिकायतकर्ता ने आवंटित पट्टे की पैमाइश कराकर दखल दिलाये जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक, उप निरीक्षक के नेतृत्व में लेखपाल नीरज, अनूप एवं 02 आरक्षियों की टीम गठित कर आज ही मौके पर जाकर आवंटित पट्टे पर आवंटी को कब्जा दिलाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी पट्टों पर अनाधिकृत कब्जा न हो, पट्टों पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। ग्राम नवादा नि. सत्यवीर ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वर्षो पुराने खड़ंजे पर अवधेश यादव, राम लखन यादव, जितेंद्र यादव ने दीवार खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया है, जिस पर उन्होंने थानाध्यक्ष के माध्यम से दूसरे पक्ष को मौके पर बुलाकर दोनों पक्षों के सामने जानकारी की तो संज्ञान में आया कि उक्त रास्ता उसके घर के बीच में से निकला हुआ है, जो लगभग डेढ़ फीट का है राजस्व नक्शे में खडंजा दर्ज नहीं है और वह अपने मकान के बराबर से 3 फीट का रास्ता देने को तैयार है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच मुनाफावसूली हावी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच अनिश्चितता के बावजूद सर्राफा बाजार में मुनाफावसूली से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। पूरी खबर पढ़ें।


पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच ताजा सैन्य हलचल का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि, इन तनावपूर्ण स्थितियों के बीच शुक्रवार को स्थानीय सर्राफा बाजार में एक अलग ही रुख देखने को मिला। निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर की गई भारी मुनाफावसूली के कारण सोने और चांदी की कीमतों में नरमी दर्ज की गई है। यह स्थिति तब पैदा हुई है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और कूटनीतिक शांति की उम्मीदें लगातार कमजोर पड़ रही हैं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ की ओर से जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली के स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये

**हलचल**

**श्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच ताजा सैन्य हलचल का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है।**

प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। इसके पिछले कारोबारी सत्र में यह कीमत 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) थी। इसी तरह, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी गुरुवार के 1,55,200 रुपये से फिसलकर 1,55,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया है। सफेद धातु यानी चांदी की बात करें तो लगातार चार दिनों की शानदार तेजी के बाद इसमें भी गिरावट का रुख रहा। चांदी की कीमत 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद भाव से



गिरकर 2,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। गौरतलब है कि गुरुवार के सत्र में चांदी की कीमतों में 7,000 रुपये प्रति किलोग्राम का भारी उछाल आया था, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली का सुरक्षित रास्ता चुना। इस व्यावसायिक परिदृश्य और कीमतों में आई नरमी को स्पष्ट करते हुए मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कमोडिटीज विश्लेषक मानव मोदी ने बताया कि पिछले सत्र की तेज रैली के बाद सोने की कीमतों में यह मुनाफावसूली स्वाभाविक थी। मोदी के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच तत्काल शांति समझौते की उम्मीदें कमजोर पड़ने और अमेरिकी डॉलर में वापस आए सुधार के कारण निवेशकों का रुख बदला है। बाजार में यह सतर्कता तब और बढ़ गई जब ऐसी रिपोर्टें सामने आईं कि ईरान अभी भी शांति वार्ता के लिए प्रस्तावित अमेरिकी ढांचे की समीक्षा कर रहा है। कुछ ईरानी अधिकारियों ने इस शांति प्रस्ताव को अवास्तविक करार दिया है, जिससे कूटनीतिक समाधान की दिशा में तेहरान से मिश्रित संकेत मिल रहे हैं।

जहां एक ओर स्थानीय बाजार में नरमी रही, वहीं वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में भारी तेजी का रुख बना रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाजिर सोना 0.7 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,721.00 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 3 प्रतिशत से अधिक की बड़ी छलांग लगाते हुए 81.14 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मुद्रा बाजार में, अमेरिकी डॉलर इंडेक्स शुक्रवार को 0.18 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 97.89 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इन सब के बीच सबसे चिंताजनक स्थिति ऊर्जा बाजार में है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका और ईरानी सेनाओं के बीच गुरुवार को हुई गोलीबारी की खबरों के बाद ब्रेंट क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमतों में बड़ा उछाल आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.30 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा था।

# भारी कर्ज के बीच सरकार को खोलना होगा सातवें वेतन आयोग के लिए खजाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के सामने सातवें वेतन आयोग को लागू करने, 37त्न के भारी कर्ज-जीएसडीपी अनुपात और अन्नपूर्णा भंडार जैसी खर्चीली योजनाओं के कारण बड़ा आर्थिक संकट खड़ा है। बंगाल की इन वित्तीय चुनौतियों, नई केंद्रीय योजनाओं और सिंडिकेट राज की खामियों को आसान भाषा में समझने के लिए पढ़ें रिपोर्ट।

पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन तो हो गया है, लेकिन नई सरकार के लिए यह जीत किसी मखमली सेज नहीं बल्कि कांटों के ताज जैसा है। 20 लाख करोड़ रुपये से बड़ी अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य का सरकारी खजाना फिलहाल गहरे दबाव में है। सातवें वेतन आयोग का भारी-भरकम वादा, खाली तिजोरी और अन्नपूर्णा भंडार जैसी लोकलुभावन योजनाएं राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य की अंतिम परीक्षा लेने वाली हैं। आइए, आसान सवाल-जवाब में समझते हैं कि बंगाल के आर्थिक हालात क्या हैं और नई सरकार के सामने कितनी बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं।

जवाबः बंगाल की आर्थिक स्थिति बेहद खराब दौर से गुजर रही है। 16वें वित्त आयोग के मूल्यांकन के अनुसार, राज्य का कर्ज-त्नस्छक्क अनुपात करीब 37% के खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। राज्य सरकार की कुल कमाई का लगभग तीन गुना हिस्सा कर्ज के बोझ तले दबा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि सरकार की कुल कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और पुराने कर्जों का ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जाता है। राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना चला रही है जिससे आगे चलकर खजाने पर देनदारी और बढ़ेगी।

जवाब~ भाजपा ने नई सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया है । वर्तमान में राज्य सरकार छठे वेतन आयोग (ROPA 2019) के ढांचे पर चल रही है और राज्य व केंद्र के कर्मचारियों व पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत (डीए-डीआर) के बीच 36त्न से 40% तक की भारी खाई है । सातवें वेतन आयोग को पूरी तरह लागू करने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पुराने डीए-डीआर बकाये को चुकाने का मतलब है कि राज्य के खजाने पर हर साल हजारों करोड़ रुपये (अनुमानित 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये) का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । यह नई सरकार के लिए एक बड़ा वित्तीय झटका साबित होगा। शुभेंदु सरकार इससे कैसे निपटती है यह देखने वाली बात होगी। जवाब~ पश्चिम बंगाल की पिछली ममता सरकार की लक्खी भंडार योजना के तहत 2.21 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद दी जा रही थी, जिस पर राज्य का सालाना बजट 26,700 करोड़ रुपये था। भाजपा ने अपने चुनावी वादे में इसे बढ़ाकर अन्नपूर्णा भंडार का रूप देने का वादा किया है।

# रसोई के बजट पर महंगाई की मार; टमाटर और एलपीजी ने बिगाड़ा स्वाद

**नई दिल्ली।** अप्रैल में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमतों में 2त्न का उछाल क्यों आया टमाटर और एलपीजी ने कैसे बिगाड़ा रसोई का बजट, आम आदमी की रसोई पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। अप्रैल 2026 में घर में पकी शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह की थालियों की कीमत में दो प्रतिशत का उछाल आया है। क्रिसिल की हालिया रोटी राइस रेट रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर के लाल होते दाम, महंगे खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर ने आम आदमी की जेब का बोझ काफी बढ़ा दिया है। आइए, इस पूरी रिपोर्ट को आसान सवालों और जवाबों के जरिए समझते हैं कि आखिर आपकी थाली का स्वाद क्यों और कितना महंगा हो गया है।

जवाबः क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों के इनपुट मूल्यों के आधार पर अप्रैल 2026 में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की लागत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे सबसे बड़ा कारण टमाटर, वनस्पति तेल और रसोई गैस (एलपीजी) के दाम में हुआ इजाफा है। महीने-दर-महीने के आधार पर देखें तो अप्रैल में शाकाहारी थाली की कीमत स्थिर रही, जबकि मांसाहारी थाली 1 प्रतिशत महंगी हो गई।

जवाब~ थाली की कीमत बढ़ने में टमाटर की सबसे अहम भूमिका रही है। पिछले साल के 21 रुपये प्रति किलो के मुकाबले अप्रैल 2026 में टमाटर की कीमतें 38 प्रतिशत बढ़कर 29 रुपये प्रति किलो हो गईं। इसका मुख्य कारण दक्षिणी राज्यों में टमाटर की खेती का रकबा कम होना है, जिससे इसके उत्पादन में 3-4 प्रतिशत की गिरावट आई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुषन शर्मा के मुताबिक, उत्तरी क्षेत्रों में हीटवेव (लू) की चिंताओं और कमजोर बुवाई के कारण जुलाई-अगस्त के दौरान टमाटर की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

# सैमसंग लेकर आया ‘सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो’ का पांचवां एडिशन जीतने वाली टीमों को मिलेंगे 2 करोड़ रुपये तक के ग्रांट

**लखनऊ।** सैमसंग ने ‘सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो’ के पांचवें संस्करण की शुरुआत करने की घोषणा की। यह कंपनी का प्रमुख इनोवेशन और शिक्षा कार्यक्रम है, जिसे भारत की अगली पीढ़ी के युवा इनोवेटर्स को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए टेक्नोलॉजी आधारित समाधान तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

भारत में अपने 30 वर्ष पूरे होने के मौके पर सैमसंग इस कार्यक्रम के दायरे और प्रभाव को और बड़ा बना रहा है। इसके जरिए कंपनी भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम और डिजीटल इण्डिया के विज़न के प्रति अपनी लंबे समय की प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है।

इसी दिशा में, 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को 2 करोड़ रुपये का इन्क्यूबेशन ग्रांट दिया जाएगा, ताकि वे आईआईटी दिल्ली में इन्क्यूबेशन सहायता के माध्यम से अपने आइडिया को और बेहतर बना सकें और बड़े स्तर पर लागू कर सकें। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये और शीर्ष 40 टीमों को 8 लाख रुपये के साथ सैमसंग डिवाइस और मेंटरशिप सहायता भी दी जाएगी।

हमें गर्व है कि पिछले 30 वर्षों से हम भारत की डिजिटल और इनोवेशन यात्रा में एक भरोसेमंद भागीदार रहे हैं और देश में युवाओं के नेतृत्व में बढ़ रही इनोवेशन संस्कृति को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो आज एक मजबूत मंच बन चुका है, जो युवा इनोवेटर्स को आगे बढ़ने का अवसर देता है और ऐसे उभरते स्टार्टअप्स तैयार करने में मदद करता है, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान कर सकें। 2026 के संस्करण के साथ हम इनोवेशन को ‘भारत’ के और अधिक हिस्सों तक पहुंचा रहे हैं। हम स्कूलों तक अपनी पहुंच को दोगुने से भी अधिक बढ़ा रहे हैं और युवा बदलाव लाने वालों के लिए अवसरों को और व्यापक बना रहे हैं। अपने पांचवें वर्ष में यह कार्यक्रम भारत की इनोवेशन यात्रा के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, #DigitalIndia के विज़न के अनुरूप डिज़ाइन थिंकिंग, स्किलिंग, इंडस्ट्री एक्सपोज़र और स्टार्टअप सहायता के जरिए इस इकोसिस्टम को और मजबूत करता है, जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा।

इस वर्ष का कार्यक्रम 14 से 22 वर्ष के छात्रों को चार विषयों भारत के लिए एआई, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता, तथा खेल और तकनीक पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है। ये विषय एक स्मार्ट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार भारत बनाने में टेक्नोलॉजी की बढ़ती भूमिका को दर्शाते हैं।

यह छह महीने का कार्यक्रम हजारों प्रतिभागियों को प्रोटोटाइप तैयार करने में सहायता, निवेशकों से जुड़ने का अवसर, विशेषज्ञों की मेंटरशिप, इमर्सिव वर्कशॉप्स और व्यापक ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगा। इसका उद्देश्य नए विचारों को बड़े स्तर पर लागू किए जा सकने वाले समाधानों में बदलना है।

भारत को युवा इनोवेटर्स की नई पीढ़ी आगे बढ़ा रही है, जो दुनिया के लिए भी समाधान विकसित कर रही है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के जरिए हम शुरुआती आइडिया को ऐसे प्रभावी समाधानों में बदलते हुए देख रहे हैं, जिनमें बड़े स्तर पर विस्तार की क्षमता है।

# यस बैंक और हिंदुजा फाइनेंस पर जुर्माना, बैंकों को कैपिटल नियमों में दी बड़ी राहत




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना लगाया है, साथ ही बैंकों के पूंजी पर्याप्तता नियमों में बड़ी ढील दी है। बैंकिंग सेक्टर के इस अहम अपडेट को पूरी तरह समझने के लिए पढ़ें हमारी खास रिपोर्ट।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग सेक्टर के लिए दो अहम फैसले लिए हैं। एक तरफ जहां नियामक ने नियमों की अनदेखी करने पर यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना लगाया है, वहीं दूसरी तरफ बैंकों को अपनी पूंजी पर्याप्तता की गणना में चालू वर्ष के तिमाही मुनाफे को शामिल करने के नियमों में बड़ी ढील दी है। ये दोनों कदम भारतीय बैंकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में अहम माने जा रहे हैं।

# भारतीय कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 26 में दिखाई मजबूती




**नई दिल्ली।** इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए) ने आज घोषणा की कि भारतीय कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (सीई) इंडस्ट्री में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल इक्विपमेंट बिक्री में करीब 2% की गिरावट दर्ज की गई। कुल बिक्री वित्त वर्ष 25 के 1,40,191 यूनिट से घटकर 1,36,995 यूनिट रह गई। इंफ्रास्ट्रक्चर एग्जीक्यूशन की धीमी रफ्तार और प्रोजेक्ट्स में देरी से जुड़ी घरेलू बाजार की अस्थायी चुनौतियों के बावजूद, निर्यात में 32% के मजबूत उछाल ने इंडस्ट्री को संभाले रखा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बाजार बना हुआ है। वित्त वर्ष 25 में इस सेक्टर की अनुमानित वैल्यू 10 अरब डॉलर थी और 8.3% की सीएजीआर के साथ 2030 तक यह 14.76 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। आईसीईएमए के प्रेसिडेंट और जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपक शेट्टी ने कहा, वित्त वर्ष 26 में जो मामूली गिरावट देखी गई है, उसे इंडस्ट्री की किसी बुनियादी कमजोरी के बजाय जमीनी स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर एग्जीक्यूशन की धीमी रफ्तार के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। सरकारी कैपेक्स आवंटन ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर बना हुआ है, लेकिन प्रोजेक्ट एग्जीक्यूशन में देरी, भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों और फंड जारी होने में देरी ने साल भर इक्विपमेंट की मांग पर असर डाला। साथ ही, एक्सपोर्ट में 32% की मजबूत बढ़ोतरी के साथ इंडस्ट्री ने अपनी मजबूती साबित की, जो भारत में बने कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाती है। हमें भारत के लगातार जारी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर फोकस के चलते इंडस्ट्री की दीर्घकालिक विकास की राह पर पूरा भरोसा है।

**सेगमेंट-वाइज परफॉर्मेंस**

अर्थमूविंग इक्विपमेंट 97,236 यूनिट वर्ष-दर-वर्ष -2% के साथ करीब 71% मार्केट शेयर लेकर सबसे आगे रहा। मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट में 15,290 यूनिट (वर्ष-दर-वर्ष -10%) दर्ज किए गए। कंक्रीट इक्विपमेंट 14,486 यूनिट +0.09% वर्ष-दर-वर्ष के साथ लगभग स्थिर रहा। रोड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने 7,445 यूनिट के साथ करीब 6.3% की पॉजिटिव ग्रोथ दर्ज की। मटेरियल प्रोसेसिंग इक्विपमेंट में 2,538 यूनिट के साथ करीब 1.2% की मामूली बढ़ोतरी हुई। आईसीईएमए के प्रेसिडेंट डेजिग्नेट और रिटजेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री रमेश पलागिरी ने कहा, भारतीय कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट इंडस्ट्री धीमे प्रोजेक्ट एग्जीक्यूशन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्रियान्वयन की कमियों से जुड़ी अस्थायी चुनौतियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है।

# 27337 करोड़ के घोटाले में अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की कंपनियों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई। 27,337 करोड़ रुपये के एलआईसी और बैंक धोखाधड़ी मामले में मुंबई के 17 ठिकानों पर छापे। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही जांच की पूरी बिजनेस रिपोर्ट यहां पढ़ें! देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है। सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च ऑपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था।

शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और स्रुष्ट को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गईं कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

# अमेज़न ग्रेट समर सेल 2026 में सेनहाइज़र के साथ अपनी साउंड को अपग्रेड करें

**लखनऊ।** सेनहाइज़र, ऑडियो इनोवेशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी ने अमेज़न ग्रेट समर सेल 2026 के तहत अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर विशेष ऑफ़र की घोषणा की है, जो 8 मई से शुरू हो रही है। ग्राहक सेनहाइज़र के चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 42 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें मोमेंटम 4 वायरलेस, प्रोफाइल वायरलेस 1-चैनल सेट और 2-चैनल सेट, मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4, एचडीबी 630, एम्बो साउंडबार मिनी, एचडी 490 प्रो प्लस, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफ़ोन और कई अन्य शामिल हैं। इसके अलावा, खरीदार 24 महीने तक की बिना किसी लागत वाली ईएमआई (बिना किसी लागत के ईएमआई) के विकल्पों और चुनिंदा बैंक ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं, जिससे यह सेनहाइज़र की खास साउंड का अनुभव करने का सबसे सही समय बन जाता है।

सेनहाइज़र के फ्लैगशिप मोमेंटम 4 वायरलेस के साथ अपने ऑडियो अनुभव को बेहतर बनाएं। सटीक 42एमएम ट्रांसड्यूसर के साथ डिज़ाइन किए गए ये प्रीमियम हेडफ़ोन, ब्रांड की खास साउंड को बेहतरीन बारीकियों के साथ पेश करते हैं। हल्के और आरामदायक डिज़ाइन में एडेप्टिव नॉयज़ कैंसिलेशन, ट्रांसपेरेंसी मॉड और 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ़ का आनंद लें; साथ ही, पूरे दिन आराम के लिए इसमें बेहद मुलायम ईयर कुशन भी दिए गए हैं। स्मार्ट कंट्रोल एप की मदद से आप अपनी साउंड को अपनी पसंद के अनुसार सेट कर सकते हैं, जबकि स्मार्ट पॉज और ऑटो ऑन/ऑफ जैसी आसान सुविधाएं हर पल को और भी शानदार बनाती हैं। यह 21,990 की कीमत पर उपलब्ध है, और अमेज़न ग्रेट समर सेल के दौरान चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त छूट भी मिल रही है।

सेनहाइज़र प्रोफाइल वायरलेस सीरीज़ के साथ अपने कंटेंट को अगले लेवल पर ले जाएं। यह एक वर्सेटाइल वायरलेस माइक्रोफ़ोन



सॉल्यूशन है, जिसे चलते-फिरते कंटेंट क्रिएटर्स और वीडियोग्राफ़र्स के लिए डिज़ाइन किया गया है।

प्रोफाइल वायरलेस 2-चैनल सेट एक ऑल-इन-वन क्रिएटर ऑडियो टूलकिट है, जिसमें एक कॉम्पैक्ट 2.4 गीगाहर्ट्ज़ रिसीवर, दो क्लिप-ऑन माइक्रोफ़ोन और एक पोर्टेबल चार्जिंग बार शामिल है, जो एक हैंडहेल्ड इंटरव्यू माइक्रोफ़ोन के तौर पर भी काम करता है। फ्लेक्सिबिलिटी को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया यह सेट कैमरा, स्मार्टफ़ोन और कंप्यूटर को सपोर्ट करता है, और कंटेंट बनाने के अलग-अलग तरीकों के लिए एक वर्सेटाइल सॉल्यूशन देता है।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल्स की डिबेट प्रतियोगिता में प्रतिभाओं की चमक



**लखनऊ।** पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज़ में इण्टरब्रांच अंग्रेजी डिबेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। बी-ब्लॉक राजाजीपुरम स्थित एसपी लाइसियम प्रेक्षागृह एवं लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए-ब्लॉक राजाजीपुरम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्राइमरी से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में चारू टेकरी वाल, सुरभि जैन, प्रियंका दीक्षित एवं प्रशांत त्रिवेदी उपस्थित रहे। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, भाषा शैली एवं तार्किक प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता के विभिन्न समूहों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्रुप ‘ए’ में आनंद नगर शाखा की विदुषी सोनकर एवं आराध्या वर्मा विजेता रहीं, जबकि ए-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा की अलीना वज़ीद एवं रुहानिका मिश्रा उपविजेता रहीं।

ग्रुप ‘बी’ में नवीन चौक, सीतापुर शाखा के आरुष पटेल एवं अबीहा हसन विजेता रहे, जबकि सेक्टर-9 वृंदावन योजना शाखा की अनाया श्रीवास्तव एवं हार्दिक तिवारी उपविजेता रहे।

ग्रुप ‘सी’ में ए-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा की दिव्यांशी पटेल एवं नव्या शर्मा विजेता रहीं, जबकि गार्डन सिटी डीएलएफ शाखा की जेनिफर ऐना जोगे एवं याजत उपाध्याय उपविजेता रहे।

# रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स ने पेश किया ‘कर्तव्य’ का ट्रेलर सैफ अली खान स्टारर यह फिल्म 15 मई से स्ट्रीमिंग होगी

**कानपुर।** धर्म निभाते हैं तो कर्म छूट जाता है, कर्म करते हैं तो धर्म छूट जाता है, कर्तव्य तक बात पहुंच ही नहीं पाती।

हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ने वाली दुनिया में ‘कर्तव्य’ फिल्म सही और गलत के बीच की उस उलझन को दिखाती है, जहां कर्तव्य और उसके नतीजे एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं। नेटफ्लिक्स ने आज इस आने वाली क्राइम ड्रामा फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया है, जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है। इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं।

पुलकित के निर्देशन में बनी और




गौरी खान द्वारा रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित ‘कर्तव्य’ की कहानी पवन (खान) नाम के एक पुलिस अफसर के बारे में है। ड्यूटी के दौरान उसकी निगरानी में एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या हो जाती है, जिसके बाद पवन पर सवाल उठने लगते हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बीच पवन हमलावर की तलाश में जुट जाता है। यह जांच उसे सत्ता, प्रभाव और धोखे से भरी एक खतरनाक दुनिया में ले जाती है, जहाँ सच्चाई ढूंढना आसान नहीं होता।

इसी बीच उसकी निजी जिंदगी भी बिखरने लगती है। उसके भाई से जुड़े विवाद के कारण उसके परिवार को धमकियां मिलने लगती हैं। इस वजह से पवन का संघर्ष सिर्फ काम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसे घर और नौकरी दोनों जगह मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे मामला आगे बढ़ता है, पवन अपने कर्तव्य और परिवार के बीच फंस जाता है, जहाँ हर फैसले की एक कीमत चुकानी पड़ती है।

सैफ अली खानने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, पवन एक ऐसा इंसान है जो हमेशा अपने अंदर ही उलझा रहता है। वह यह तय करने की कोशिश करता है कि उसके हिसाब से क्या सही है, लोग उससे क्या उम्मीद करते हैं, और उसे किसकी रक्षा करनी है। मुझे ‘कर्तव्य’ की सबसे खास बात यह लगी कि यह आसान जवाब नहीं देती। यह आपको मुश्किल हालात में ले जाकर सोचने पर मजबूर करती है कि जब हर फैसले की निजी कीमत चुकानी पड़े, तब आप क्या करेंगे। पुलकित और पूरी कलाकार टीम के साथ काम करना बेहद शानदार और रोमांचक अनुभव रहा। साथ ही, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ पहली बार इतने गहराई वाले प्रोजेक्ट पर काम करना भी खास रहा। हमें खुशी है कि दुनियाभर के दर्शक इस कहानी को नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे और इससे जुड़ पाएंगे।

# आईएमएफ ने पाकिस्तान को दी राहत

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से एक बड़ी खुशखबरी आई है। शुक्रवार को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के लिए 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये के कर्ज की मंजूरी दे दी है। यह राशि दो अलग-अलग वित्तीय कार्यक्रमों के तहत जारी की जा रही है। इस फैसले से पाकिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था को फिलहाल संजीवनी मिलने की उम्मीद है।

सितंबर 2024 में आईएमएफ पाकिस्तान को 37 महीनों के लिए एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) के तहत 7 अरब डॉलर यानी 66, 047.03 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ था। ताजा मंजूरी के अनुसार, ईएफएफ के तहत पाकिस्तान को लगभग 1 अरब डॉलर यानी 9,435.29 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, जलवायु संकट से निपटने के लिए रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी (आरएसएफ) के तहत 21 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे। अब तक पाकिस्तान कुल 8.4 अरब डॉलर (79,256.44 करोड़ रुपये ) के दो ऋण पैकेजों में से 4.5 अरब डॉलर यानी 42,458.81 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि यह राशि अगले हफ्ते की शुरुआत में जारी कर दी जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक का रिजर्व 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

आईएमएफ की यह मंजूरी पाकिस्तान सरकार की ओर से दिखाए गए बेहतर राजकोषीय प्रदर्शन का परिणाम है। पाकिस्तान ने दिसंबर 2025 तक के सभी आर्थिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हालांकि, फेडरल बोर्ड ऑफ रिवेन्यू का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। टैक्स कलेक्शन में कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम लेवी की दरों में बढ़ोतरी की है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने भरोसा दिलाया है कि देश सुधारों के रास्ते पर अडिग रहेगा।

# रोटी की तलाश में सैकड़ों किमी दूर आए थे परिवार, हादसे ने उजाड़ दीं खुशियां

**छत्तीसगढ़ से ईंट भट्ठों पर मजदूरी करने आए थे मृतक बच्चों के परिजन**

**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बेहतर रोज़गार की तलाश में छत्तीसगढ़ से सैकड़ों किलोमीटर दूर कुशीनगर आए मजदूर परिवारों पर शनिवार की सुबह कहर बनकर टूटी। कसया क्षेत्र के दीनापट्टी स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहे तीन परिवारों के मासूम बच्चों की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, जिससे उनके घरों की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई।

बताया जाता है कि बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिले के ये मजदूर परिवार कई महीनों से दीनापट्टी स्थित ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। रोज की तरह शनिवार सुबह भी मजदूर भट्ठे पर ईंट बनाने के काम में लगे हुए थे, जबकि उनके छोटे-छोटे बच्चे पास में खेल रहे थे। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही देर में एक दर्दनाक हादसा उनकी जिंदगी बदल देगा। हादसे में अभय (3), अनन्या (7) और अनुष्का (ढाई वर्ष) की मौत से तीनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मासूम बच्चों के शव देखकर वहां मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईंट भट्ठों पर मजदूरों के बच्चों की सुरक्षा के लिए अक्सर कोई व्यवस्था नहीं होती। मिट्टी निकालने से बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से ऐसे हादसों का खतरा बना रहता है।



परिजनों व मजदूरों से घटना की जानकारी लेते एडीएम वैभव मिश्रा व एडिशनल एसपी सिद्धार्थ वर्मा



हादसे के बाद ईंट भट्ठा पर जुटे मजदूर



सीएचसी कसया में रोते बिलखते परिजन

## एक बच्ची की सूझबूझ से खुला हादसे का राज

**कुशीनगर।** दीनापट्टी स्थित ईंट भट्ठे पर हुए दर्दनाक हादसे का पता एक मासूम बच्ची की सूझबूझ से चल सका। चार बच्चों के गड्ढे में गिरने के बाद किसी तरह एक बच्ची बाहर निकलने में सफल हो गई और रोते-चिल्लाते हुए परिजनों के पास पहुंचकर घटना की जानकारी दी। बताया जाता है कि उस समय सभी मजदूर अपने काम में लगे हुए थे और बच्चों पर किसी का ध्यान नहीं था। बच्ची के रोते हुए पहुंचने पर परिजन तुरंत मौके पर दौड़े। जब तक लोग गड्ढे तक पहुंचे, तब तक तीन बच्चे पानी में डूब चुके थे। परिजन आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकालकर सीएचसी कसया ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगर बच्ची समय रहते बाहर निकलकर सूचना न देती, तो घटना की जानकारी मिलने में और देर हो सकती थी।

## ईंट भट्ठों पर सुरक्षा इंतजाम नदारद, भट्ठों पर मजदूरों का नारकीय जीवन

**कुशीनगर।** जिले में संचालित कई ईंट भट्ठों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से मजदूरों और उनके बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। ईंट बनाने के लिए मिट्टी निकालने से गहरे गड्ढे बन जाते हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है। ऐसे गड्ढे अक्सर हादसों की वजह बनते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भट्ठों पर मजदूर परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहते हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। न तो इनके लिए कोई पक्का मकान है न ही बच्चों की शिक्षा का व्यवस्था। इतना ही नहीं ईंट भट्ठों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सुरक्षा के उपाय किए जाएं, तो ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सकता है।

## डीएम ने जताया दुख, 4-4 लाख सहायता, जांच समिति गठित

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के ग्राम मैनपुर टोला दिनापट्टी स्थित पंकज ईंट उद्योग (आरएम मार्का ईंट) पर शनिवार सुबह पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है तथा मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसमें उपजिलाधिकारी कसया को अध्यक्ष तथा क्षेत्राधिकारी कसया, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, श्रम प्रवर्तन अधिकारी और खनन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि समिति तीन कार्य दिवस के भीतर घटना की विस्तृत जांच कर अपनी आख्या प्रस्तुत करे।

## सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए डीएम एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की पीजीटी भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज तथा खैर इण्डस्ट्रियल इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# पीड़ित परिवारों से मिले विधायक मोहन वर्मा



**हाटा क्षेत्र के पड़री गांव में एक की सड़क व दूसरे की ट्रेन हादसे में हो गई थी मौत**

**अवधनामा संवाददाता**

**हटा, कुशीनगर।** क्षेत्रीय विधायक मोहन वर्मा ने शनिवार को विकासखंड सुकरौली के ग्रामसभा पड़री पहुंचकर सड़क दुर्घटना व ट्रेन हादसे में दिवंगत हुए युवकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

ग्रामसभा पड़री स्थित लीलही कोठी में राम केवल प्रजापति के 28 वर्षीय इकलौते पुत्र स्वर्गीय भरत प्रजापति की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु की सूचना मिलने पर विधायक उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद विधायक पड़री ग्रामसभा के गौरा टोला पहुंचे, जहां रामनगिना प्रसाद के पुत्र स्वर्गीय राहुल प्रसाद की ट्रेन हादसे में हुई मृत्यु पर उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक मोहन वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर दोनों पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भीम यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूराम यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मनोज तिवारी हत्याकांड के तीसरे आरोपी को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**बस्ती।** थाना कप्तानगंज के चर्चित मनोज तिवारी हत्याकांड के तीसरे आरोपी 25000 के इनामिया को पुलिस ने गढ़हा गौतम के पास एक मुठभेड़ में आज गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया 7 पुलिस ने आरोपी का नाम स्थानीय थानाक्षेत्र के फरेंदा सेंगर निवासी शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा बताया है।

बताते चले कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र में 3 में को ग्राम कल्याणपुर समय माता मंदिर से पूर्व सड़क के किनारे मिली एक व्यक्ति की लाश की पहचान करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर 5 मई को मामले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और एक तीसरे आरोपी की तलाश जारी थी। आज मामले के तीसरे आरोपी को मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से पति-पत्नी की मौत, तीन घायल

**तेज रफ्तार का कहर**

**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा-नेबुआ मार्ग पर शनिवार दोपहर बाद हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को एम्बुलेंस व पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नेबुआ रायगंज निवासी बृजेश पुत्र रामानंद अपनी पत्नी प्रियंका देवी के साथ बाइक से जा रहे थे। शनिवार दोपहर बाद खड्डा-नेबुआ मार्ग पर लक्ष्मीपुर पेट्रोल पंप के बगल में स्थित एफसीआई गोदाम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार वाहन बाइक सवारों को रौंदते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में अन्य तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान विनय पुत्र मिथिलेश प्रसाद, सतेंद्र पुत्र रामबरन और चीनू पुत्र पृथक नारायण निवासी भरसर खास थाना कप्तानगंज के रूप में हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नेबुआ नौरंगिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक दंपती अपने पीछे 10 वर्षीय पुत्री अंजली तथा दो पुत्र मटरु (7 वर्ष) और भोला (5 वर्ष) को छोड़ गए हैं। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस व लोगों की जुटी भीड़

### तीन मासूमों के सिर से उठा मां-बाप का साया

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा-नेबुआ मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे ने तीन मासूम बच्चों की जिंदगी को पलभर में बदल कर रख दिया। हादसे में पति-पत्नी की मौत के बाद उनके तीनों बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। मृतक बृजेश और उनकी पत्नी प्रियंका देवी अपने पीछे 10 वर्षीय पुत्री अंजली, 7 वर्षीय पुत्र मटरु और 5 वर्षीय पुत्र भोला को छोड़ गए हैं। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया और गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही हादसे में मां-बाप की मौत से बच्चों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। हर किसी की आंखें नम हो उठीं और लोग परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए। यह दर्दनाक हादसा पूरे क्षेत्र को झकझोर गया है।

# सेन्ट्रल एकेडमी में उल्लास के साथ मनाया गया मदर्स डे छात्रों के साथ माताओं को मिला सम्मान

**मां का स्थान पूरी सृष्टि में सर्वोच्च : जे.पी. तिवारी**

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** शनिवार को सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मदर्स डे उत्साह और संकल्पो के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों की माताओं को विद्याल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। निदेशक जे.पी. तिवारी, प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी, सहायक निदेशक अनुज तिवारी ने कहा कि एना जार्विस को मदर्स डे की शुरुआत का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने अपनी मां के निधन के बाद उनके सम्मान में एक खास दिन मनाने की पहल की। एना चाहती थीं कि सभी लोग अपनी मां के प्यार और त्याग को सम्मान दें। इसी सोच ने बाद में मदर्स डे का रूप ले लिया।

अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने साल 1914 में मदर्स डे को आधिकारिक मान्यता दी। इसके बाद इसे राष्ट्रीय पर्व घोषित किया गया। धीरे-धीरे यह परंपरा दुनिया के कई देशों में फैल गई और आज भारत समेत अनेक देशों में यह दिन बड़े उत्साह से मनाया जाता है। कहा कि मां का स्थान पूरी सृष्टि में सर्वोच्च है।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने मां पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। संदेश दिया कि संसार में मां का स्थान सर्वोच्च है। अरवी, प्रियांशी, वरूण, कार्तिक, रूद्रांश, श्रुति यादव, शिवा मद्धेशिया, मानस गुप्ता, अजीत कुमार, आरूषि यादव, अद्विक यादव, अभय चौधरी, अनाया गुप्ता, अभिनव कुमार, श्रेष्ठ वर्मा, श्रेया गुप्ता, अक्षत सिंह, नव्या मिश्र, अस्तित्व सिंह, अंजू, नित्या, अर्शिया, राजश्री तिवारी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर माताओं ने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में छात्रों और उनकी माताओं में पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आबिद अरशद, प्रियंका त्रिपाठी, ए.के. मिश्र, रानी, श्रेया, द्विवेदी, अंजली, सुधा गौड़, शम्स परवेज, अंजली, रूचि, फिजा अकरम आदि ने छात्रों को मदर्स डे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**बृजेश कुमार शुक्ल**

**कालाबाजारी पर सख्ती बरतने का निर्देश**

**बस्ती ।** मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गयी। बैठक में कृषको को निर्धारित दरो पर उनकी जोत के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्ता युक्त उर्वरक की उपलब्ता सुनिश्चित कराने, जमाखोरी, कालाबाजारी, निर्धारित दर से अधिक दरो पर बिकी तथा अन्य उत्पादो की टैगिंग पर अंकुश लगाये जाने व उर्वरक कम्पनी के द्वारा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को एंव थोक विक्रेताओं के द्वारा फुटकर विक्रेताओं को प्रमुख उर्वरक यूरिया एंव डी0ए0पी0 की अपूर्ति दिये जाने के साथ अन्य उर्वरक / उत्पाद द्वारा टेगिंग रोकने के दृष्टिगत कृषि, सहकारिता एंव पी0सी0एफ0 विभाग के साथ जनपद स्तरीय उर्वरक समिति एंव परती माता बचाओं अभियान के प्रभावी कियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में आगागी खरीफ सीजन के दौरान निजी उर्वरक विक्री केन्द्रो एंव सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को उर्वरक से जुड़े सुचारू एंव सुगम पारदर्शी वितरण की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी डा0 बी0आर0 मौर्य द्वारा जनपद में उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में बताया गया कि आज जनपद के सहकारी एंव निजी प्रतिष्ठानों पर लगभग 20442 मैट्रिक टन यूरिया, 7275 मैट्रिक टन एन0पी0के0, 4600 मैट्रिक टन डी0ए0पी0, 1140 मै0टन एम0ओ0पी0 एंव एस0एस0पी0 25300 मैट्रिक टन उपलब्ध है। जनपद में सभी प्रकार की उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी किसानो से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार खतौनी के अनुसार उर्वरक खरीदे और खरीददारी करते समय पॉस मशीन से रसीद अवश्य प्राप्त करें। उर्वरक विक्रेता किसानों को उनकी जोत बही एंव फार्मर आई0डी0 क आधार पर ही उर्वरक का वितरण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उर्वरक की जमाखोरी या अवैध भण्डारण को रोकने के लिए लिए जिला कृषि अधिकारी को नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। कहा कि मुख्य उर्वरको के साथ अन्य उत्पादों की जरदस्ती टैगिंग कदापि न करें। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता के द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओ के अर्न्तगत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुये कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। उर्वरको की कालाबाजारी / तस्करी करने वालों को कतई बक्शा नही जायेगा।

## ऑपरेशन सिन्दूर विषय पर हुआ एनसीसी गतिविधि का आयोजन





**अमेठी।** सैनिक स्कूल में शनिवार को ऑपरेशन सिन्दूर विषय पर विशेष एनसीसी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन राष्ट्रभक्ति एवं सैन्य जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही देश सेवा की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल भारत पटनी एनसीसी सीटीओ/एएनओ मुन्ना कुमार शर्मा एवं नायब सूबेदार जितेन्द्र डिगारसे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स के लिए ड्रिल अभ्यास ध्वजारोहण प्रेरणादायी संबोधन एवं ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित विशेष वीडियो प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स को सैन्य जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हुए अनुशासन साहस एकता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। साथ ही विद्यार्थियों को सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना का परिचय दिया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## डीजे लेकर जा रहे युवक पर हमला

**मुंशीगंज (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के सरायखेमा गांव निवासी एक युवक पर डीजे लेकर जाते समय हमला कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।सरायखेमा निवासी मोहनलाल के अनुसार उनका बेटा रविंद्र कुमार सात मई को तीन अन्य साथियों के साथ डीजे लेकर पनियार पावर हाउस-जामो मार्ग से पिंडारा गांव जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में सुनसान स्थान पर कुछ लोगों ने डीजे वाहन रुकवा लिया और जहरीले स्प्रे का छिड़काव कर दिया। इससे वाहन में सवार लोगों को दिखाई देना बंद हो गया।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने अन्य लोगों को छोड़कर रविंद्र कुमार को लाठी-डंडों से पीट दिया जिससे उसका बायां पैर टूट गया। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घायल युवक का उपचार कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## नि:शुल्क बीज मिनीकिट को ईलॉटरी कल

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026-27 में कृषकों को सामान्य बीज वितरण एवं निःशुल्क दलहनी फसलों के बीज मिनीकिट उपलब्ध कराने हेतु जनपद स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। शासन की मंशानुरूप लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ ई-लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 मई 2026 को अपराह्न 4 बजे विकास भवन सभागार अमेठी में ई-लॉटरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में संचालित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाओं के अंतर्गत किसानों को सामान्य बीज एवं निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए जाने हैं। जिन विकासखंडों में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष बुकिंग अधिक प्राप्त हुई है वहां लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) उत्तर प्रदेश कृषि भवन लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया जा रहा है।

# 486 वी जयंती पर याद किए गए महाराणा प्रताप

**प्रेक्षा गृह में हुआ भव्य कार्यक्रम**

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** देश के महान सपूत महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती पर पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में आयोजित संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि जब भी भारतीय इतिहास में वीरों का नाम याद किया जाता है, महाराणा प्रताप का नाम सबसे आगे है। उनकी जयन्ती हम सब के लिये प्रेरणा है। कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी मुगल दासता स्वीकार नहीं की, जिससे वे राष्ट्रवाद और स्वतंत्रता के प्रतीक बन गए। अकबर की विशाल मुगल सेना के सामने झुकने के बजाय, प्रताप ने मेवाड़ के स्वतंत्रता के लिए संघर्ष चुना। उन्होंने मुगल सेना को कड़ी टक्कर दी, जो उनकी वीरता का प्रतीक बना। नयी पीढी को उनके राष्ट्र प्रेम और योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिये।

कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता कृष्णचन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप बहुत ही स्वाभिमानी प्रवृत्ति के नायक थे। जब राणा प्रताप को अपने वश में करने के अकबर के सभी प्रयास विफल रहे तब हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध हुआ। आज फिर जब देश युद्ध के मुहाने पर है तो हमें महाराणा प्रताप के संघर्षो से प्रेरणा लेनी होगी। गोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुये एपीएन पी.जी. कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने पूरी सजगता और अप्रतिम वीरता के साथ युद्ध लड़ा । इस युद्ध में महाराणा का प्रिय चेतक बलिदान हो गया। उनका संघर्ष और योगदान युगों तक याद किया जायेगा। महेश चन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का पूरा जीवन संघर्षो से घिरा रहा किन्तु वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुये। संचालन करते हुये अजय सिंह ने महाराणा प्रताप के इतिहास और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। ओमनी इण्टर नेशनल स्कूल के छात्रों ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुडा नाटक प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

इससे पूर्व पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णचन्द्र सिंह के संयोजन में सिविल लाइन्स तिराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अनेक वरिष्ठ नेताओं ने माल्यार्पण किया।माल्यार्पण के बाद डा. राम नरेश सिंह मंजुल, अजय सिंह, श्वेतांक शेखर सिंह, पूर्व आइ.ए.एस ओ.एन. सिंह, राना दिनेश प्रताप सिंह, हरीश सिंह आदि ने कहा कि प्रत्येक युग में समय- काल के अनुरूप नायक पैदा होते रहते हैं। देश के निर्माण में अनेक महापुरूषों का योगदान है। हमें महापुरूषों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों के अनुकूल भारत निर्माण का संकल्प साकार करना होगा। युवा पीढी महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें। महेश चन्द्र सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, रामायन सिंह, आसमान सिंह, बेचूं सिंह, योगेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह, मार्कण्डेय सिंह, महन्थ पाल, गोपेश पाल, यज्ञेश पाण्डेय, शैलेष पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह आदि ने कहा कि महापुरूष संघर्ष की कोख से ही पैदा होते है। अपने महापुरूषों के बल पर भारत पुनः विजेता बनकर उभर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ध्रुवचन्द्र सिंह, संजय सिंह, आसमान सिंह, , जर्नादन सिंह, श्याम चन्द्र सिंह, के.के. सिंह, गोपाल यादव, चन्द्रकेश सिंह 'मनोज' नरेन्द्र सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, अंकित मिश्र, रणंजय सिंह, अरूण पाण्डेय, अमन चौधरी, सोनू सिंह, अरविन्द सिंह, अवनीश सिंह, रोहित सिंह, रोली सिंह, आशा सिंह, आनन्द सिंह 'बाजा' विनय सिंह के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,47,540 वादों का निस्तारण, करोड़ों का मुआवजा वसूली

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार त्यागी तथा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गुलाब सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं तथा वादकारियों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत (लघु आपराधिक वाद) के तहत 6, 7 और 8 मई को 70 मामलों का निस्तारण किया गया था, जबकि 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,47,470 मामलों का निस्तारण हुआ। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,47,540 वादों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में 6,211 फौजदारी मामलों का निस्तारण करते हुए 75,770 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराए गए। वहीं मोटर दुर्घटना से जुड़े 47 क्लेम वादों का निस्तारण कर मृतकों व घायलों के आश्रितों को 3 करोड़ 96 लाख 60 हजार रुपये का मुआवजा दिलाया गया। इसके अलावा पारिवारिक न्यायालयों में 50 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंक ऋण से संबंधित मामलों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर 702 वादों का निस्तारण करते हुए बैंकों द्वारा 3 करोड़ 67 लाख 12 हजार 66 रुपये टोकन मनी के रूप में वसूले गए। साथ ही 1,169 राजस्व वादों का भी निस्तारण किया गया।



# हमीरपुरः जनगणना-2027 के लिए 'मीडिया डे' आयोजित

■ पत्रकारों ने खुद की 'स्व-गणना'



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** आगामी जनगणना-2027 को लेकर शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में शनिवार को जिला सूचना कार्यालय में 'मीडिया डे' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और डिजिटल माध्यम से स्व-गणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया को समझा।

**50 से अधिक पत्रकारों ने की स्व-गणना-** जिला सूचना अधिकारी (DIO) श्री सतीश कुमार की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 50 से अधिक पत्रकार बंधुओं ने पोर्टल पर अपनी सफलतापूर्वक स्व-गणना पूरी की।

**विकास की आधारशिला है जनगणनाः** DIO मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन मात्र नहीं है, बल्कि यह देश की भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि 'स्व-गणना' की प्रक्रिया नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं, सुगम और सुरक्षित तरीके से दर्ज करने का अधिकार देती है।

**जन-जन तक संदेश पहुँचाने की अपील-** श्री सतीश कुमार ने मीडिया जगत से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन को जागरूक करें। उन्होंने आग्रह किया कि समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जाए। पत्रकारों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे तहसील या नगर पालिका कार्यालयों के माध्यम से भी इस प्रक्रिया में सहयोग करें।

उपस्थित मीडियाकर्मियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# ग्राम पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने में 16 दिन शेष

■ प्रधानों में बढ़ी बेचैनी

■ कार्यकाल बढ़ेगा या बैठेंगे प्रशासक, सरकार का फैसला अभी अधर में

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने में अब महज 16 दिन शेष रह गए हैं, लेकिन पंचायत चुनाव को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि सरकार मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाएगी या फिर पंचायतों की जिम्मेदारी प्रशासकों को सौंपी जाएगी। स्थिति स्पष्ट न होने से ग्राम प्रधानों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार आगामी 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जबकि जिस मतदाता सूची से चुनाव होना है, वह 10 जून तक जारी होने की संभावना है। ऐसे में समय पर पंचायत चुनाव होना लगभग असंभव माना जा रहा है। पंचायतों की बागडोर किसके हाथ में रहेगी, इसको लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

पिछली बार पंचायत चुनाव समय पर न होने पर सरकार ने एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाकर पंचायतों का संचालन कराया था। उस समय मौजूदा प्रधानों को किनारे कर दिया गया था। इस बार भी वैसी ही स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि प्रधानों को उम्मीद है कि सरकार निकट भविष्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्हें नाराज नहीं करेगी और कुछ माह के लिए पंचायत संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं को सौंप सकती है।

ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष वंदना सचान ने कहा कि यदि सरकार समय पर चुनाव नहीं करा पा रही है तो मौजूदा प्रधानों का ही कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। इससे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे और पंचायतों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहेगा।

# नारायन कॉलेज में मनाया गया मदर्स डे 'माँ' शब्द में एक जीवन है : डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडीटोरियम में 'मदर्सडे'के अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा नर्सरी से 5 तक छात्र-छात्राओं एवं उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया। फाइंड योर चाइड कार्यक्रम, नृत्य एवं रैम्प वॉक के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. पदमा त्रिपाठी, प्रोफेसर के0के0डिग्री कालेज, डा0श्रेता तिवारी, निदेशिका नारायन ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा तथा ज्यूरी मेम्बर के रूप में उपस्थित श्रीमती पूजा, संगीत शिक्षिका ने माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि माँ के असीम प्रेम और स्नेह को मात्र एक दिन में सारांशित नहीं किया जा सकता किन्तु विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां पर 'मदर्सडे' के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को माँ के असीम प्रेम व स्नेह का बोध कराया जाता है। मुख्य अतिथि डा.पदमा त्रिपाठी ने कहा कि यह दिन बच्चों को माँ के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का दिन है। मां वह आदिशक्ति है जिसने हम सभी का इस धरती पर सृजन किया है।

इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा एक के रिदिम ने प्रथम, कक्षा पाँच की खुशी पाल ने द्वितीय स्थान व यूकेजी की ध्रुविका सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम हेड कृष्णा गोपाल त्रिवेदी, सी.सी.ए.इंचार्ज ऋतु कनौजिया, टोनी साइमन, सचिन तिवारी, संदीप यादव, कृष्णकांत, गौरी अग्निहोत्री, आयुषी जैन, साक्षी चतुर्वेदी, गौरी सिंह, अंकिता सिंह तथा मंच संचालन में वैदेही ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# मीडिया एवं समस्त स्टाफ की स्व-गणना की गई



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत सरकार की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं आवास गणना 'के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान के तहत शनिवार को जिला सूचना कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों एवं जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना की गई। स्व-गणना अभियान नागरिकों को घर बैठे अपने विवरण ऑनलाइन दर्ज कराने की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे समय की बचत होने के साथ-साथ सूचनाओं की शुद्धता एवं पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। सभी जनपदवासी अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें एवं निर्धारित समयावधि में अपनी स्व-गणना पूर्ण करें। स्व-गणना के दौरान डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार शर्मा द्वारा मीडिया कर्मियों एवं कार्यालय स्टाफ को स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई तथा ऑनलाइन विवरण भरने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। उक्त स्व-गणना के दौरान अन्य फील्ड ट्रेनर वरुण मिश्रा, आदेश सक्सेना, हरि शरण ओझा, आशीष मिश्रा, पत्रकार संतोष पाठक वहाज अली निहाल, प्रदीप दीक्षित रानू, विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 16 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

■ करोड़ों रुपये के समझौते

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने बैंक एवं विभागीय अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अधिकाधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे आमजन को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय मिल सके।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रभु नारायण पाण्डेय ने कहा कि पारिवारिक मामलों में समझौता किसी की हार या जीत नहीं, बल्कि रिश्तों और पारिवारिक सौहार्द की जीत होती है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत को न्याय और सामाजिक सौहार्द का महापर्व बताते हुए सभी अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से अधिकाधिक मामलों के निस्तारण में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अरुण कुमार मल्ल, प्रोग्रेसिव बार के अध्यक्ष मनीराम वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति, लोक अदालत के नोडल अधिकारी राजीव कुमार द्वितीय सहित अनेक न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जनपद के विभिन्न न्यायालयों में कुल 4375 वादों का निस्तारण किया गया, जबकि राजस्व विभाग द्वारा 11208 मामलों का निपटारा किया गया। वहीं विभिन्न बैंकों के 417 प्रीलिटिगेशन मामलों का भी समझौते के आधार पर समाधान कराया गया। इस प्रकार कुल 16188 मामलों का निस्तारण हुआ।

लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय, बैंक एवं राजस्व विभागों में कुल लगभग 4 करोड़ 42 लाख रुपये की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुई। कई वर्षों से लंबित एक जमीनी विवाद का भी आपसी सहमति से निस्तारण कराया गया, जिससे दोनों पक्षों में संतोष और खुशी देखने को मिली। परिवार न्यायालय में भी कई पति-पत्नी के विवाद आपसी समझौते के आधार पर समाप्त कराए गए।

न्यायालय परिसर में बनाए गए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक फोटोग्राफी कर आयोजन की यादों को संजोया। इसके अलावा कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, मिशन शक्ति, एक जिला एक उत्पाद एवं एक जनपद एक व्यंजन समेत विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए।

# बसपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला, न्याय का दिलाया भरोसा

**मटियामऊ हत्याकांड**



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम हरदोई।** तहसील क्षेत्र के मटियामऊ गांव में मासूम बच्चे की हत्या के मामले ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। कुछ दिन पहले बच्चे का शव मक्का के खेत में मिलने के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। मामले में मुख्य आरोपी का पुलिस एनकाउंटर भी हो चुका है, लेकिन घटना को लेकर लोगों में अब भी गुस्सा और दुख बना हुआ है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मटियामऊ पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। बसपा नेताओं ने परिवार के साथ बैठकर घटना की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस जघन्य वारदात से पूरी पार्टी दुखी है। नेताओं ने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजी जाएगी, ताकि शासन और प्रशासन पर दबाव बनाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा सके। बसपा नेताओं ने यह भी कहा कि घटना में जो भी लोग शामिल हैं, उन सभी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उनका कहना था कि मासूम बच्चे को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डेलिगेशन के गांव पहुंचने के बाद स्थानीय प्रशासन भी सतर्क नजर आया। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला, तो बसपा इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 88 हजार से अधिक मामलों का हुआ निस्तारण

**सोनभद्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामसुलीन सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश द्वारा किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रचना अरोड़ा, एमएसीटी कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार, प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश संदीप गुप्ता-2, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी गोविन्द मोहन, अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी विपिन कुमार-3, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज सहित कई न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने बैंकों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर बैंक प्रतिनिधियों एवं समूह सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अधिक से अधिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कर आमजन को राहत देने का आह्वान किया।

# फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**कोन/सोनभद्र।** जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत हर घर नल योजना धरातल पर धाराशायी साबित हो रहा है ।गौरतलब है कि कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ महज खानापूर्ति किया गया है। जिसके क्रम में ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन किया किन्तु कोई सफलता नहीं मिली। बतातें चलें कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. के द्वारा खबर प्रकाशित होने के बाद सड़क किनारे किनारे पाईप ढकने और नल कनेक्शन मरम्मत करने का कार्य शुरु तो किया गया था किन्तु कार्य पूरा नहीं हो सका । शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि डीआईपाईप लाइन, एचडीपी, एमडीपीई पाईप लाईन की गहराई और कार्य की गुणवत्ता जो जगह जगह देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन वर्षो से नलों से एक बूंद पानी





नहीं आया जबकि फ्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा , कुड़वा क्षेत्र में हर घर नल योजना लोगों के लिए वरदान की जगह अभिशाप साबित हो रहा है। बतातें चलें कि कचनरवा के टोला असनाबांध लिंक रोड वार्ड नंबर 3 में वर्षो से ऊपर हो गया है किन्तु आज तक जलापूर्ति नहीं हो पायी और न ही समस्या का निस्तारण हुआ। जबकि पानी के लिए लोग समय समय पर कई बार ग्रामीण प्रदर्शन कर चुके हैं फिर भी विभाग व संस्था के कान तक जूं तक नहीं रेंगा।

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग वर्षो से फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति नहीं की जा रही है जो गरीब आदिवासियो के लिए बहुत ही पीड़ादायक है यहाँ तक कि लोगों के घरों तक नल कनेक्शन तक नहीं है । जिसके क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव का आरोप है कि क्षेत्र में आज भी लोग लोग नदी नाले , चुहाड़ का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं । जिससे लोग आय दिन फ्लोरोसिस की चपेट में आने से काल के मुँह में समा जा रहे हैं जो लोगों के लिए अभिशाप से कम नहीं है । उन्होंने आगे कहा कि ऐसे भ्रष्ट संस्था को तत्काल ब्लैक लिस्टेड की जाये ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो ।बतादें कि अभी तक बहुतायत में लोगों के घरों में नल कनेक्शन तक नहीं है जो स्वतःजाँच का विषय है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कार्यों की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे मनरेगा 15वा वित्त राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम आदि के कार्यो के सम्बन्ध मे समीक्षा हेतु बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चल रहे कार्यो पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यो को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और कार्यो की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा पंचायत स्तर पर 15वें वित्त आयोग की धनराशि का सदुपयोग करते हुए ठोस विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एनआरएलएम की समीक्षा करते हुये उन्होंने बीएमएम को अधिक से अधिक समूह गठन के निर्देश दिये, तथा सभी से अब तक की स्थिति के बारे मे जानकारी ली। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि मनरेगा द्वारा कार्यो मे तेजी लाते हुये चकरोड़, तालाब व नाली सफायी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में डिजीटल लाईब्रेरी में बुक, अलमारी, फर्नीचर गुणवत्तायुक्त होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने एडीओ पंचायत बिलग्राम को कार्यो मे लापरवाही करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल, संयुक्त मजिस्टेªट सुश्री संस्कृति, परियोजना निदेशक, अर्थ एवं सख्या अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर काव्य गोष्ठी का आगाज

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सोन संगीत फाउंडेशन की ओर से मेवाड़ केसरी महाराणा प्रताप की जयंती पर मातृभूमि को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन शनिवार को रॉबर्ट्सगंज शहर में किया गया। कवियों व अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी व समाजसेवी कमलेश सिंह खांबे द्वारा महाराणा प्रताप के छाया चित्र पर दीपदान व माल्यार्पण से विधिवत आयोजन का आगाज हुआ। आयोजक सुशील मिश्रा ने भारत भारती की वंदना करते हुये देशवा के खातिर देहले परनवां, बचाइ लेले हो भारत माता के शनवां सुनाकर वाहवाही लूटी। संयोजन कर रहे शहीद स्थल करारी प्रमुख प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने राणा का रण देख देख हल्दीघाटी थर्राती है, भामाशाह बने साथी हिंद की ए परिपाटी है, घास की रोटी खाकर भी आन बान हित रहे सदा, राजस्थान भाल मेरा धन्य धन्य यह माटी है सुनाकर पूरी महफ़िल लूट लिया। अशोक तिवारी संचालक ने जो सिक्कों की खनक पर बिक जाये, वो मेरी नजर मे हुस्न नहीं सुनाकर लुभाये। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने, देश वंदना करते हुए बड़ा ही सुंदर मेरा वतन है सुनाकर मुखर अभिव्यक्ति दी। सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम, दिलीप सिंह दीपक, विवेक चतुर्वेदी, दयानंद दयालू ने भी वीर रस की रचनाओं से त्याग, वीरता, पराक्रम के अद्वितीय योद्धा को नमन् किया। अंत में मुख्य अतिथि कमलेश सिंह खांबे ने राणाप्रताप को समर्पित वक्तव्य देकर तथा अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के आशीर्वचन से विराम दिया गया।

# सनशाइन स्कूल में मदर्स डे पर शानदार एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन

■ माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, संस्कार और प्रेरणा का सबसे सुंदर रूप है : रुचि चतुर्वेदी

**अवधनामा ब्यूरो**





**इटावा।** नगर के पचराहा, कुंज में स्थित सनशाइन स्कूल में शनिवार को मदर्स डे के अवसर पर एक शानदार एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, गीत, कविता एवं अभिनय ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में माँ के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि माँ का स्थान जीवन में सबसे अनमोल और सर्वोच्च होता है। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्साह, खुशी एवं भावनाओं से सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी, मैनेजमेंट हैड रुचि चतुर्वेदी तथा कोऑर्डिनेटर अंजलि टंडन उपस्थित रही। मैनेजमेंट हैंड श्रीमती रुचि चतुर्वेदी ने कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, संस्कार और प्रेरणा का सबसे सुंदर रूप है। कार्यक्रम के इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी माताओं को मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा में मनाया गया मदर्स डे

**वहाज अली 'निहाल'**

**इटावा।** मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है और यह रिश्ता दुनियां में सबसे प्यारा भी होता है अपनी मां की उंगली पकड़कर चलने वाले छोटे छोटे प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने मदर्स डे के अवसर पर डीपीएस के भव्य मंच से अपनी प्यारी मां के लिए खूबसूरत गाने गाये तो कुछ बच्चों ने अपनी मां के साथ एक जैसी रंग की ड्रेस पहनकर रैंप वॉक किया।

मदर्स डे के शानदार कार्यक्रम में लगभग 70 बच्चों सहित उनकी मां ने भी सहभागिता की। छोटे बच्चों ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी है ओ मां...तेरी उंगली पकड़ के चला...गाने गाकर सबकी खूब तालियां बटोरी वहीं कुछ बच्चों ने अपनी मां की तरह ही एक जैसी ड्रेस



पहनकर खूबसूरत रैंप वॉक किया तो कुछ बच्चों ने अपनी मां के लिए प्यारी स्पीच भी दी। प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी बच्चों को भविष्य में खूब पढ़ने और एक अच्छा नागरिक बनने का ढेर सारा आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन मानसी और रिद्धिमा ने किया, वोट ऑफ थैंक्स शिक्षिका ऋतु वर्मा ने किया। इस अवसर पर अन्य शिक्षिकाओं में अमीषा जादौन, आयुषी सिंह, स्मिता सिंह, प्रीति शाक्य, सोनम पांडेय, काजल चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# एनटीपीसी रिहंद में क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**





**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद की स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) द्वारा पारंपरिक रूप से किया गया।

टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु सभी टीमों को दो पूलों, पूल एवं पूल क्क में विभाजित किया गया, जिनमें प्रत्येक में 6-6 टीमों को शामिल किया गया। प्रत्येक टीम में न्यूनतम 18 खिलाड़ियों के साथ लगभग 216 कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिसने आयोजन को विशेष रूप से सफल एवं आकर्षक बनाया।

अंतर-विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मैकेनिकल मेंटेनेंस ने ऑपरेशन ग्रुप-डी को 4 रन से हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मैकेनिकल मेंटेनेंस ने 10 ओवर में 92 रन बनाए, जबकि जवाब में ऑपरेशन ग्रुप-डी की टीम 88 रन ही बना सकी।

महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टीम-बी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम-सी को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। टीम-सी द्वारा दिए गए 77 रनों के लक्ष्य को टीम-बी ने 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

टूर्नामेंट के अंतर्गत रिहंद टाउनशिप के प्रमुख विद्यालयों, सेंट जोसेफ, डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय के मध्य इंटर-स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का भी किया गया। प्रतियोगिता आयोजन में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबलों में डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय की टीमें पहुंचीं, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय विद्यालय ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने योग्य रही। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द एवं सामुदायिक भावना को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# खेल हमें गिरकर संभलना और जीतना सिखाते हैं : मुख्यमंत्री

- यूपी में पहली बार अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता
- बैडमिंटन की तरह जीवन में भी हौसले टूटने न दें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल हमें गिरना, उठना और जीतना सिखाता है। जिस प्रकार हम बैडमिण्टन में एक शटल कॉक को नीचे नहीं गिरने देते हैं, उसी प्रकार जीवन में हमें अपने हौसलों और सपनों को कभी टूटने नहीं देना चाहिए। जैसे प्रत्येक खेल में स्टेप और शॉट का ध्यान रखना जरूरी है, उसी प्रकार जीवन में निरन्तर सुधार और अनुशासन के साथ लगातार प्रयास जरूरी है। इसका परिणाम भी उतना ही बेहतर हम सबको प्राप्त होता है। डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इस विजन को उत्तर प्रदेश में लागू करने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री यहाँ उत्तर प्रदेश पुलिस के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिण्टन (बैडमिण्टन एवं टेबल टेनिस) क्लस्टर प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) 2025-26 का शुभारम्भ करने के उपरान्त कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उद्घाटन मैच में बैडमिण्टन रैकेट से शटल कॉक को शॉट लगाया। उन्होंने प्रतियोगिता की स्मारिका 'स्फूर्ति' का विमोचन किया। कार्यक्रम में 35वीं वाहिनी पी0ए0सी0 की बैण्ड टुकड़ी द्वारा प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री ने बैण्ड प्रभारी को सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बैडमिण्टन और टेबल टेनिस में एकाग्रता की आवश्यकता होती है। त्वरित निर्णय की भूमिका भी इसमें महत्वपूर्ण होती है। खेल के माध्यम से सीखे गए स्किल हमें आपदा प्रबन्धन के साथ-साथ विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए तैयार करते हैं। प्रत्येक मेडल के पीछे एक संकल्प व कभी हार न मानने की कहानी होती है। टैलेण्ट शुरुआत देता है, लेकिन हमारी मेहनत हमें लक्ष्य तक पहुँचाती है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतनी ही बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर से लगभग 1,400 खिलाड़ी इस 05 दिवसीय अखिल भारतीय प्रतियोगिता का हिस्सा बने हैं। उत्तर प्रदेश में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। भारत में प्राचीनकाल से खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की परम्परा रही है। हमारी परम्परा में मान्यता है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' अर्थात शरीर ही धर्म (कर्तव्य) को पूरा करने का पहला और मुख्य साधन है। सभी साधनों को प्राप्त करने के लिए शरीर का स्वस्थ होना आवश्यक है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपने दैनिक कार्यक्रमों के साथ खेल और खेलकूद गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाए। भारत में प्राचीनकाल से ही कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, मलखम्भ, धनुर्विद्या, शतरंज, तलवारबाजी जीवन का हिस्सा रहे हैं। अखाड़ा शब्द में एक साथ ज्ञान की परम्परा के साथ शरीर को स्वस्थ रखने की कला निहित है। यह दोनों जिस स्थान पर एक साथ प्रदर्शित किए जाएं, वही अखाड़ा है।

# लखनऊ की बेटी ने लंदन में चुनाव जीतकर नाम रोशन किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में पली बढ़ी और प्रारंभिक शिक्षा हासिल करके 13 साल पहले लंदन गई भारतीय मूल की रुख्सार हसन असकरी ने लंदन के सटन सीट से काउंसलर के पद पर जीत दर्ज करी है। रुख्सार हसन असकरी ने लामार्टनियर कालेज से इंटर की परीक्षा अच्छे नंबरों से पास करी थी। रुख्सार पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में आगे रहती थी। उन्होने स्विमिंग कम्पीटशन में भी जीत दर्ज करी थी।

रुख्सार के पिता की मृत्यु जल्दी हो जाने के कारण उनका पालन पोषण ज्यादातर ननिहाल में हुआ। रख्सार हसन के नाना स्व0 मिर्जा जलालुद्दीन हैदर कशमीरी मोहल्ले के दरगाह क्षेत्र



के रहने वाले थे और जाने माने समाजसेवी व पॉलीटेक्निक टीचर भी थे। रुख्सार के मामू डा0एस0एच0 रिज़वी जो लखनऊ में रहते हैं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रुख्सार पढ़ाई में हमेशा से तेज़ रहीं हैं। उन्होंने लंदन से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त करी और वहीं की लॉ फर्म में अपनी सेवाएं दे रही हैं। डा0रिज़वी के अनुसार रुख्सार ने करीब डेढ़ साल पहले लोगों की रिक्वेस्ट में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ज्वाईन करी थी।

रुख्सार पार्टी ज्वाईन करने के बाद से लगातार सोशल वर्क करती रहीं हैं और समाज के मुद्दों को उठाती रहीं है। समाज के सभी वर्गो के लिए लगातार काम करते रहने के कारण ही उनको पार्टी ने टिकट देकर अपना उम्मीदवार बनाया। उसके बाद उन्होंने पार्टी की ओर से काउंसलर के चुनाव में ''सटन वार्ड'' सीट से चुनाव लड़ा और बड़े अंतर से जीत दर्ज करी।

रुख्सार हसन को कुल 1593 वोट मिले वहीं दूसरे नंबर पर ''दि ग्रीन पार्टी'' के ग्रेग पीटर को 448 वोट ही मिल सके इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रुख्सार हसन को क्षेत्र की जनता कितना प्यार करती है।

## प्रदेश में आगामी 1 सप्ताह के दौरान तापमान में प्रभावी वृद्धि की संभावना

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण आगामी 2 दिनों तक प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के उपरांत प्रदेश के उत्तरी भाग में सम्भावित हल्की वर्षा के बावजूद आगामी 1 सप्ताह के दौरान तापमान में 6-8एष्ट की प्रभावी वृद्धि होने की संभावना है यद्यपि इस दौरान अभी प्रदेश में लू चलने की संभावना नहीं है।

## आबिदी प्लेवे स्कूल में 'मदर्स डे' की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आबिदी प्लेवे स्कूल में मातृ दिवस (मदर्स डे) के उपलक्ष्य में एक विशेष 'प्री-इवेंट' (पूर्व संध्या कार्यक्रम) का आयोजन गरिमामय ढंग से किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से मां के प्रति अगाध प्रेम और सम्मान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ स्कूल पहुंची माताओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के छोटे बच्चों ने मां की महिमा पर आधारित विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके साथ ही, बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए लघु नाटकों (ड्रामा) ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, जिसमें मां के त्याग और ममता के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया था, जिसको देख कर माताएं भी भावुक हो उठी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शाज़िया इमदाद आबिदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मां दुनिया का वह अनमोल तोहफा है जिसका कोई विकल्प नहीं है, मा ही बच्चों की पहली अध्यापक होती है।' उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए संदेश दिया कि वे अपनी माता से बेपनाह मोहब्बत करें, उनका आदर करें और उनके द्वारा दिखाए गए नेक रास्तों पर चलने का संकल्प लें।

## राहगीरों एवं मरीजों की सेवा के लिए वाटर कूलर लगाया



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल, चारबाग द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए जनसाधारण को ठंडे पानी की सुविधा देने हेतु एक वाटर कूलर को अस्पताल परिसर के बाहर लगाया गया है। ताकि राहगीर ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझा सके .आज अस्पताल के चेयरमैन एवं पूर्व भाजपा विधायक विद्यासागर गुप्ता द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता तथा अस्पताल के स्टाफ भी उपस्थित थे। अमित गुप्ता ने बताया कि श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल पिछले 64 वर्षो से निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करता रहा है .हम नर सेवा को नारायण सेवा मानते हैं. इसी क्रम में आज गर्मी के प्रचंड होते रूप को देखते हुए लोगों को ठंडे पानी की सुविधा प्रदान करने हेतु अस्पताल परिसर के बाहर मुख्य सड़क पर इस वाटर कूलर को लगाया गया है ताकि राहगीरों को 24 घंटे ठंडे पेयजल की सुविधा मिल सके साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीज भी इससे लाभान्वित होंगे।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे अजय राय

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय शनिवार को पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद सबसे पहले हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद श्री राय प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष को अपने बीच पाकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्री राय का जोरदार स्वागत किया। श्री राय ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों व आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।। श्री राय ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि बीमारी के दौरान आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दी गयी शुभकामनाओं और प्रार्थनाओं ने उन्हें नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश के जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती से उठाती रहेगी और संगठन को और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ काम करें। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वस्थ होकर दोबारा सक्रिय होने पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह का माहौल दिखा।

# कर्बला अजीम उल्लाह खां में शाही जुलूस की जियारत कल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शियों के आठवें इमाम हजरत इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की शहादत के मौके पर कर्बला अजीम उल्लाह खां तालकटोरा रोड में 11 मई को मजलिस का आयोजन और शाही जुलूस की जियारत करायी जायेगी। इस मौके पर होने वाली मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद शाम 4 बजे खिताब करेंगे। इसके बाद कर्बला परिसर में अमारी-ए-मासूमा-ए-खुम,जुलजनाह, अलम व इमाम के ताबूत की जियारत करायी जायेगी। इस मौके पर अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमियां आबिदया, हुसैनिया कदीम, जफरूल इमान, तस्वीर उल अजा, शहीदे फुरात, शब्बीरया और अंजुमन रौनके दीने इस्लाम सहित शहर की लगभग 110 अंजुमनें अपने अलम सजाकर नौहाख्वानी व मातम करके इमाम की शहादत का गम मनायेंगी। इसके अलावा अजादार जंजीर का मातम भी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन गुलदस्ते इमामे रजा अलैहिस्सलाम ने किया है। इसी दिन इसी कर्बला में स्थित मस्जिद में दोपहर 1 बजे मजलिस को मौलाना मीसम जैदी मजलिस को ख़िताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई जाएगी।

**गरीब उल गुरबा का मातम आज**

**लखनऊ।** इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में 10 और 11मई को गरीब उल गुरबा का मातम शीर्षक से दो मजलिसों का आयोजन किया जायेगा। रविवार को मौलाना एजाज अतहर रात 8.30 बजे और सोमवार को मौलाना जाफर अब्बास सुबह 10 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी दिन शाम 4 बजे होगी जिसे जाकिरा (डा.) नसीम सुबुही खिताब करेंगी।

## सुलतान ए खुरासान का मातम आज

**लखनऊ (अबवधनामा ब्यूरो)** हर साल की तरहां इस साल भी हजरत इमाम अली रज़ा (अस) की शहादत की पूर्व संध्या पर रविवार को इदारा-ए-गुलदस्ता-ए-क़ासिम (अस) की ओर से वक़्फ़ कर्बला अज़मतुद्दौला बहादर मेहदीगंज में सुल्ताने खुरासा का मातम शीर्षक एक मजलिसे अज़ा का आयोजन रात 8.30 बजे किया जायेगा। इस मजलिस को मौलाना सैय्यद अब्बास इरशाद नक़वी खिताब करेंगे। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत की जियारत कराई जाएगी। इस मौके पर नज़रे मौला का इंतेज़ाम किया गया है। इसी तरह मस्जिद लाल कोठी मंसूर नगर में रविवार को रात 8 बजे मौलाना सदफ जौनपुरी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस का आगाज कारी गुलरेज नक़ी तिलावते कुरान ए पाक से करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई जाएगी।


# नगर पालिका परिषद, गंजडुण्डवारा (कासगंज)


डिजीटल जनगणना-2027 एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में नगर पालिका परिषद गंजडुण्डवारा अपने नगरवासियों से अपील करती है।

## आइएँ। कुछ बाते जानकर अपने शहर को नं. 1 बनायें।

यह शहर आपका है। इसको साफ-सुथरा बनाने की हम सबकी जिम्मेदारी हैं। परंतु बिना आप सभी नगरवासियों के सहयोग से यह संभव नहीं।

### जनता से अपील-

1. कूड़े को नालियों व रास्ते में न फेकें व न ही जलायें। कूड़े को कूड़ेदान में ही डालें। रास्ते व दीवारों पर न थूके।
2. खुले में शौच न करें, घर में शौचालय बनवाकर प्रयोग करें।
3. पॉलीथिन का प्रयोग कदापि न करें।
4. स्वच्छता मित्र के द्वारा कूड़ा उठाने के बाद सड़क पर कूड़ा डालकर गंदगी न करें।
5. स्वच्छता एप का प्रयोग कर नगर को स्वच्छ रखने में पालिका का सहयोग करें।
6. आपके आस-पास अत्यधिक कचरा जमा है तो इसकी सूचना पालिका को दें।
7. घर से निकले कूड़े को इधर-उधर न फेकें, डोर-टू-डोर स्वच्छता मित्र को ही दें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के अन्दर अवश्य करायें।
9. संचारी रोगों से बचाव के लिए अपने घरों में एवं आस-पास सफाई रखें। घर में कहीं भी पानी जमा न होने दें।
10. हीटवेव (गर्मी) से बचाव के लिए फालतू बाहर न घूमें। सफर में गमछा/चश्मा/छाता आदि का प्रयोग अवश्य करें।
11. पालिका के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे सिटीजन फीडबैंक में अपना अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें, जिससे नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 में प्रथम स्थान प्राप्त हो सकें।



**हाजी मुनव्वर हुसैन**
**अध्यक्ष**

### जनगणना से जनकल्याण-2027

12. भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना में सहयोग प्रदान करें।
13. 07 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना कर जनगणना 2027 में सहभागी बनें।
14. 22 मई 2026 से प्रारम्भ होने वाली मकान गणना में प्रगणकों को सहयोग प्रदान करें।
15. अपनी स्वगणना पोर्टल पर दर्ज करने के लिए QR कोड स्कैन करें।



**श्री सुनील कुमार**
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गंजडुण्डवारा



**श्री दिग्विजय सिंह**
अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी
स्था. निकाय, कासगंज



**श्री प्रणय सिंह**
जिलाधिकारी
कासगंज

### सम्माननीय सभासद

1. श्रीमती धर्मकुमारी 2. श्री मनोज कुमार 3. श्री अब्दुल रहमान 4. श्रीमती सलीमन 5. श्रीमती शहाना 6. श्री अब्दुल कादिर 7. श्रीमती रूमी बेगम 8. श्री विजय गुप्ता 9. श्री ललित वर्मा 10. श्रीमती रेखा गुप्ता 11. श्री भुवनेश शाक्य 12. श्रीमती मोहिता सिंह 13. श्री रवि शाक्य 14. श्री आले इमरान 15. श्री गौरव गुप्ता 16. श्री अनिल कुमार 17. श्री किशन कुमार सिह 18. श्रीमती लुबना शाहीन पापूलर 19. श्री मुशीर अहमद 20. श्री हसीबुल 21. श्रीमती सीमा 22. श्रीमती नासिरा बेगम 23. श्री शकील अहमद 24. श्री मुहम्मद मुदस्सिर 25. श्री जफर हुसैन

### नामित सदस्य

01. श्री हरिमोहन 02. श्री रामप्रताप चौहान 03. श्री सत्यवीर शाक्य 04. श्रीमती पुष्पा देवी बाल्मीकि 05. श्री ब्रम्हरतन गुप्ता

### कार्यालय स्टाफ

01. श्री हेमंत कुमार, अवर अभियंता 02. श्री अमरजीत यादव अवर अभियंता (जल) 03. श्री श्रीकान्त शर्मा, लेखाकार 04. श्री गंगा प्रसाद शाक्य, केशियर 05. श्री आलोक कुमार लिपिक 06. श्री तसलीम अहमद, लिपिक एवं समस्त स्टाफ।